जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

**थम गया दिनेश कार्तिक का सफर : आईपीएल से लिया सन्यास, कोहली ने गले लगाया**

देश

**प्रधानमंत्री पद के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार का चयन नतीजों के बाद किया...**



शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 24 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 163 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00




## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 420 | ₹95,500 |

## आज का इतिहास

- 2001 : पाल के 15 वर्षीय शेरपा तेंबा शेरी माउंट एवरेस्ट की चोटी को फतह करने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बने।
- 1557 : 80,000 घोड़ों की एक सेना सिकंदर शाह सूरी और खुद सरहिंद में सेना से मिले। वह मुगल सेना से हार गया था और उत्तरी पंजाब में शिवालिक पहाड़ियों से पीछे हटने के लिए मजबूर हो गया था।

## न्यूज बाइट्स

### आईपीएस राकेश दुबे का निलंबन राज्य सरकार ने लिया वापस

**पटना (नि. सं.)।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी राकेश कुमार दूबे को राहत मिल गई है। उन्हें निलंबन मुक्त कर दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया। हालांकि, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलती रहेगी। राकेश कुमार दूबे पिछले 34 माह से निलंबित थे। 27 जुलाई 2021 को उन्हें निलंबित किया गया था। उन पर भोजपुर के एसपी रहते बालू के अवैध खनन और बालू माफियाओं से साठगांठ के आरोप लगे थे, उसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। गृह विभाग ने राकेश दूबे को पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश दिया है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर के 4108 पदों के लिए इंटरव्यू आज से

**पटना (नि. सं.)।** विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के 4108 रिक्त पदों पर बहाली के लिए आज से इंटरव्यू शुरू होगा। बिहार राज्य विवि सेवा आयोग (बीएसयूएससी) ने इसकी तारीख जारी कर दी है। इंटरव्यू की शुरुआत दर्शनशास्त्र के बचे हुए अभ्यर्थियों से होगी। इसके बाद अन्य विषयों के आवेदकों के लिए तिथि जारी होगी। 24 मई से दिसंबर 2024 तक बहाली प्रक्रिया पूरी की जानी है। वर्ष 2020 में जारी बहाली के विज्ञापन में आरक्षण के रोस्टर का पालन ठीक से नहीं होने को लेकर हाईकोर्ट की ओर से लगाई गई रोक पिछले महीने हटने के बाद यह पहला इंटरव्यू होगा।

सासाराम संसदीय क्षेत्र के करगहर में मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित, कहा

# परिवार व आस-पड़ोस के साथ खुद करें मतदान

**निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)।**

सासाराम संसदीय क्षेत्र के करगहर के जगजीवन स्टेडियम के मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को संबोधित किया। एनडीए उम्मीदवार शिवेश राम के लिए वोट करने की अपील की। सीएम ने कहा कि वो भाजपा के साथ 2005 से साथ हैं। बीच में दो बार इधर-उधर चले गए थे, गलती कर दिए, लेकिन अब वो कहीं नहीं जायेंगे। आगे कहा कि सारा काम एनडीए सरकार का किया हुआ है। 2005 तक क्या स्थिति थी, शाम के बाद कोई निकलता था, याद कीजिए। हिंदू-मुस्लिम का झगड़ा होता था, हम लोग आए तो झगड़ा बंद हो गया। शिक्षा और स्वास्थ्य में जितना काम हुआ कभी नहीं हुआ था।



साल 2006 में पीएचसी में एक-दो मरीज आते थे, महीने में 40 मरीज आते थे।

अब पीएचसी में एक महीने में 11 हजार मरीज आते हैं। गरीबी के कारण लड़कियां पढ़ नहीं पाती थी। शिक्षा का इंतजाम किया गया। बच्चों के लिए पोशाक योजना चलाया। लड़कियों और फिर लड़कों के लिए साइकिल योजना चलाई। पंचायत में उच्च माध्यमिक विद्यालय खोला है। लड़कियां इंटर पास करती हैं तो 25 हजार रुपए मिलते हैं। स्नातक पास करने पर 50 हजार मिलते हैं। लड़कियों की शिक्षा से प्रजनन दर भी घटा है। सड़क निर्माण गांव-गांव तक किया है। मदरसा को हम लोग ही मान्यता दिए हैं। आठ हजार कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई गई है। कहा कि स्वयं सहायता समूह बनाए गए, जिससे लाखों महिलाएं जुड़कर आत्मनिर्भर हुई हैं। बिहार पुलिस में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे देश में सबसे अधिक महिला पुलिस बल बिहार में है। पंचायती राज में पिछड़े-अति पिछड़े और महिलाओं को आरक्षण दिया गया। जातीय जनगणना कराई गई है, चिह्नित अति गरीब परिवारों को सहायता दी जा रही है। कहा कि हम लोग काम करने वाले लोग हैं, उधर गड़बड़ करने वाले लोग, उनको वोट दीजिएगा तो फिर गड़बड़ शुरू हो जाएगा। कार्यक्रम को मंत्री विजय चौधरी, बीजेपी प्रत्याशी शिवेश राम, पूर्व विधायक वशिष्ठ सिंह एवं अन्य संबोधित किया।

# छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में नक्सली मुठभेड़ सात माओवादी ढेर, 10 से ज्यादा घायल

**निज संवाददाता | रायपुर (छत्तीसगढ़)**

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर नक्सली और जवानों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। नक्सल प्रभावित इलाका नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा में जवानों ने 7 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। वहीं घटना स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया गया है। बताया जा रहा है गुरुवार को तीन जिले के 1000 जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इस दौरान अलग-अलग इलाकों पर नक्सलियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई। इसकी घटना की पुष्टि नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने की है। जानकारी देते हुए नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि नारायणपुर-बीजापुर जिले के



सीमावर्ती क्षेत्र में प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के नक्सलियों की आसूचना पर नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बस्तर जिले के डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के साथ एसटीएफ की टीमें सर्च अभियान पर निकली थी। जानकारी देते हुए एसपी ने आगे कहा कि आज दिनांक 23 मई को लगभग दोपहर 11 बजे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू की।पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ अभी तक रुक रुक कर जारी है। वहीं जवानों ने घटना स्थल से अब तक दो नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है। साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी मिला है। 10/12 नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।

# सुशील मोदी के घर पहुंचकर अमित शाह ने दी श्रद्धांजलि

**निज संवाददाता | पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को पटना में दिवंगत बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के घर पहुंचे। उन्होंने सुशील मोदी को श्रद्धांजलि दी फिर परिवार से मुलाकात



की। पटना एयरपोर्ट से अमित शाह सीधे सुशील कुमार मोदी के राजेंद्र नगर स्थित आवास पहुंचे थे। अमित शाह शुक्रवार को आरा में एनडीए प्रत्याशी आरके सिंह के समर्थन में जनसभा करेंगे। लोकसभा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद अमित शाह का यह छठा बिहार दौरा है।

# डीएलएड संस्थानों की सूची समिति की वेबसाइट पर जारी

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से सम्बद्धता प्राप्त प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डीएलएड) स्तर की शिक्षा प्रदानकरनेवालेसरकारएवंनिजीप्रशिक्षण संस्थानोंकी सूची समिति की वेबसाइट पर जारी कर दी। इससे आगामी डीएलएड सत्र 2024-26 में के लिए नामांकन कराने वाले छात्रों को मान्यता प्राप्त डीएलएड संस्थानों में दाखिला लेने में सहूलियत मिलेगी। साथ ही छात्र किसी प्रकार के फर्जी संस्थान से बच सेकेंगे। बिहार बोर्ड की ओर से इस संबंध में समिति की वेबसाइट पर नोटिस 23 मई 2024 को जारी किया गया है। बिहार बोर्ड की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, राज्य के डीएलएड प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-26 के लिए एनसीटीई से मान्यता प्राप्त एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्धता प्रदत्त संस्थानों में स्वीकृत सीटों की संख्या से संबंधित सूची समिति की वेबसाइट पर अपलोड है।

# पूरे बिहार में आंधी-बारिश का अलर्ट

**निज संवाददाता | पटना**

गोपालगंज, नालंदा, बेगूसराय समेत बिहार के कई जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। पटना में भी मौसम बदला हुआ है। बादल छाए हैं। ठंडी हवा चल रही है। मौसम विभाग ने बिहार में गुरुवार को बारिश और तेज हवा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहां से आने वाली नमी युक्त पुरवा हवा की वजह से प्रदेश में ऐसा मौसम बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज गुरुवार को पटना में बादलों के आवाजाही जारी रहेगा, हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। वहीं उत्तर बिहार में हल्की

### इन जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट



मौसम विभाग की ओर से पूर्णिया, अररिया, कटिहार, किशनगंज, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नवादा, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, जमुई, मुंगेर, खगड़िया, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, भागलपुर और बांका में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

# ठाणे में केमिकल फैक्ट्री के बॉयलर फटने से सात लोगों की मौत, 48 अन्य झुलसे



**निज संवाददाता | पटना**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित एक केमिकल फैक्टरी में धमाके के बाद लगी आग में सात लोगों की जल कर मौत हो गई। जबकि 48 अन्य झुलसे। अधिकारी ने बताया कि विस्फोट डोंबिवली में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र के फेज-दो में स्थित 'एम्बर केमिकल कंपनी' के बॉयलर में हुआ। डोंबिवली विस्फोट की घटना पर महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने ट्वीट किया, उन्होंने कहा, डोंबिवली एमआईडीसी में अमुदान केमिकल कंपनी में बॉयलर विस्फोट की घटना दुखद है। 8 लोगों को निलंबित कर दिया गया है। घायलों के इलाज की व्यवस्था की गई है और अधिक एम्बुलेंस तैयार रखी गई हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, आग को काबू में लाने के लिए एनडीआरएफ और टीडीआरएफ काम कर रही है। आग और ना फैले इसका प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, शिक्षा विभाग में आईएएस के के पाठक एसीएस की कुर्सी संभालते हीं स्कूलों पर सख्ती शुरू हो गई थी।

बिहार में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की सवारी अब और भी आसान

# सूबे में 300 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की सुविधा जल्द

**निज संवाददाता | पटन**

बिहार में अगर आप इलेक्ट्रिक कार या स्कूटी की सवारी करते हैं तो चार्ज करने की चिंता मत कीजिए। प्रदूषण मक्त ई गाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए बिहार सरकार बड़ा काम कर रही है। सूबे में 300 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन की सुविधा जल्द लोगों को मिलने वाली है। परिवहन विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सड़कों, एनएच, पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, स्कूल-कॉलेज, कार्यालय आदि जगहों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जाएंगे। इस समय



विभिन्न पेट्रोल पंप और अन्य जगहों पर 300 से अधिक ईवी चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध है। राज्य में अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सरकारी गैर सरकारी स्टेक होल्डर्स डिपार्टमेंट के प्रतिनिधि, ऑयल कंपनी, ईवी डीलर्स और दूसरे राज्यों से आये चार्जिंग इंफ्रा ऑर्गनाइजेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विभिन्न स्टेक होल्डर्स एवं अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों ने स्टेशन स्थापित करने का आश्वासन दिया। मौके पर पटना नगर आयुक्त अनिमेष पराशर, राज्य परिवहन आयुक्त विशाल राज, अपर सचिव प्रवीण कुमार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अभय झा, संयुक्त सचिव हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इलेक्ट्रिक कार की सवारी करते हैं। इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए पिछले दिनों इलेक्ट्रिक कारों की खरीद सरकार के स्तर पर की गयी। नीतीश कुमार ने अपील किया कि ज्यादा से लोग इलेक्ट्रिक कार का उपयोग करें ताकि पेट्रोल डीजल पर निर्भरता कम हो और प्रदूषण स्तर में सुधार हो। बिहार के कई शहरों में सर्दी के दिनों में हवा की गुणवत्ता काफी खराब हो जाती है जो गंभीर चिंता का विषय है। प्रदूषण में सबसे ज्यादा भागीदारी डीजल से चलने वाली गाड़ियों की होती है।



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस पर हमले के आरोप में दो महिला समेत 6 गिरफ्तार

**गुरारू**। थाना क्षेत्र के मथुरापुर डीह में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर स्थानीय पुलिस बुधवार के सुबह पुलिस की गश्ती टीम पर हमला करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष चाहत कुमार ने बताया कि मथुरापुर डीह से कांड संख्या 88/24 के अभियुक्त शक्ति कुमार, वासुदेव दास, कमलेश दास, मंदीप कुमार, गीता देवी एवं कौशमी देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन दिन पहले एएसआई ओमप्रकाश सिंह मथुरापुर डीह में जमीन से संबंधित एक मामले को लेकर दोनों पक्ष को अपना कागजात के साथ शनिवार को लगने वाली जनता दरबार में आने को कहा तो इसी बात पर उग्र होकर एक महिला ने पुलिस पदाधिकारी के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी जब उन्होंने मना किया तो पुलिस की गश्ती टीम पर वहां के लोगों ने के हमला कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का काम किया इसके बाद एएसआई ओमप्रकाश सिंह के व्यान पर छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज गई थी।

### हीट वेव को ले कार्यशाला जागरुकता पर दिया बल

**टनकुप्पा**। प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने हीट वेव से बचाव को लेकर जनप्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में बीडीओ अलीशा कुमारी शामिल रही।आपदा प्रबंधन के पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से लू से बचाव को लेकर जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी। लू लगने के लक्षण, प्राथमिक उपचार से लेकर अस्पताल तक पहुंचाने की जानकारी जनप्रतिनिधियों को मिली, साथ ही सभी जनप्रतिनिधियों को लू से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। मौके पर अलीशा कुमारी, बलराम कुमार, धनंजय कुमार, सहित सभी पंचायत के मुखिया, सरपंच आदि जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### जनता दरबार में डीएम ने सुनी 12 लोगों की समस्या

**बिहारशरीफ**। डीएम शशांक शुभंकर ने बुधवार को दैनिक जनता दरबार में 12 लोगों की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। एक आवेदक द्वारा पुराने ट्रांसफर को हटाकर नए ट्रांसफर लगाने से संबंधित शिकायत के निदान के लिए डीएम ने प्रभारी पदाधिकारी आपदा शाखा को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं डीएम ने एक अन्य आवेदक द्वारा अवैध रूप से जमीन बिक्री पर रोक लगाने से संबंधित दर्ज शिकायत के निदान के लिए सीओ सिलाव को आवश्यक निर्देश दिया। एक आवेदक ने डीएम को बताया कि भतीजा एवं उनके सहयोगियों द्वारा जबरदस्ती काम पर रोक लगाई जा रही है। डीएम ने सीओ और थाना प्रभारी हिलसा को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### मादक पदार्थ की खरीद और बिक्री में फरार शख्स धराया

**गया**। डेल्हा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री करने वाला एक धंधेबाज सागर कुमार को पकड़ा है। सागर थाना क्षेत्र के बड़की डेल्हा का रहने वाला है। पांच दिन पहले छापेमारी में सागर पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। थानाध्यक्ष ने बताया कि 18 मई को धनिया बगीचा के रेलवे क्वार्टर में मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री किये जाने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। उस समय धनिया बगीचा का रहने वाला राकेश कुमार को 1.76 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। लेकिन उसके साथ रहा एक युवक भागने में सफल हो गया था, जिसे मंगलवार की शाम धर दबोचा गया।

### जनता दरबार में डीएम ने सुनी 12 लोगों की समस्या

**बिहारशरीफ**। डीएम शशांक शुभंकर ने बुधवार को दैनिक जनता दरबार में 12 लोगों की समस्याओं को सुना और उसके समाधान के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। एक आवेदक द्वारा पुराने ट्रांसफर को हटाकर नए ट्रांसफर लगाने से संबंधित शिकायत के निदान के लिए डीएम ने प्रभारी पदाधिकारी आपदा शाखा को आवश्यक निर्देश दिया। वहीं डीएम ने एक अन्य आवेदक द्वारा अवैध रूप से जमीन बिक्री पर रोक लगाने से संबंधित दर्ज शिकायत के निदान के लिए सीओ सिलाव को आवश्यक निर्देश दिया। एक आवेदक ने डीएम को बताया कि भतीजा एवं उनके सहयोगियों द्वारा जबरदस्ती काम पर रोक लगाई जा रही है। डीएम ने सीओ और थाना प्रभारी हिलसा को मामले की जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्रों को करें जागरूक

**गया**। गया कॉलेज गया के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर शिक्षा विभाग के बीएड प्रशिक्षुओं ने बुधवार को मध्य विद्यालय रामपुर में पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों के बीच जानकारी साझा की। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज, अभिषेक कुमार और इंटर्नशिप समन्वयक डॉ. आर एन प्रियादर्शनी ने प्रशिक्षुओं की ओर से पौधा भेंट किया। उसके बाद प्रशिक्षुओं और विद्यार्थियों ने मिलकर परिसर की साफ-सफाई की और कई पौधे भी लगाए। प्रशिक्षुओं से जानकारी साझा करते हुए डॉ. धीरज ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग व पर्यावरणीय असंतुलन जैसी वैश्विक समस्याओं से समाधान का एकमात्र विकल्प पर्यावरण संरक्षण ही है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और प्लास्टिक के बढ़ते हुए प्रयोग के कारण आज पर्यावरणीय संकट न सिर्फ भारत बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक चुनौती बन गया है। ऐसे में इन छात्रों को जागरूक करना आवश्यक है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण ही पर्यावरण को संतुलित रख सकता है। वृक्षों के रोपण के साथ-साथ उनका देखभाल करना भी जरूरी है। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने किया।

### मेला के अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

**गम्हरिया**। गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के कौड़िहार तरावे पंचायत में सीता जन्म को लेकर मेला का आयोजन किया गया। मेला के अंतिम दिन दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नतें मांगी। मंदिर प्रांगण में लगे मेले की दुकानों से लोगों ने जमकर खरीददारी की। मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालु ने पुजा अर्चना कर घर परिवार में सब स्वस्थ रहें। घर में सुख शांति व समृद्धि आए इसकी कामना की। सीता जन्म को लेकर मंदिर परिसर में विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति स्थापित किया गया था। कार्यकर्ताओं ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के कारण इस बार दंगल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रशासन के द्वारा अनुमति नहीं दिया गया।

### जदयू कार्यकर्ता के घर में चोरी, सीसीटीवी आया सामने, कनेक्शन काटकर इनवर्टर की बैटरी ले गया चोर



**नालंदा**। नालंदा में जदयू कार्यकर्ता के घर चोरी हुई है। जिसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। वीडियो बुधवार दोपहर का है। जिसमें देखा जा सकता है कि घर में चोर प्रवेश करता है और इनवर्टर और बैटरी का कनेक्शन काट कर बैटरी चोरी कर लेता है। बाहर मदद के लिए गली में दूसरा चोर खड़ा रहता है। कार्यकर्ता की मां ने बिहार थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मामला बिहार थाना क्षेत्र के डॉक्टर कॉलोनी मोहल्ले का है। डॉ. कॉलोनी निवासी स्वर्गीय चंद्रशेखर कुमार की पत्नी मीना देवी ने बताया कि सीसीटीवी में देखा तो चोर सीढ़ी से नीचे उतरते दिखे। वहीं, इस मामले में बिहार थाना अध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान में जुट गई है। जल्द ही बदमाशों को पकड़ लिया जाएगा।

# INDI के लोग तुष्टिकरण की नीति पर काम कर रहे

## गया में बोले मध्यप्रदेश के CM मोहन यादव, कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिए

निज संवाददाता। गया



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार की शाम बिहार के गया पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से अतीत में हुई गलतियों का अपना स्टैंड क्लियर करें। INDI गठबंधन के लोग तुष्टिकरण की नीति पर काम करते रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण कोलकाता हाई कोर्ट द्वारा ओबीसी के मसले पर दिए गए डिसीजन है। इससे स्पष्ट हो गया है कि इंडी गठबंधन के लोग हो या ममता बनर्जी के लोग सभी ओबीसी, एससी, एसटी का भला करने वाले नहीं हैं। सभी के सभी वोट बैंक की राजनीति करने वाले हैं। वह भी तुष्टिकरण के आधार पर। सीएम मोहन यादव ने बोधगया के रॉयल रेजीडेंसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये सारी बातें की है। उनसे जब यह पूछा गया कि जिस कांग्रेस की आलोचना कर रहे उस पार्टी के बड़े लोग आपकी पार्टी की खासकर एमपी में सदस्यता ले रहे हैं। ऐसे में वे आपके और आपकी पार्टी के लिए कितने रिलायबल हैं। इस सवाल का जवाब न देकर फिर से कांग्रेस और आरक्षण की बात करने लगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि धर्म आधारित आरक्षण नहीं गलत है। आरक्षण जाति आधारित होनी चाहिए। लेकिन जवाहरलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी सभी के सभी ने आरक्षण के नाम तुष्टिकरण का कार्ड खेला है। कभी उन्होंने ओबीसी, एससी एसटी को लाभ देने की नीयत से देश हित में काम नहीं किया। आरक्षण के मसले पर कोलकाता हाईकोर्ट के आए डिसीजन ने स्पष्ट हो गया है कि कैसे धर्म आधारित आरक्षण का कार्ड खेला जा रहा था। राहुल गांधी और कांग्रेस को अब अपना स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के लोग जिन्ना के विभाजनकारी नीति के समर्थन करने वाले हैं। ऐसे लोग धर्म के आधार पर देश को नुकसान पहुंचाते हैं। यह बात अब पूरी तरह से जनता के बीच आ चुकी है। एमपी में आप कितने सीट जीतने जा रहे हैं कि सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बात 29 सीट हम जितने जा रहे हैं।

# गया पुलिस ने 3 अपराधियों को किया गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया



♦ हत्या के प्रयास मामले अरेस्ट, 3 में से दो सगे भाई, राइफल बरामद

गया के टिकारी अनुमंडल पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए 3 अपराधियों में से 2 सगे भाई हैं। पुलिस ने पकड़े गए एक आरोपी के घर से राइफल भी बरामद किया है। राइफल भूसे के ढेर के अंदर छुपा कर रखी गई थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। इस बात की जानकारी टिकारी पुलिस अनुमंडल के एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल ने दी है। टिकारी एसडीपीओ सुशील कुमार चंचल ने बताया कि बीती 20 मई को पंचानपुर थाना क्षेत्र के सवासिन गांव में हथियार के बल पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। मारपीट की घटना में एक किसान को अपराधियों ने बुरी तरह से घायल कर दिया था। यही नहीं घटना को अंजाम दिए जाने के बाद अपराधियों ने गांव में हथियारों का प्रदर्शन भी किया था। पुलिस पीड़ित किसान की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई थी। मार पिटाई की घटना में संतोष यादव और मंतोष यादव की संलिप्तता उजागर होने के बाद बुधवार को पंचानपुर पुलिस ने संतोष यादव और मंतोष यादव को गिरफ्तार कर लिया है। संतोष यादव ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया कि किसान के साथ मारपीट की घटना को उसी ने अंजाम दिया था। साथ ही में पुलिस ने जब यह पूछा कि घटना के दौरान हथियारों का प्रदर्शन भी किया गया था, तो दोनों भाइयों ने हथियार प्रदर्शन की बात भी स्वीकार की। इसके बाद दोनों भाइयों की निशानी पर सवासिन गांव के रहने वाले पंडित यादव के घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देख पंडित यादव घर से निकल कर भागने लगा था। लेकिन पुलिस के जवानों ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया।

# बिहार राज्य स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर पहुंची नालंदा

## बोलीं-यहां के लोगों से मिलकर काफी प्रसन्नता हुई

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में सातवें चरण यानी की 1 जून को मतदान होना है। लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता को जागरूक करने को लेकर बिहार राज्य स्वीप आईकॉन द्वारा राजगीर के RICC भवन में गुरुवार को मतदाता जागरूकता पर आधारित मैथिली ठाकुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मैथिली ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने अपने लोकगीतों के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन को लेकर आए हुए मतदाता को जागरूक किया। उन्हें अपने मत प्रयोग के लिए शपथ भी दिलाया।

**मैथिली ठाकुर नालंदा पहुंचीः** मैथिली ठाकुर ने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बिहार के अलग-अलग जिलों में जाने का अवसर मिल रहा है। इसी क्रम में आज उन्हें नालंदा आने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां के लोगों से मिलकर काफी प्रसन्नता हुई। सभी में उत्साह और उमंग मतदान को लेकर है। यंग वोटर काफी संख्या में यहां पहुंचे हैं। काफी अच्छा लगा सभी के साथ मिलकर मैंने कुछ गीत गाया और उन्हें जागरूक किया। उन्होंने बताया कि उन्हें भी काफी अच्छा लगा। पहली बार उन्होंने देखा की बूथ पर क्या माहौल रहता है। कैसे लोग लाइन में खड़े होते हैं और अपने-अपने बारी का शांतिपूर्वक इंतजार करते हैं। कितने उत्साह के साथ वोट करते हैं। मैंने भी अपने मधुबनी जिले में जाकर मतदान किया है। युवाओं के लिए हमारा यह संदेश है कि जाइए और जागरूक बनिए। खुद भी और अपने परिवार के जो मतदाता हैं सभी को ले जाकर मतदान कराएं।

**पोस्ट बैलेट से मतदान कराएंः** घर के जो बुजुर्ग हैं उनका सबसे अच्छे से ख्याल रखते हुए उनका मतदान कराएं। चुनाव आयोग द्वारा बुजुर्गों के मतदान को लेकर पोस्ट बैलेट से मतदान कराया जाता है। मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर की सुविधा रहती है। पेयजल, शौचालय आदि की सुविधा रहती है। जिला प्रशासन निर्वाचन आयोग इन सुविधाओं के साथ मुहिम में लगे हुए हैं, ताकि शत प्रतिशत मतदान हो। वहीं, मैथिली ठाकुर ने इस अवसर पर अपने सुरीली आवाज से मतदान करने के लिए लोकगीतों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। सम्मान करें, चलो मतदान करें अपने अधिकारों का सम्मान करें, चलो मतदान करें, लोकगीत के माध्यम से लोगों में मतदान के प्रति चेतना जगाई।

# बुद्ध के विचारों बगैर शांति संभव नहीं

## जयंती समारोह में राज्यपाल ने कहा- भारत से बाहर जो गए वे शस्त्र नहीं शास्त्र ले गए, यह हमारी संस्कृति है

निज संवाददाता। गया



बुद्ध जयंती के तीन दिवसीय समारोह का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कैंडल जलाकर शुभारंभ किया। इसी मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के विचारों ने कभी विश्व को युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध दिया है। बुद्ध का संदेश करुणा-अहिंसा और शांति है। यही वजह है कि भारत से निकले हुए विचार को पूरा विश्व आत्मसात करता है। भारत जो बाहर गए वे शस्त्र लेकर नहीं बल्कि शास्त्र ले गए। यह हमारी संस्कृति का मूल आधार है। बुद्ध के विचारों के बगैर कहीं शांति सम्भव नहीं है। आज विश्व के कई देशों में उथल-पुथल और युद्ध का माहौल है। उन देशों में कुछ और नहीं बल्कि बुद्ध के संदेशों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। इस मौके पर उन्होंने महाराष्ट्र से आए बौद्ध श्रद्धालुओं की प्रसंशा की।

**शोभायात्रा निकाली गईः** समारोह के शुभारंभ से पहले भगवान बुद्ध की 80 फीट ऊंची प्रतिमा स्थल से शोभायात्रा निकाली गई। राज्यपाल, भिक्षु और भिक्षुणी सभी आराधना पूजा में जुटे। इस बार भिक्षुओं से ज्यादा विभिन्न प्रांतों के श्रद्धालुओं की संख्या अधिक है। बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षु महाबोधि मंदिर परिसर के पवित्र बोधि वृक्ष की छांव में भगवान बुद्ध को नमन करने में लगे रहे। मुख्य पुजारी मंत्र उच्चारण करने में जुटे रहे। इस मौके पर थाईलैंड के काउंसिल जनरल भी मौजूद हैं। साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस मौके पर मौजूद हैं। मंदिर परिसर के अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। राज्यपाल बुधवार देर शाम से बोधगया में हैं।

**शाम ढलते ही महाबोधि मंदिर परिसर का नजारा खासा अद्भुत हो जाताः** कालचक्र मैदान में बौद्ध भिक्षुओं और भिक्षुणियों के बीच चीवर दान किए जाएंगे। साथ ही संघ दान (भिक्षुओं को भोजन) भी कराए जाएंगे। तीन दिवसीय समारोह में देश-विदेश के 10 हजार बौद्ध श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। अभी इनके आने का दौर जारी है। इनके ठहरने, खाने-पीने और रहने की विशेष व्यवस्था कालचक्र मैदान में की गई है। मन्दिर, मन्दिर परिसर और बोधगया को पंचशील पताकों और लाइटों से सजाया गया है। शाम ढलते ही महाबोधि मंदिर परिसर का नजारा खासा अद्भुत हो जाता है। रंगबिरंगी झिलमिल रोशनियों से महाबोधि मंदिर जगमग हो जाता है। महाबोधि मंदिर के बाहरी दीवार पर पड़ने वाली रोशनी एक तय अंतराल पर रंग बदलती है।

**बौद्ध श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्थाः** बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। दूसरी खास बात यह कि बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और तीसरी महत्वपूर्ण बात बुद्ध पूर्णिमा को ही भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण हुआ था। इस वर्ष 2648वां जन्म दिवस का है। ज्ञान का 2631वां वर्ष है और महापरिनिर्वाण का 2568वां साल है। कालचक्र मैदान में बौद्ध श्रद्धालुओं के आवासन की व्यवस्था की जा रही है। जर्मन टेंट लगाए गए हैं। ठंडा पानी के लिए वाटर कूलर, कूलर, पंखे और वाटर सप्लाई, बिजली, शौचालय की ठोस व्यवस्था है।

**राज्यपाल के आगमन और ठहराव को लेकर सभी प्रोटोकॉल का अनुपालनः** डीएम और बीटीएमसी के अध्यक्ष डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के आगमन पर एसएसपी आशीष भारती ने आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रदेश के राज्यपाल के आगमन और ठहराव को लेकर सभी प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन किया जा रहा है।

# अवैध बालू निकालने में मिट्टी धंसा, एक की मौत

## नालंदा में JCB की मदद से 5 फीट नीचे से निकला शव, परिजन बोले-शौच के दौरान हादसा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में अवैध बालू निकासी के दौरान मिट्टी धंस गया, जिसमें दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के कोसुक गांव स्थित पंचाने नदी के पास की है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घंटों मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से 5 फीट नीचे से शव निकाला गया। मृतक की पहचान दीपनगर थाना क्षेत्र के दीपनगर बाजार निवासी स्व. शिवनंदन रविदास के बेटे सुरेंद्र रविदास (45) के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से पंचाने नदी से अवैध बालू की निकासी की जा रही है। इससे कई जगहों पर सुरंग बना गया है। नदी किनारे अब भी 20 फीट का सुरंग मौजूद है। बालू चोरी करने के दौरान ही सुरेंद्र रविदास मिट्टी में धंस गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**परिजन ने कहा- शौच के दौरान हुआ हादसाः** घटना के संबंध में मृतक के परिजन कहते हैं कि सुरेंद्र ठेला पर बैठकर बिहारशरीफ से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शौच के लिए पंचाने नदी किनारे गए थे, जहां मिट्टी का चट्टान उनके ऊपर गिर गया और वह दब गए। ठेले पर बैठे अन्य लोगों ने उन्हें निकालने की कोशिश की, लेकिन काफी अंदर होने की वजह से नहीं निकाला जा सका। इसके बाद जेसीबी की मदद से करीब 5 फीट मिट्टी हटाई गई। इसके बाद शव को बाहर निकाला जा सका। आनन-फानन में बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

**कार्रवाई में जुटी पुलिसः** दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है। शौच के समय मिट्टी धंसने की बात कही है। शव को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल में 50% से कम आए बच्चे, प्रिंसिपल का कटेगा वेतन, हर शाम DEO ऑफिस में हेडमास्टर की लगेगी हाजिरी

निज संवाददाता। नालंदा




♦ सभी छात्रों का बनेगा आधार कार्ड

स्कूलों के निरीक्षण में छात्रों की 50 फीसदी से कम उपस्थिति होने पर संबंधित स्कूल के प्रिंसिपल के उस दिन का वेतन काट लिया जाएगा। साथ ही 50 फीसदी उपस्थिति सुनिश्चित होने तक हर दिन शाम 5 बजे DEO कार्यालय में हेड मास्टर की हाजिरी लगेगी। स्कूल में 75 फीसदी से अधिक छात्रों की उपस्थिति आवश्यक किया गया है। नालंदा डीईओ राजकुमार द्वारा माध्यमिक और उच्च माध्यमिक और अन्य विद्यालयों के प्रिंसिपल को इस आशय का आदेश दिया गया है। विभाग द्वारा पत्र जारी कर निर्देश का अनुपालन सत प्रतिशत करने के लिए कहा गया है। रूटीन के अनुसार वर्ग कक्षा संचालन, मिशन दक्ष के बच्चों की पढ़ाई और विशेष कक्षा संचालन में सभी शिक्षकों का उपयोग, जिस विषय में नामांकन नहीं है और कम बच्चे हैं। उसके शिक्षकों को दूसरे विषय की कक्षा लेने और विशेष कक्षा लेने का निर्देश दिया गया है। अतिरिक्त शिक्षकों को पोषक क्षेत्र के प्राथमिक और मध्य स्कूल में मिशन दक्ष कक्षा के संचालन में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया है। DEO द्वारा सभी स्कूलों के हेड मास्टरों को जारी निर्देशों को सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**भेजना होगा शिक्षकों का सामूहिक फोटोः** प्रत्येक कार्य दिवस को सभी हेड मास्टरों को सुबह 6 बजे तक शिक्षक उपस्थिति पंजी और उपस्थित शिक्षकों का सामूहिक फोटो खींचकर BRC के संबंधित पदाधिकारी और कर्मी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। सभी शिक्षकों को हर दिन अनिवार्य रूप से पाठ टीका और पाठ योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

**ICT लैब में हुई चोरी तो हेडमास्टर से वसूली जाएगी सामग्री राशिः** उच्च विद्यालय और उच्च माध्यमिक विद्यालय में आईसीटी लैब की स्थापना होगी। उसके फर्नीचर का निर्माण छात्र कोष और विकास कोष की राशि से किया जाएगा। जहां छात्र कोष और विकास कोष में राशि नहीं होगी, वहां के हेड मास्टर इसकी मांग समग्र शिक्षा अभियान के डीपीओ से करेंगे। अगर आईसीटी लैब से सामान की चोरी होती है, तो रात्रि प्रहरी पर प्राथमिक की दर्ज होगी और हेड मास्टर से राशि वसूली की जाएगी। क्लास रूम और स्कूल परिसर की प्रतिदिन सफाई जरूरी है। स्कूल के सभी क्लास-रूम और विद्यालय परिसर की सफाई प्रतिदिन आवश्यक किया जाए। जिन विद्यालयों में हाउस कीपिंग वाले नहीं आते हैं। वैसे स्कूल के प्रधानाध्यापक ऑप्शनल व्यवस्था के तहत साफ सफाई कराएंगे।

**सभी छात्रों का बनेगा आधार कार्डः** स्कूल के शत प्रतिशत छात्रों का आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है। प्रखंड के चिह्नित केंद्र के माध्यम से छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड बनवाने का निर्देश दिया गया है। स्कूल में गृह कार्य का मूल्यांकन, साप्ताहिक और मासिक परीक्षा की कॉपी का मूल्यांकन करने को कहा गया है। शौचालय में रनिंग वाटर सुविधा और टाइल्स लगाने का आदेश दिया गया है।

# प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या, शव 2KM दूर फेंका

निज संवाददाता। गया



गया में 19 मई को पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में बंद कर गांव से 2 किलोमीटर दूर एक कुएं में फेंक दिया। शव को ठिकाने लगाने के बाद महिला दूसरे दिन 20 मई को डोभी थाना पहुंची और अपने पति के खिलाफ मिसिंग रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने जब जांच शुरू किया तो स्थानीय लोगों की मदद से घटना तक पहुंच पाई। इसके बाद पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को 22 मई को अरेस्ट कर लिया है। मामला डोभी थाना क्षेत्र के कंजियार गांव का है।

**पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराईः** शेरघाटी SDPO संजीत कुमार प्रभात ने बताया कि 20 मई को कंजियार की रहने वाली रुबी देवी ने अपने पति ब्रजेश यादव के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। केस दर्ज किए जाने के साथ ही पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान कंजियार गांव के लोगों ने बताया कि बगीचा में भारी मात्रा में खून के धब्बे पड़े हैं। इस पर पुलिस ने बगीचा का मौका मुआयना किया। साथ ही ब्रजेश यादव के कॉल डिटेल को निकाला गया। कॉल डिटेल में 19 मई की रात लास्ट फोन गांव के ही पिंटू विश्वकर्मा का आया था। इस पर पिंटू विश्वकर्मा को पुलिस ने हिरासत में लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने सारे राज खोल दिए। पिंटू ने बताया कि बीते 9 साल से रुबी देवी के साथ उसका अवैध संबंध था। रुबी देवी के कहने पर ब्रजेश यादव की हत्या कर दी। शव को दोनों ने मिलकर गांव से 2 किलोमीटर दूर बाराचट्टी थाना क्षेत्र के पट्टी गांव के कुएं में फेंक दिया है। पुलिस ने पिंटू विश्वकर्मा की निशानदेही पर कुएं से शव को बरामद कर लिया। साथ ही रुबी देवी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रुबी देवी ने भी अपना अपराध कबूल किया है।

# होटल में शॉट सर्किट से आग लगने क़े बाद होटल के अंदर रखा सिलेंडर हुआ ब्लास्ट

निज संवाददाता

**नवादा**। नगर क़े पॉश इलाके की एक होटल में अहले सुबह अचानक भीषण आग लग गयी, जिससे होटल पूरी तरह जलकर राख हो गया। अग्निकांड में लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। सूचना के बाद पहुंची फायर बिग्रेड की चार गाड़ियों ने काफी मशक्कत क़े बाद आग पर काबू पाया घटना अहले सुबह लगभग 05 बजे हुई है। आग लगने की वजह होटल क़े पास से गुजर रहे बिजली तार की शॉट सर्किट होनि का बताया जा रहा है। अग्निकांड में किसी व्यक्ति के हताहत की सूचना नहीं है। 15 लाख की संपत्ति जलने का अनुमान है। घटना जिला मुख्यालय कलाली रोड के होटल खाना खजाना की है, जहां अचानक तेज आग लग गयी। आग क़ी लपटें होटल से बाहर निकल रहे थी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना होटल संचालक और पुलिस क़ो दी। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने घंटों मशक्कत क़े बाद आग पर काबू पाया तब तक होटल का सारा समान



जलकर खाक हो चुका था। आग होटल क़े तीन मंजिल तक पहुंच गया था। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दूर -दूर तक किसी क़ो सटने की हिम्मत तक नहीं दे रही थी। बिजली तार से शॉट लगाने पर लगी आग :- होटल संचालक रजत शर्मा ने बताया कि अहले सुबह 05 बजे स्थानीय लोगों ने फोन से सूचना दिया कि आपके होटल में आग लगी है। होटल पहुंचा तो देखा आग का पकड़ पूरे होटल में है। बताया गया है कि खाना खजाना नामक होटल क़े छत से बिजली तार का मकड़जाल लगा था, उसी से शॉट लगा और आग भयावह रूप ले लिया। आगलगी क़े बाद होटल में रखी गैस सिलेंडर भी आग लगने क़े कारण ब्लास्ट कर गया। धमाके क़े बाद सिलेंडर का गैस पूरे बिल्डिंग में फैला और पूरे बिल्डिंग में आग लग गया। दमकल कर्मी धधकते आग पर काबू पाया लेकिन होटल का सारा समान जलकर राख हो गया। 15 लाख की संपत्ति हुआ स्वाहा :- होटल संचालक ने बताया कि अग्निकांड में होटल क़े लगभग 15 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गया। रात्रि में होटल बंद कर घर गया था। सुबह लगभग 05 बजे आग लगने की सूचना मिली। आग लगने से होटल का सारा समान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों का मानना है कि घटना दिन में होता तो बड़ा हादसा हो जाता, क्योंकि यह पॉश इलाका था। घटना स्थल पर पुलिस पहुंच मामले की छानबीन में जुटी है।

## भगवान बुद्ध की श्रद्धा पूर्वक मनाई गई जयंती

निजसंवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)**। पेंशनर भवन,नारदीगंज में गुरुवार को भगवान बुद्ध की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा भगवान बुद्ध का सम्यक ज्ञान और महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ। इनका संदेश विश्व के कई देशों में जैसे लंका, नेपाल, तिब्बत, चीन कम्बोडिया समेत अन्य देशों में फैला हुआ है। इनके संदेश में प्रेम, करुणा, त्याग, सद्भावना, विन्रमता, समाजिक समानता और अनुभव जनित बौद्धिक अहिंसा भगवान बुद्ध के जीवन में उतारने लायक है। भारत सरकार ने बौद्ध दर्शन के विकास के लिए पाली परम्परा और शोध कार्य को बढ़ाने हेतु बौद्ध दर्शन और मठों को वितीय सहायता दे रही है। उन्होंने कहा नालन्दा जिले के नवबिहार नालन्दा में संस्था कार्यरत है, जहां पर विदेशों के लोग आकर सभी भाषाओं में शिक्षा ग्रहण करते हैं। भगवान बुद्ध के आदर्शों को जीवन में अपनाने की जरूरत है। इस दौरान रामशरण सिंह, परमेश्वर राम, कामता प्रसाद सिंह, नरेश कुमार, सियाशरण दास समेत अन्य लोगों ने विचार व्यक्त किया। इधर, भगवान बुद्ध की जयंती नारदीगंज पंचायत के नारदीगंज बाजार स्थित सामुदायिक भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता नारदीगंज पंचायत के सरपंच प्रवेश रविदास ने की। उपस्थित लोगों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प-माला अर्पित कर बताये गये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मौके पर पूर्व सरपंच डा. किशोरी शर्मा, पूर्व उपसरपंच पप्पू राजबंशी, शकल राजबंशी, अनिता देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर धम्म पदयात्रा का आयोजन



निज संवाददाता

**गया**। विश्वगुरु महामानव तथागत गौतम बुद्ध का समता, स्वंत्रता, न्याय, बंधूता, करुणा, मैत्री आदि मानववादी विचारधारा का प्रचार - प्रसार हेतु उनके जन्म, ज्ञान, एवम महा परिनिर्वाण अर्थात त्रिविध वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर ज्ञान की धरती गया में बुद्ध मंच, गया के तत्वाधान में बुद्ध धम्म पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बुद्ध मंच से जुड़े कार्यकर्तागण के साथ - साथ समतावादी विचारधारा के समर्थक मौर्य शक्ति, मूलनिवासी संघ, मूलनिवासी सभ्यता संघ, अर्जक संघ, सम्राट अशोक क्लब आदि संगठन से जुड़े सैंकड़ो कार्यकर्तागण शामिल हुए। भिक्खु शिशमणी जी के निर्देशन में सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना, त्रिशरण एवम पंचशील के साथ बुद्ध प्रतिमा से सुसज्जित रथ को बुद्ध मंच के अध्यक्ष दिनेश कुमार सिन्हा, वरीय सर्जन डॉक्टर जे पी सिंह, अवकाश प्राप्त जिला शिक्षा पदाधिकारी अनील कुमार वर्मा, जी बी एम महाविद्यालय के प्रो प्यारे मांझी, प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक डॉक्टर दिनेश सिंह आदि के द्वारा पंचशील का झंडा एवम राष्ट्रीय झंडा दिखाकर गांधी मैदान से पदयात्रा की शुरुआत की गई। बैनर, पंचशील झंडा, पट्टी, बुद्ध वचन आदि के साथ बुद्धम शरणम गच्छामि, धम्मन शरणम गच्छामि, संघम शरण गच्छामि आदि बुद्ध वचन का उद्घोष करते हुए पदयात्रा बाटा मोड़, टिकारी रोड, गोलपथर, किरानीघाट, टावर चौक, जीबी रोड, कोयरीवारी होते हुए पदयात्रा अंबेडकर पार्क पहुंची। भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर पदयात्रा का समापन किया गया।

## 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। गुरुवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के चटकरी में 4 दिवसीय 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर धूमधाम व गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।जिसमें सैकड़ो महिलाएं व युवतियों ने भाग लिया। इस दौरान यज्ञ समिति के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह ने बताया कि कलश यात्रा के दौरान हरिद्वार के शांतिकुंज से आये प्रणव पांडिया औऱ आचार्य श्री राम पंडित के देखरेख में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद यजमानों के साथ क्षेत्र भ्रमण करते हुए बहेरवाटांड स्थित कुआं से पवित्र जलभर कर झलकडीहा, सिरिसियाटांड़, सिमरातरी, बाराटांड़ होते हुए यज्ञशाला पहुंची। क्षेत्र भ्रमण के दौरान भक्ति नारों से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। यज्ञ समिति के सचिव बिनोद राजवंशी ने बताया कि 23 मई को शोभा यात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा और



24 मई की संध्या को ध्यान साधना और संगीतमय प्रवचन, 25 मई को दीप महायज्ञ और प्रवचन और 26 मई को यज्ञ की समाप्ति पूर्णाहुति के साथ कि जायेगी। सवैयाटांड़ पंचायत के मुखिया नारायण सिंह ने कहा कि आज समाज के लोग भौतिकता के क्षेत्र में अधिक सम्पन्न और प्रगतिशील बन गया है। परंतु आध्यात्मिकता के क्षेत्र से निरंतर पीछे चले जा रहे हैं। जिससे समाज मे कई तरह के कुरीतिया फैल गई है। जिससे धीरे धीरे समाज संस्कार विहीन होते जा रहा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष मनोज तुरीया, सचिव विनोद राजवंशी, कोषाध्यक्ष गणेश सिंह, रजौली नगर पंचायत मुक्त पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव कुमार शांडिल्य गगन के साथ यज्ञ समिति के सदस्य महेंद्र सिंह,भोला तुरिया, पाचु तुरिया, उमेश सिंह, अश्विनी साव, मोहन सिंह, केदार सिंह, सुरेश सिंह, सिकंदर तुरिया, गुडु तुरिया, सनोज तुरिया, मनोज सिंह, संतोष सिंह, पिंटू साव,जयकार साव, बिक्की साव, दीपक राजवंशी, रितेश कुमार के साथ समस्त गायत्री परिवार के लोग यज्ञ में उपस्थित थे।

## रोहणी नक्षत्र से पहले सूखी नदी में बारिश से भरा पानी

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)**। प्रखण्ड क्षेत्र में बीती रात्रि बुधवार से लेकर गुरुवार की सुबह तक हुई बारिश के कारण लोगों को गर्मी में राहत मिली है। साथ ही पानी की तलाश में भटकने वाले वन्य जीवों को भी पानी पीने में आसानी होगी। वहीं बारिश से किसानों को भी मूंग के फसलों के पटवन में काफी सहायता मिलेगी। बभनटोली निवासी किसान रंजीत सिंह ने कहा कि बारिश से गर्मी का प्रकोप कम हुआ है और वातावरण में शीतलता आई है। बारिश होने से ही किसानों के लिए खेती हेतु पानी मिला और फसलों का विकास बेहतर रूप से होगा। साथ ही कहा कि वर्षा पीने के पानी का एक स्रोत भी है। प्रखण्ड क्षेत्र में कई जगहों पर भूमिगत जल का स्तर काफी गिर गया था।जिसके कारण चापाकल एवं बोरिंग पानी देना बंद कर दिया था। वैसे जगहों पर पुनः पानी आने की उम्मीदें बढ़ गई है। साथ ही कहा कि बहुत सी जगह ऐसी हैं, जहां वर्षा का पानी संचयन कर उसी को पूरे साल पीने के पानी के रूप में उपयोग में लाया जाता है। वहीं धनार्जय नदी किनारे अवस्थित दर्जनों किसानों ने कहा कि बारिश होने के बाद उन्हें अपने साग-सब्जी वाले खेतों के पटवन में काफी आसानी होगी।

# सदर अस्पताल में जन्म -मृत्यु प्रमाण-पत्र में फर्जीवाड़ा, शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

नवादा। सदर अस्पताल के नाम से मोहर और गलत हस्ताक्षर का प्रयोग कर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत किया जा रहा है। सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. एसडी अरैयर ने इसकी शिकायत नगर थाना पुलिस से की है। शिकायत-पत्र के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के रसूलनगर निवासी नेहरू निशा अंसारी, मेसकौर प्रखंड के विजु बिगहा स्थित स्ट्रीट कोपिन गांव के निवासी नेहा महतो, नरहट प्रखंड के बड़ी पाली गांव निवासी असलम अंसारी और रजौली प्रखंड के हीरो डीह गां निवासी संध्या रानी का जन्म प्रमाण-पत्र जांच में गलत पाए जाने की शिकायत है, जबकि कादिरगंज स्थित आंती गांव की सुजीत कुमार का मृत्यु प्रमाण-पत्र जांच में गलत पाया गया है। इन सभी के दस्तावेज को जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया था। सदर अस्पताल उपाधीक्षक ने बताया कि इन सभी पांच व्यक्तियों का जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र सदर अस्पताल कार्यालय से निर्गत नहीं है, जिसके बाद सदर अस्पताल उपाधीक्षक ने मामले की शिकायत नगर थाना से की है। सदर अस्पताल उपाधीक्षक की शिकायत पर नगर थानाध्यक्ष द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की चार प्रमुख धाराओं के तहत प्राथमिकी की है। नामजद व्यक्तियों पर धोखाधड़ी करने, छल करने के मकसद से साजिश रचना और जाली दस्तावेज को जानबूझकर प्रयोग करने संबंधित धाराओं के तहत आरोपित किया गया है। बता दें सदर अस्पताल उपाधीक्षक को जन्म और मृत्यु पंजीकरण कार्यालय संबंधित कई शिकायत आवेदन प्राप्त हुए थे।

## बेमौसम बारिश से लोगों की बढ़ी परेशानी

निज संवाददाता

**नवादा**। में बेमौसम बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। रजौली थाना क्षेत्र के धमनी पंचायत के कुम्हरुआ के खुरी नदी में बाढ़ जैसे हालात हो गए है। खुरी नदी का पानी गांव में घुस गया। गांव के कई घरों एवं दुकानों में पानी घुस जाने के कारण लोग परेशान हो गए है। लोगों को समस्या हो रही है। इन्हें जान- माल का नुकसान होने का खतरा हो गया है। कुम्हरुआ गांव के ग्रामीण पिंटू कुमार साव, गणेश साव, नागेश्वर यादव, अजय साव, बिनोद साव समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि बेमौसम बारिश से खुरी नदी में बाढ़ आने के कारण गांव के कई घरों और दुकानों में बाढ़ का पानी घुस गया है। खुरी नदी पर बनी पुल की चौड़ाई काफी कम है। इसकी वजह से बाढ़ के पानी को पुल के रास्ते से होकर आगे निकलने में काफी मुश्किल हो रही है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण ही नदी का पानी गांव में घुस जा रहा है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस समय पुल की चौड़ाई केवल आठ फीट है। नया पुल बनाकर पुल की चौड़ाई बढ़ा दने पर नदी का पानी आगे निकल जाएगा और गांव के घर और दुकान बाढ़ के पानी से प्रभावित होने से बच जाएंगे। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि नए पुल के निर्माण को लेकर उन लोगों ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों से गुहार लगाई है।

# साधु के वेश में आये शातिर की ठगी का शिकार हुई महिला

**नवादा (नि.सं.)**। जिले के हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के नाला की महिला को सोने-चांदी के आभूषण को दोगुना करने का प्रलोभन देकर ठग लगभग 3 भर जेवरात लेकर फरार हो गया। बताया जाता है कि शातिर दोनों ठग साधु के वेश में आए थे। पीड़ित महिला आशा का काम करती है। पीड़ित महिला ने बताया कि साधु की वेशभूषा में दो व्यक्ति भिक्षा मांगने उनके घर आए। भिक्षा के रूप में वह उसे कुछ रुपये दे रही थी, जिसे वह लेने से इनकार कर दिया और कहने लगा कि मैं कोई भिखारी नहीं बल्कि एक साधु हूं। इतने में वह महिला को अपनी बातों में फंसा लिया और साधु महिला के भूत और भविष्य की बात बताने लगा। उसके बाद साधु ने कहा कि तुम्हारे घर में जितना जेवर और पैसा है, उसे निकालो मैं दोगुना कर दूंगा। इसके लालच में महिला आ गई और घर में रखे लगभग 3 भर के सोने के जेवरात निकालकर साधु को दे दिया। साधु अपनी बातों में महिला को उलझाए रखा और पूरे जेवरात को एक कपड़े में बांधकर अपने थैले में रख लिया। उसके बाद साधु मौका पाकर उसके घर से चंपत हो गया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने शिकायत थाने में की है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस साधु की पहचान के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। गौरतलब है कि साधु के वेश में ठग विभिन्न मोहल्लों में भिक्षा मांगने जाता है और भोली-भाली महिलाओं को अपने झांसे में लेकर ठगने का काम कर रहा है। ऐसे लोगों से सावधान की रहने की जरूरत है।

# पुलिस के भय से भाग रहे शराब लदे लग्जरी कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, चालक की हुई मौत

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)**। थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी से महज 500 मीटर दूर एक सूखे पेड़ में शराब से भरी लग्जरी वाहन टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक शराब से भरी कार को लेकर समेकित जांच चौकी पार करने की सोच रहा होगा, किन्तु जांच चौकी पर तैनात उत्पाद बलों द्वारा सघन वाहन जांच को देख पुनः झारखण्ड की ओर भागने में दुर्घटना हुई है। सड़क दुर्घटना में कार चालक की मौत हो गई है।बताया जाता है कि पुलिस के भय से शराब लदे लग्जरी वाहन भागने के क्रम में दुर्घटना हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि बीती रात्रि बुधवार को लगभग 12:30 बजे जांच चौकी पर तैनात उत्पाद



एसआई पिन्टू कुमार एवं एसआई सन्नी कुमार के द्वारा सूचना मिली कि एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। सूचना के आलोक में थाने में पदस्थापित एसआई गौतम कुमार को पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। पुलिस बलों के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त कार में फंसे चालक को बाहर निकालकर इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया।जहां चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त कार संख्या डब्लूबी06 1545 से 210 बोतल इम्पेरियल ब्लू नामक विदेशी शराब बरामद हुआ है। जबकि दुर्घटनाग्रस्त कार एवं आसपास सैकड़ों शराब के बोतल वगैरह टूटकर बिखरा हुआ था। थानाध्यक्ष ने कहा कि मृतक कार चालक के शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल नवादा भेजा गया है। साथ ही कहा कि मृतक कार चालक की पहचान अबतक नहीं हुई है। वहीं जब्त शराब एवं दुर्घटनाग्रस्त कार को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/पुल/लाइन/हाजीपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्य के मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी.पी.डब्लु.डी., एम.ई.एस. अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

**1. निविदा सूचना सं.: BRL-24-01-01**
**कार्य का नाम लोकेशन के साथः** उप–मुख्य अभियंता/पुल लाइन हाजीपुर के अधीन वरीय प्रशाखा अभियंता/पुल/दानापुर के सेक्शन में PNBE-GAYA सेक्शन में किमी 11/31-11/37 पर PRBZ-PPN स्टेशन के बीच पुल सं. 21 (अप लाइन), का जंग लगे/छिद्रित/गड्ढे वाले सदस्यों का सुदृढ़ीकरण/मरम्मत साथ ही साथ JAJ- PNBE-DDU मेन लाइन में ROB - MKA, BKP, FUT, DDGJ, Gandhi Setu, RJPB bow string, RJPB west, Chiraiyatand, Mithapur, Yarpur, Chitkohra, ARA और PG लाइन में ROB -Bypass और RGD-TIA सेक्शन में ROB-JTIN या आवश्यकता के अनुसार सुरक्षा स्क्रीन गार्ड की व्यवस्था/मरम्मत/क्लेम्पिंग और आरओबी PNC और कुम्हरार की पेंटिंग, **अनुमानित निविदा राशिः** Rs. 62,76,299.49, **अग्रिम धन राशिः** Rs. 1,25,500.00

**2. निविदा सूचना सं.: BRL-24-01-02**
**कार्य का नाम लोकेशन के साथः** उप–मुख्य अभियंता/पुल लाइन हाजीपुर के अधीन वरीय प्रशाखा अभियंता/पुल/दानापुर के अनुभाग में फतुहा, दीदारगंज, पटना साहिब, अगमकुआं, गुलजारबाग, (गांधी सेतु), कुम्हरार, राजेंद्र नगर धनुष सेतु, चिरैयाटांड़, मीठापुर, पटना जं. बाईपास–1, पटना जं. बाईपास–2, यारपुर, सचिवालय वेस्ट, चितकोहरा, बिहटा, आरा, बिहिया, बेली रोड और जेठियन आरओबी पर बीयरिंग निरीक्षण प्लेटफॉर्म का प्रावधान, **अनुमानित निविदा राशिः** Rs. 1,90,34,338.71, **अग्रिम धन राशिः** Rs. 2,45,200.00

**निविदा कागजात जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** निविदा ऑनलाइन http//www.ireps.gov.in पर दिनांक 20.05.2024 को प्रस्तुत की जाएगी। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 14.06.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी।

**वेबसाइट का नाम एवं निविदा संबंधी सूचनाः** 1. निविदा सूचना पात्रता मानदंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, सूचना की पूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हो शुद्धि पत्र वेबसाइट पर अपलोड होगा। 2. विवाद के स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

**कार्यपालक अभियंता/पुल/लाइन**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/00335/डीएनआर/ईबीआरएल/टी/24–25/72

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases
*(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: **Anil Kumar r/o Ward no. – 27, Buxar, P.O.- Buxar, Block-Buxar, Dist.: Buxar, Bihar: 802101**

Name of political party: **Bahujan Samaj Party**
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: **GENERAL ELECTION, 2024**

*Name of Constituency: **33 - Buxar**

I, **Anil Kumar**, a candidate for the abovementioned election, declares for public information the following details about my criminal antecedents:

A. Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Shri Gulam Rasul 1st class, Patna | FIR no- 169 of 2016. Gandhi Maidan Police station, Patna (Bihar) dt: 03.02.2023 | Charges framed | 205, 240, 467, 468,471/34 IPC False document in bail bond |
| 2 | Court- Patna CJM | FIR no 253 of 2016, Kotwali Police station, Patna, (Bihar) dt: 18.05.2018 | Charges framed | 406,420,346/341 188 IPC Criminal breach of contract |
| 3 | Court- ACJM Patna City | FIR no- 136 of 2016, Alamganj Police station, Patna, (Bihar) dt: 07.07.2023 | Charges framed | 205, 419, 406, 420, 465, 467, 468, 34 IPC False document in bail bond |
| 4 | FIR no-212 of 2015, Kotwali Police station, Patna, (Bihar) | Court- CJM Patna dt: 07.09.2019 | Charges framed | 406,420 IPC Property Dispute |
| 5 | FIR no- 336 of 2013. Alamganj Police station, city. Patna (Bihar) | Court- ACJM Patna City Dt: 03.04.2023 | Charges framed | 147,447,323,337, 506 IPC Assault |
| 6 | Spl. Case No. 07/2021 E.D. Patna, (Bihar) | Court- Spl. Judge PMLA Act, Patna dt: 19.02.2024 | In ECIR case quashing of proceeding has been filed vide case No. Cr. Misc. No. 86581 of 2023 | 4 PMLA Act Money Laundering |

B. Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s)& punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** | **NOT APPLICABLE** |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

आसपास के लोगों ने टेंपो के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और सभी को उपचार के लिए भेज दिया सदर अस्पताल भभुआ

# ऑटो और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर में एक लड़की की मौत, चार गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र के बबूरा पुल के पास ऑटो और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। इस टक्कर के कारण टेंपो सड़क पर ही पलट गया। आसपास मौजूद लोगों ने टेंपो के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और सभी को उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। यहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद एक लड़की को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी लोग औरंगाबाद से भभुआ रोड रेलवे स्टेशन आए थे। यहां से वह एक ऑटो बुक कर उत्तर प्रदेश के रापटगंज जा रहे थे। घायलों में औरंगाबाद जिला के बारुण थाना क्षेत्र के बारुण गांव निवासी प्रमोद चौधरी की 45 वर्ष पत्नी आशा देवी, 16 वर्षीय बेटा, लवकुश कुमार, 11 वर्षीय बेटा अमन कुमार, 13 साल की बेटी खुशबू कुमारी शामिल है। जबकि, सागर चौधरी की 12 वर्षीय बेटी प्रिया कुमारी की मौत हो चुकी है। खुशबू कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोग रिश्तेदारी में जा रहे थे। ट्रेन के माध्यम से औरंगाबाद से भभुआ रोड रेलवे स्टेशन तक आए। यहां एक ऑटो को बुक कर हम लोग उत्तर प्रदेश के रापटगंज जा रहे थे। इसी दौरान ईंट लदे ट्रैक्टर से टेंपो की टक्कर हो गई। इस टक्कर में टेंपो सड़क पर पलट गया। वहां कुछ लोग दौड़कर आए और हम लोगों को टेंपो से बाहर निकाल कर और दूसरे टेंपो से इलाज करने के लिए सदर अस्पताल भभुआ लेकर आए हैं। यहां सभी को भर्ती कराया गया और इनका इलाज चल रहा है।

## बाइक की टक्कर से तीन महीने के बच्चे की मौत



निज संवाददाता

**दिनारा (रोहतास)।** रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित बाइक की टक्कर से तीन महीने के मासूम की मौत हो गई है। वहीं, उसकी मां का इलाज जारी है। दिनारा थाना की पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक मासूम दिनारा थाना क्षेत्र के खलसापुर के दीपक कुमार का बेटा श्याम बताया गया है। जबकि, दीपक की घायल पत्नी रीता देवी का इलाज निजी क्लिनिक में हो रहा है। बेटे की मौत की सूचना के बाद मां का रो रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम के लिए आए दिनारा थाना के चौकीदार बालेश्वर सिंह ने घटना के संबंध में बताया कि बाजार में सड़क पार करते समय अनियंत्रित बाइक की टक्कर से मां- बेटा घायल हो गया था। गंभीर हालत में दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां तीन माह के मासूम श्याम की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि इस घटना को अंजाम देने वाला बाइक सवार उनका रिश्तेदार है। परिजनों का कहना है कि वह केस को खत्म करने की धमकी दे रहा है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। साथ ही आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पोखर में स्नान करने गए किशोर की डूबने से मौत

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम में स्थित मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में गुरुवार को बेदा स्थित सूर्य मंदिर के पोखर में स्नान करने के दौरान एक किशोर डूब गया। जानकारी के अनुसार वह अपने परिजनों के साथ स्थानीय बेदा सूर्य मंदिर पोखर में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर स्नान करने पहुंचा था। स्नान करने के क्रम में वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। शोर करने पर जुटे ग्रामीणों ने उसे अचेत अवस्था में बाहर निकाला। इसके बाद उसके परिजन उसे इलाज के लिए लेकर अस्पताल गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक किशोर की पहचान बहेरा गांव निवासी गोपाल ओझा के 13 वर्षीय बेटे ईशु कुमार के रूप में की गई है। ईशु सासाराम नगर थाना क्षेत्र के साकेत नगर में अपने माता और पिता के साथ रहता था।

## चुनाव को लेकर जिलाधिकारी सावन कुमार ने मतदान कर्मियों को दी जानकारी



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** सासाराम संसदीय क्षेत्र में 1 जून को चुनाव होने वाला है। इसको लेकर कैमूर जिलाधिकारी सावन कुमार और सेक्टर पदाधिकारियों ने बैठक कर मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्य और दायित्व के बारे में बताया। इसमें सभी को मतदान के दिन ईवीएम खराब होने पर उसकी जगह पर दूसरे ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही मतदान होने के बाद ईवीएम को सुरक्षित रूप से वज्र गृह तक पहुंचाने को लेकर भी बताया गया। वहीं आगे जिलाधिकारी ने बताया कि सेक्टर ऑफिसर को भी उनके दायित्व के बारे में बताया गया है। उनको एक ईवीएम रिजर्व के रूप में दिया जाएगा। 10 से 15 बूथ उनको कैसे मैनेज करना है, इसको लेकर भी जानकारी दी गई।

इसके अलावा अगर कोई व्यक्ति चलने में असमर्थ है या किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है तो उनके घर में जाकर वोटिंग कराई जाएगी। मौके पर डीडीसी, डायरेक्टर डीआरडीए, नोडल ऑफिसर स्वीप, डीईओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दे कि कल शुक्रवार से घर-घर जाकर पोस्ट बैलेट के माध्यम से 85 साल से अधिक और दिव्यांग लोगों के लिए वोटिंग कराई जाएगी।

## प्लाई गोदाम में लगी आग, दो लाख का नुकसान



**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** भभुआ शहर के वार्ड नंबर तीन में स्थित एक प्लाई गोदाम में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने गोदाम के मालिक और डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर फायर ब्रिगेड टीम को भेजा। जानकारी के अनुसार छोटी-बड़ी सहित कुल 5 दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी यह अब तक पता नहीं चल सका है। गोदाम के मालिक आलोक अग्रवाल ने बताया कि न्यू कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग में गोदाम को बनाया था। इसमें किसी प्रकार का कोई वायरिंग भी नहीं हुआ है। अचानक आसपास के लोगों से जानकारी मिली की गोदाम के अंदर से धुआं निकल रहा है। जब यहां पहुंचा तो देखा तो देखा अंदर आग लगी हुई है और फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ी आग बुझाने में लगी थी। गोदाम में प्लाईवुड के साथ रजिस्टर और अन्य कागज थे। सब कुछ जलकर राख हो गया। इसमें डेढ़ से दो लाख रुपए की संपत्ति जली है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भारतीय गौ रक्षा वाहिनी ने एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा का किया समर्थन




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** लोकसभा चुनाव में बिहार के हॉट सीट में शामिल काराकाट संसदीय क्षेत्र में सभी उम्मीदवार अपनी जीत के लिए समीकरण बनाने में लगे हुए है। इस क्रम में एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा को भारतीय गौ रक्षा वाहिनी ने बिना शर्त समर्थन दिया है। डेहरी स्थित चुनाव कार्यालय में प्रेस वार्ता कर गौर रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जुल्फिकार अहमद खान ने गुरुवार को कहा कि काराकाट के विकास को ध्यान में रखते हुए रोहतास और औरंगाबाद जिला में संस्था ने उपेंद्र कुशवाहा का साथ देने का फैसला लिया है। उपेंद्र कुशवाहा की जीत से पीएम नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत होगा और 400 पार का लक्ष्य भी पूरा होगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर उपेंद्र कुशवाहा को जीत मिलती है तो डालमियानगर रेल कारखाना फिर से शुरू होगा। इसके साथ ही अन्य विकास कार्य भी किए जाएंगे। मौके पर संगठन के सदस्य गंगा विष्णु सिंह, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शंकर झा आजाद, राष्ट्रीय महासचिव फजल इमाम मलिक, प्रदेश प्रवक्ता नितीन भारती और मीडिया प्रभारी विशाल सिंह मौजूद थे। मालूम हो कि काराकाट संसदीय क्षेत्र से एनडीए ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रमो उपेंद्र कुशवाहा को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की ओर से राजा राम सिंह को टिकट मिला है। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार पवन सिंह भी मैदान में है। इन सबके कारण काराकाट हॉट सिट बन गया है।

## संदिग्ध हालत में एक महिला की हुई मौत

**चांद (कैमूर) (नि.सं.)।** चांद थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव में संदिग्ध अवस्था में एक महिला की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के लिए डेड बॉडी को सदर अस्पताल भभुआ लाया गया, जहां सदर अस्पताल भभुआ डेड बॉडी के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। महिला के पिता चैनपुर थाना क्षेत्र के दुबे के सरैया गांव निवासी जयराम गोंड ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि वे तीन साल पहले अपनी बेटी रीमा उर्फ पूजा की शादी चांद थाना क्षेत्र के बहेरिया गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद गोंड के बेटे अनिल कुमार गोंड से की थी। उन्होंने बताया कि उनके समधी के बड़े भाई ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है। जब हम अपने सहयोगियों के साथ बेटी के ससुराल बहेरिया गांव गए तो डेड बॉडी चौकी पर पड़ी हुई थी और ससुराल वाले वहीं पर थे। पहले

## वाहन जांच में 20.54 लाख रुपए कैश मिले, विभिन्न जांच चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने किया सीज



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** लोकसभा चुनाव को लेकर सासाराम संसदीय क्षेत्र में कैमूर पुलिस और पदाधिकारी ने जगह-जगह चेक नाका लगाकर वाहन जांच अभियान चलाया है। इसी क्रम में जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के पक्षाहगंज, रामगढ़ थाना क्षेत्र के जलदहा, सोनहन थाना क्षेत्र के अकोढ़ी, चांद थाना क्षेत्र के महदाइच चेक पोस्ट पर अब तक कुल मिलाकर 20 लाख 54 हजार 700 रुपया जब्त किए हैं। पैसे ले जा रहे वाहन मालिक द्वारा पूछताछ में पैसे से संबंधित किसी प्रकार का मुकम्मल जवाब नहीं दिया गया है। चुनाव आयोग का निर्देश है कि कहीं वोटर्स को लुभाने के लिए कोई पैसे का प्रलोभन न दे इसलिए एक लिमिट में पैसे का आवागमन रखा है। अगर उससे अधिक ले जाते हुए पकड़ा जाए तो उनके ऊपर चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई करता है। इसी कड़ी में यह कार्रवाई हुई है कि कहीं पैसे वोटर्स को प्रलोभित करने के लिए तो नहीं ले जा रहे थे। भभुआ डीएसपी मुख्यालय गजेंद्र कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देश पर कैमूर के सभी बॉर्डर इलाके में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न चेक प्वाइंटों पर वाहन तलाशी के दौरान 20 लाख 54700 अब तक बरामद किए गए हैं। सभी पैसों का जब्ती सूची बनाकर चुनाव आयोग के साइट पर डाला गया है। इन पैसों से संबंधित वाहन मालिकों द्वारा कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है आगे जांच जारी है।

मेयर काजल कुमारी एवं उपमेयर सत्यवंती देवी ने किया अतिथियों का स्वागत अभिनंदन

## बुद्ध पूर्णिमा पर निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन, आठ जोड़े की कराई गई शादी




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को कुशवाहा सभा भवन समिति में आयोजित सभी जाति धर्म के लोगों के लिए निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कुशवाहा सभा भवन सासाराम के अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ट्रस्टी संरक्षक सत्यनारायण स्वामी के संचालन में कुशवाहा सभा भवन में धूमधाम से 8 जोड़ों की शादी करायी। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध के पंचशील झंडा का झडोंतोलन सारनाथ से आये प्रसिद्ध बौद्ध भिक्षुक भंते धम चक्रधारी के द्वारा किया गया तथा अनेक बौद्ध चार्य तथा बाबा नीला नंद जी द्वारा बुद्ध वंदना के पश्चात खीर दान का वितरण किया गया। जिसके बाद बाराती और अतिथियों के लिए लंगर की शुरुआत किया गया। अतिथियों का स्वागत अभिनंदन मेयर काजल कुमारी एवं उपमेयर सत्यवंती देवी ने किया। कुल आठ जोड़ों में पिंकी कुमारी संग अनिल कुमार, रंजू कुमारी संग जितेंद्र कुमार, ज्योति कुमारी संग छोटेलाल कुमार, खुशबू कुमारी संग विजय शर्मा, पूनम कुमारी संग सत्येंद्र कुमार, लालती कुमारी संग कुमार सोरभ, गीता कुमारी संग जालंधर कुमार का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह का अध्यक्षीय भाषण एवं स्वागत सभा भवन के अध्यक्ष श्री रविंद्र प्रसाद जी ने किया। समारोह में वर वधू को आशीर्वचन जगतगुरु बाबा अनजनेशा नंद सरस्वती, पूर्णवासी सिंह, ललित कुमार सिंह, रविंद्र प्रसाद मेहता, सत्यनारायण स्वामी, शिव कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह कुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह, रामासरय सिंह, कामेश्वर प्रसाद, रितेश कुमार, रविंद्र प्रसाद सिंह, दीनानाथ सिंह ,निर्भय कुमार सिंह, राम अवतार मोर्या, पारस सिंह, कपिल देव सिंह, रामनरेश सिंह, शिव कुमार सिंह, जाग रोपन सिंह,रामनारायण सिंह,रविंद्र मेहता, इंद्रदेव सिंह राजेंद्र सिंह, प्रेमचंद सिंह मेहता, सुनील कुमार, मनीष श्रीवास्तव, रामायण पांडे अलोन, मेघनाथ सिंह, रवि मौर्य, सिंपल बेबी, दीपा गुप्ता, मीनू मेहता, सुनैना देवी, प्रियंका अग्रवाल, गीता गुप्ता माधुरी देवी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मारपीट में मां-बेटा, बहू सहित छह लोग घायल

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में मां-बेटा, बहू सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों में भगवानपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी बबन यादव की पत्नी देवंती देवी, पुत्र विजयमल यादव, बहू पुष्पा देवी, प्रिंस कुमार, मनमन यादव व बिठवार के प्रेम गोंड शामिल हैं। सभी घायलों को उनके परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया, जहां के चिकित्सक द्वारा उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज किया गया। गौरा गांव के घायलों ने बताया कि आपसी रंजिश को लेकर आपस में बहस हो रही थी। इसी दौरान हनुमान यादव अपनी मां के साथ मारपीट करने लगा। बड़ा बेटा बचाने के लिए गया तो उसने अपने बड़े भाई, उसकी पत्नी व मां की पिटाई कर घायल कर दिया है। इस मामले में भगवानपुर थाने में आवेदन देकर पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## मतदान के अधिकार को लेकर नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन




निज संवाददाता

**रोहतास (जमुहार)।** रोहतास जिले के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अधीन संचालित प्रबन्धन शिक्षा संकाय के अंतर्गत बी बी ए रूरल मैनेजमेंट ने मतदान के अधिकार को लेकर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान और मतदान के अधिकार के विषय पर जागरूकता पैदा की गई। वोटिंग राइट्स के महत्व को समझाने के लिए बी बी ए रूरल मैनेजमेंट के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया है, जो कि रोहतास महिला कॉलेज सासाराम के साथ संयुक्त रूप से किया गया है। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन नारायण मेडिकल कॉलेज के कैंपस में भी किया। इस कार्यक्रम में वोटिंग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और युवा मतदाताओं को सशक्त बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाई गई। आइए, हम साथ मिलकर हमारे समाज में नागरिकता के मूल्य को स्थापित करें। प्रबन्धन शिक्षा संकाय के डीन इंचार्ज डॉ रजनीश रत्ना ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए वोट डालने और सही उम्मीदवार को चुनने की मांग की। इस मौके पर नारायण मेडिकल कॉलेज के महाप्रबंधक अस्पताल संचालन उपेंद्र कुमार सिंह और सहयोगी संदीप कुमार ने भी छात्रों का मनोबल बढ़ाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ इंद्रनील सरकार, असिस्टेंट प्रोफेसर और शौर्य प्रकाश, असिस्टेंट प्रोफेसर ने अहम भूमिका निभाई।

## दो बाइक के बीच आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रूप से घायल



निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के भभुआ मोहनिया पथ पर सिकठी रोड के पास दो बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार कुल पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों द्वारा पांचों लोगों को उपचार के लिए निजी साधन से सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दो लोगों को बेहतर उपचार करने के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायलों में उत्तर प्रदेश के गहमर के स्वर्गीय गुड़न रजक के पुत्र शुभम कुमार, अलगू रजक का पुत्र निरंजन कुमार, रामगढ़ थाना क्षेत्र के जमुरना गांव के सहादुर रजक का पुत्र सूरज कुमार और भभुआ थाना क्षेत्र के पलका गांव के मनैवर आलम का पुत्र इरसान आलम, कलामुद्दीन मियां का पुत्र अमजद आलम शामिल है। वही सूरज कुमार और अमजद आलम की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। आरिफ अंसारी ने बताया भभुआ थाना क्षेत्र के सीकट्ठी रोड के पास दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में कुल पांच लोग घायल हुए हैं। सभी का सदर अस्पताल भभुआ में प्राथमिक उपचार किया गया है। दो लोगों की स्थिति गंभीर थी जिन्हें रेफर कर दिया गया है। एक बाइक पर सवार शुभम, सूरज और निरंजन मां मुंडेश्वरी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे, तो दूसरी बाइक पर सवार इरसान और अमजद मुंबई में कमाने के लिए दिलदारनगर से ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे थे, तभी सिकठी रोड के पास बाइक में आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी।

## जंगल से बंदूक के साथ अपराधी गिरफ्तार

**चैनपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** स्थानीय थाने की पुलिस ने बरदियादह जंगल से एक बदमाश को देसी बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार मुंशी सिंह चैनपुर थाना क्षेत्र के पर्वतपुर निवासी रामनाथ सिंह का पुत्र है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर चैनपुर पुलिस द्वारा बुधवार को वाहन चेकिंग व शराब के खिलाफ छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस द्वारा कल्याणीपुर नाका होते हुए बरदियादह जंगल में चुलाई गई देसी शराब की बरामदगी के लिए छापेमारी करने पुलिस पहुंची। उन्होंने बताया कि जब पुलिस जंगल में पहुंची तो एक व्यक्ति इधर-उधर भागते नजर आया। वह पुलिस को देखकर भाग रहा था। उसके हाथ में बंदूक थी। पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से एक एकनाली देसी बंदूक बरामद किया।

## आरपीएफ की टीम ने सासाराम और भभुआ रोड स्टेशन पर ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत दो बच्चों को किया रेस्क्यू




निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** आरपीएफ की टीम ने सासाराम और भभुआ रोड स्टेशन पर ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत दो बच्चों को रेस्क्यू किया है। निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार ने बताया कि गुरुवार को उप निरीक्षक डी एस राणावत के सासाराम स्टेशन पर गश्ती के दौरान पीएफ नंबर 03 पर एक बच्चा उम्र करीब 10 वर्ष को लावारिस हालत में घूमता हुआ पाया। जिसके बाद उससे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अंकित कुमार उम्र करीब 10 वर्ष पुत्र दिनेश राम निवासी ग्राम भलुनी, थाना दिनारा, जिला रोहतास (बिहार) बताया। आगे पूछताछ में बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ पानीपत (हरियाणा) में रहता हैं। उसके पिताजी पानीपत में ठेकेदारी का काम करते हैं। जो वहां से बिना बताए अपने छोटे भाई अरविन्द कुमार उम्र करीब 09 वर्ष के साथ अपने दादा दादी के पास पैतृक गांव भलुनी में आने के लिए दिल्ली से गाड़ी संख्या 12802 डाउन (पुरुषोत्तम एक्सप्रेस) से सासाराम आ रहे थे। जिस क्रम में उसका एक छोटा भाई अरविंद कुमार उम्र करीब 9 वर्ष गाड़ी में ही मुगलसराय स्टेशन के बाद बिछड़ गया, जो गाड़ी में ही चला गया या कहीं उतर गया हैं। उसके छोटे भाई अरविन्द कुमार के संबंध में अगला स्टेशन डेहरी ऑन सोन को गाड़ी संख्या 12802 डाउन (पुरुषोत्तम एक्सप्रेस) को अटेंड कर उक्त बच्चे को खोजने के लिए सूचना दिया गया। साथ ही सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू का अवगत कराया गया तथा पिछले स्टेशन भभुआ रोड को भी नाम पता व हुलिया से अवगत कराया गया । जिसके आलोक में भभुआ रोड पर खोजबीन करने पर उसका छोटा भाई अरविन्द भभुआ रोड स्टेशन पर मिल गया। जिसको रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सासाराम पर लाया गया। दोनों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने पिताजी दिनेश राम के संबंध में बताया गया। जिस पर उनके पिता व माता भऊरी देवी को अवगत कराया गया। बाद अग्रिम कार्यवाही हेतू 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सुचित किया गया। चाइल्ड हेल्प हेल्पलाइन द्वारा उक्त बच्चों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग उपरांत चाइल्ड लाइन सासाराम को पावती लेकर सही सलामत सुपुर्द किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रिंस हत्या कांड में चार नामजद लोगों पर एफआईआर दर्ज

**आरा।** टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय ने बताया की प्रिंस हत्या कांड में मृतक के भाई विशाल ने थाना में एफ आई आर दर्ज करने के लिए टाउन थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में विशाल ने अपने बड़े भाई प्रिंस की हत्या की घटना में कुल चार लोगों को नामजद किया है। पुलिस आवेदन के आधार घटना में शामिल चार लोगों को नामजद करते हुए एफ आई आर दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दिया है। उसी संदर्भ में एक व्यक्ति को डिटेन कर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जल्द ही घटना का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना स्थल से मृतक का अपाचे बाइक और उसके पॉकेट से तीन पिस्टल का गोली भी बरामद किया गया है। मंगलवार की सुबह 9 बजे टाउन थाना क्षेत्र के मझौआ बांध के समीप घेर कर अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दिया था। मृतक मूल रूप से सिन्हा थाना क्षेत्र के कुदरिया गांव निवासी प्रिंस सिंह उर्फ भदई था। जो कुदरिया गांव निवासी हेमंत सिंह का 26 वर्षीय पुत्र था।

### ट्रक ने युवक को मारी ठोकर घायल

**आरा।** एक बजे कोईलवर थाना क्षेत्र के सकडी-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर कुल्हड़िया ओवरब्रिज के पास पैदल सड़क पार कर रहे युवक को अनियंत्रित ट्रक ने ठोकर मार दिया। घटना के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर कर दिया। घायल चांदी थाना क्षेत्र के चांदी गांव निवासी 33 वर्षीय अखिलेश यादव है जो भदेश्वर यादव का पुत्र है ।

### बाइक के चक्का में फंसा महिला का आंचल, गिरकर हुई जख्मी

**आरा।** आगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 855 वाहनों की जांच कर 2,01,000 रुपया जुर्माना की वसूल किया है। एसपी नीरज सिंह ने अगामी लोक सभा चुनाव को देखते हुए शराव और अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 855 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में 2,01,000 रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की करवाई आगे भी हमेशा चलता रहेगा। इसके पहले भी कई बार वाहन चेकिंग चलाकर लाखों रुपया का जुर्माना वसूला गया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के नासरीगंज सकड्डी स्टेट हाइवे पर सहार और पेउर के बीच बाइक सवार महिला का अंचल बाइक में फंस गया जिससे गिरकर गंभीर जख्मी हो गई। जख्मी महिला प्रमीला देवी(55वर्ष) नारायणपुर बनौली गांव निवासी रामजी राम की पत्नी है। महिला सहार से नारायणपुर बनौली जा रही थी। बताया जाता है कि महिला का देवर बाइक चला रहा था। इसी बीच बाइक चालक द्वारा साड़ी की आंचल को नहीं देखा गया और गाड़ी की गति तीव्र होने के कारण बाइक की पिछली चक्का में आंचल फंस गया। महिला का दाहिना हाथ की हड्डी टूट गया है। कान कट गया और शरीर पर काफी चोटे आई है। जिसे आनन-फानन में जख्मी महिला को ग्रामीणों के सहयोग से सहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया।

### लोकसभा चुनाव को ले वाहन उपलब्ध कराने में तेजी से जुटा वाहन कोषांग

**आरा।** लोकसभा चुनाव को लेकर गठित वाहन कोषांग अपने कार्यों का क्रियान्वयन करने में तेजी से जुटा है। ताकि चुनाव को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सके। गौरतलब हो कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन के लिए वाहन कोषांग का गठन किया गया है। यह वाहन कोषांग रमना मैदान के पश्चिम तरफ बंदोबस्त कार्यालय में संचालित किया जा रहा है। इस कोषांग के वरीय पदाधिकारी विजय कुमार व नोडल पदाधिकारी रवि रंजन है। इस बार के चुनाव में विभिन्न विधान सभा क्षेत्रों में वाहन डिस्पैच सेन्टर स्थापित किए गये है। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी ने चुनाव कार्य में वाहन की उपलब्धता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वाहन कोषांग द्वारा कुल 265 सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव की समाप्ति तक वाहन उपलब्ध कराया गया है। जिसमें वह अपने प्राधिकार क्षेत्र में सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ सतत भ्रमण करते रहेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न कोषांग में वाहन की आवश्यकता के आलोक में भी वाहन कोषांग ने वाहन उपलब्ध कराये है। जिनमें सीएपीएफ, प्रशिक्षण, कार्मिक, सामग्री व मतपत्र समेत अन्य कोषांग है। जिले के सभी 14 ब्लॉक में प्रत्येक ब्लॉक को 2 स्कार्पियो और 2 पिकअप वाहन उपलब्ध कराये गये है। कुल 08 एईओ को भी वाहन कोषांग के द्वारा वाहन उपलब्ध कराये गये है।

### डीएम ने मतदान दल के महत्व को बताया

**आरा।** महाराजा कॉलेज आरा में बुधवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 व विधानसभा उप निर्वाचन अगिआंव (अजा) के लिए 195 अगिआंव के मतदान दल का द्वितीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण से जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार ने सभी मतदान दल की ब्रीफिंग की। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण के दौरान, वितरण केंद्र पर, मतदान के पूर्व, मतदान के दौरान व मतदान समाप्ति के समय मतदान के कर्तव्यों के बिन्दु पर चर्चा की। साथ ही निर्वाचन में प्रशिक्षण का महत्व व मतदान दल के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रीफिंग में 195 अगिआंव के आरओ सह एआरओ उपसमाहर्ता भूमि सुधार पीरो वरुणजय कुमार ने प्रशिक्षण से मतदान समाप्ति तक के सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं यथा डिस्पैच केंद्र, मतदान से एक दिन पूर्व, मतदान से दो दिन पूर्व, मतदान केंद्र पर व्यवस्था, रिसिभिंग केंद्र व पैकेट्स की जानकारी समेत अन्य मसलों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के प्रथम पाली में 954 में से 944 मतदान कर्मी उपस्थित हुए। जबकि द्वितीय पाली में 948 में से 941 मतदान कर्मी उपस्थित हुए। अनुपस्थित 5 कर्मियों पर स्पष्टीकरण करते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाएगा।

### द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बक्सर।** आसन्न लोकसभा चुनाव के सफल संपादन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देशानुसार बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एमपी हाई स्कूल, बक्सर में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 1300 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता अनुपम सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण स्थल के सभी कमरों का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान सभी पीठासीन पदाधिकारियों, प्रथम,द्वितीय, मतदान पदाधिकारियों को चुनाव की महत्ता को देखते हुए ईवीएम मशीन से संपूर्ण मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण पूरी गहनता से प्राप्त करने का निर्देश दिया।



### विषैले जीव के काटने से चार वर्षीय बच्ची की मौत, घर के बाहर खेल रही थी, अपने फूफा के गोद में बेहोश होकर गिरी मासूम

**आरा।** भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के मंदूरी गांव में बुधवार को विषैले जीव के काटने से घर के बाहर खेल रही एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची गड़हनी थाना क्षेत्र के मंदूरी गांव निवासी धर्मजीत चौहान की चार वर्षीय पुत्री ममता कुमारी है। आशंका जताई जा रही सांप ने डसा है। मृत बच्ची के परिजन ने बताया कि घर के बाहर गड्ढे के पास खेल रही थी। तभी किसी विषैले जीव ने उसे काट लिया। जिसके बाद वह घर में आई और अपने फूफा के गोद में बेहोश होकर गिर पड़ी। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए। बताया जाता है कि मृत बच्ची अपने तीन भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर थी।

# गाली-गलौज के विरोध पर दो पक्षों की बीच मारपीट, 7 जख्मी

## गाली–गलौज का विरोध करने पर बढ़ा था विवाद, सभी जख्मियों का चल रहा इलाज

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रतन दांडी गांव में गाली-गलौज के विरोध पर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से 7 लोग जख्मी हो गए। इसके बाद जख्मियों में एक पक्ष के आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

**ट्टीदार से मामूली विवाद को लेकर कहासुनी हुई थीः** जख्मियों में एक पक्ष से जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रतनदंडी गांव निवासी बिरजा सिंह, दुर्गा सिंह, रामेश्वर सिंह, मानती देवी, मनन यादव, विंध्याचल यादव और दूसरे पक्ष से एक अन्य व्यक्ति जख्मी है। जख्मी मनन यादव ने बताया कि मंगलवार की शाम उनके पट्टीदार से मामूली विवाद को लेकर कहासुनी हुई थी। हालांकि बात खत्म हो गई थी। बुधवार को गांव के ही कुछ लोग उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। जब वे लोग उनके घर पर पूछताछ करने गए तो लाठी-डंडों से जमकर सभी लोगों की पिटाई कर दी गई। मारपीट के दौरान दूसरे पक्ष के भी एक व्यक्ति जख्मी हो गए। इसके बाद उनके पक्ष के सभी लोगों को इलाज के लिए जगदीश अनुमंडलीय अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, दूसरी ओर जख्मी मनन यादव ने गाली-गलौज का विरोध करने पर सभी लोगों की लाठी-डंडों से पीटकर जख्मी करने का आरोप लगाया है।

# बसपा सुप्रीमो मायावती आज बक्सर में भरेंगी हुंकार

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के आई टी आई मैदान में बसपा सुप्रीमो मयावती दोपहर एक बजे पहुंचेंगी। अनिल कुमार के पक्ष में मतदान करने के लिए जनसभा को संबोधित करेंगी। जनसभा में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया है। तमाम अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थलों का जायजा लिया और सुरक्षा के प्रबंध के संदर्भ में संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं। माना जा रहा कि जब चुनाव में महज गिनती के दिन बच गए हैं। ऐसे में बड़े नेताओं के आगमन से हवा का रुख प्रत्याशियों के पक्ष में हो सकता है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती हेलिकॉप्टर से दोपहर एक बजे के बाद आयेंगे। उनके आगमन को लेकर बसपा के नेताओं ने कई दिन पहले से जनसंपर्क अभियान तेज कर अधिक अधिक लोगों के पहुंचने की अपील की जा रही है। यह प्रयास किया जा रहा है कि इस जनसभा में आसपास के इलाके के ग्रामीण उनके भाषण को सुनने के लिए आएं। बता दें कि बसपा से इस



**बसपा प्रत्याशी अनिल चौधरी को जिताने के लिए मांगेंगे वोट, 14 लोग मैदान में हैं खड़े**

बार बक्सर लोकसभा सीट से अनिल चौधरी खड़े हैं। बक्सर लोकसभा में एक जून को सातवें चरण में चुनाव होना है। सभी प्रत्याशी और पार्टियां एक दिन चुनाव का सिंबल मिलने के साथ ही चुनाव प्रचार में जुट चुकी है। महागठबंधन के प्रदेश स्तर के नेता के साथ-साथ एनडीए के भी बड़े-बड़े नेता बक्सर लोक सभा क्षेत्र में पहुंच वोटर्स को गोलबंद करने में जुटे हैं। बसपा से पहली बार मायावती पहुंच रही है। बता दें कि बक्सर लोक सभा सीट से राष्ट्रीय पार्टी के साथ निर्दलीय प्रत्याशी को मिलाकर कुल 14 लोग इस चुनावी मैदान में है।

# सड़क हादसे में महिला की मौत, बाजार जाने के दौरान ट्रक ने रौंद डाला

निज संवाददाता। आरा

शहर के नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड स्थित ओवर ब्रिज के समीप बुधवार को ट्रक ने बाजार जा रही एक अधेड़ महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल इमरजेंसी वार्ड में देर शाम उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक का टाउन थाना क्षेत्र के श्री टोला मोहल्ला निवासी अजय पासवान की 45 वर्षीया पत्नी गीता देवी है।



**बस स्टैंड की ओर जा रही थीः** मृतका के भैसुर संजय कुमार ने बताया कि बुधवार की शाम वह घर से बाजार करने के लिए प्राइवेट बस स्टैंड के और जा रही थी। बस स्टैंड स्थित ओवर ब्रिज के बाएं साइड विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन ने उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना सदर अस्पताल में पद स्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्र आदित्य, आशीष, आकाश और दो पुत्री खुशबू, कविता है।

# भाजपा कार्यकर्ता हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज



**◆ भाई के बयान पर 4 नामजद, जमीन विवाद निपटाने को विधायक के घर जा रहे थे, तभी मारी थी गोली**

निज संवाददाता। भोजपुर

आरा के नगर थाना क्षेत्र के मझौवा गांव में पूर्व ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य पुत्र भाजपा कार्यकर्ता प्रिंस सिंह की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज हो गई है। मृतक के छोटे भाई विशाल कुमार के बयान पर बड़हरा थाना के सिन्हा थाना कुदरिया गांव निवासी हरेंद्र सिंह, उसके पुत्र कुन्नू, सतीश कुमार और नगर थाना क्षेत्र के मझौवा गांव निवासी अनिल सिंह उर्फ भूलचुल सिंह को नामजद आरोपित किया गया है।

**एक आरोपित डेढ़ माह पहले जेल से बाहर आयाः** नामजद आरोपित भूलचुल पहले भी हत्या मामले में जेल जा चुका है। डेढ़ माह पहले जेल से जमानत पर बाहर आया है। इधर, पुलिस प्राथमिकी के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। मृतक के छोटे भाई ने प्राथमिकी में जिक्र किया है की वे वर्तमान में परिवार समेत शंकर नगर, गौसगंज मोहल्ला में रहते हैं। 21 मई की सुबह उनके बड़े भाई प्रिंस सिंह यह कहकर घर से निकले थे कि हरेंद्र सिंह से जमीन विवाद चल रहा है। उसे सामाजिक स्तर पर सुलझाने के लिए मुफस्सिल थाना रोड स्थित विधायक के आवास पर जा रहे हैं।

**पुलिस की स्पेशल टीम छापेमारी कर रही हैः** मृतक के भाई ने कहा कि सुबह 8 बजे सूचना मिली कि उनके बड़े भाई को मझौवा के पास गोली मार दी गई है। आरोप है कि भूमि विवाद को लेकर हरेंद्र सिंह, सतीश कुमार, कुन्नू कुमार और नगर थाना क्षेत्र के मझौवा गांव निवासी अनिल कुमार उर्फ भूलचुल सिंह से कई दिनों से धमकी मिल रही थी। लगातार षड्यंत्र रच रहे थे और रेकी कर रहे थे। हत्या के बाद शातिर दिमाग के तहत उनके भाई की पॉकेट में तीन कारतूस भी रख दिए थे। जांच में लगी पुलिस को एक चश्मदीद गवाह भी मिला है। पुलिस के अनुसार घटना के समय प्रिंस सिंह अपनी बाइक बाहर खड़ी कर अनिल सिंह के घर के अंदर चला गया था। जबकि गवाह बाहर था। करीब 5 मिनट बाद फायरिंग की आवाज आई थी, प्रिंस को गोली लगी थी। आरोपियों गिरफ्तारी के लिए पुलिस की स्पेशल टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

# रिटायर्ड दारोगा पुत्र हत्या मामले में FIR दर्ज, 18 लाख हड़पने की नीयत से बदमाशों ने मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करवा गांव में प्रॉपर्टी डीलर पिंटू कुमार की गोली मारकर हत्या हुई थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज हुई है। मृतक के पिता उदवंतनगर के घोड़ेपोखर गांव निवासी रिटायर्ड दरोगा तेज नारायण सिंह के बयान पर मुफस्सिल थाना में केस हुआ है। जिसमें दो नामजद समेत एक अज्ञात को आरोपित किया गया है। पुलिस ने एक आरोपित उदवंतनगर डीलिया गांव निवासी संतोष कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उदवंत नगर के केशवपुर बकरी गांव निवासी नीरज चौधरी और उसके मामा के बेटे की तलाश जारी है। पकड़ा गया आरोपित मृत प्रॉपर्टी डीलर का पार्टनर बताया जा रहा है। जमीन एग्रीमेंट के अग्रिम 18 लाख रुपए हड़पने की नीयत से हत्या का आरोप लगाया गया है।





**गिरफ्तार संतोष घर से बुलाने आया थाः** मृतक के पिता ने प्राथमिकी में कहा है कि 20 मई की शाम 4:30 बजे वह अपने पुत्र पिंटू के साथ अपने दरवाजे पर बैठे थे कि उसी समय डीलिया गांव निवासी संतोष कुमार यादव दरवाजे पर आया। इस दौरान यह बोलकर पिंटू कुमार अपने साथ ले गया कि विनोद चौधरी जिनके साथ जमीन का एग्रीमेंट हुआ है वह बातचीत करने के लिए बुला रहे हैं। जहां पर पहले

**◆ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

से नीरज चौधरी और उसके मामा का बेटा था। सभी ने मिलकर खाने-पीने की पार्टी की है। इस बीच रात 9:30 बजे नीरज चौधरी और उसके मामा के बेटे ने जमीन बिक्री के मद में 18 लख रुपए पाने से इनकार करने लगे और 12 कट्ठा जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में 36 रुपए के डिमांड करने लगे ।

**अन्य की गिरफ्तारी के लिए हो रही छापेमारीः** जब उनके पुत्र ने कहा कि ऐसा क्यों कर रहे हैं, जमीन की एवज में 18 लाख रुपए लेकर भी मुकर रहे हैं। तब नीरज के मामा के बेटे ने कहा कि खत्म कर दो अग्रिम राशि पाने का मामला ही साफ हो जाएगा। जिस पर नीरज चौधरी ने गोली मार दी। जिससे उसकी घटना स्थल में ही मौत हो गई। गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# डुमरांव के नवानगर में नीतीश कुमार करेंगे जनसभा

निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा चुनाव को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के नावानगर के खेल मैदान में पहुंचेंगे। बक्सर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मिथिलेश तिवारी के लिए करीब 12 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान उनके साथ एनडीए गठबंधन के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे। इसको लेकर खेल मैदान में तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने भी उनके आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी में जुटी हुई है। जदयू के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह एवं प्रदेश सचिव विनोद राय ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश के 23 मई के आगमन और उनके चुनावी सभा को सफल बनाने के लिए एनडीए के तरफ से तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है।



**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैः** वहीं, एसडीएम राकेश कुमार ने खेल मैदान पहुंच तैयारी कर तैयारियों का जायजा लिया है। उनके साथ एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी, बीडीओ मनोज कुमार एवं थानाध्यक्ष नंदू कुमार भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभा स्थल, सभा मंच और हेलीपैड के स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय पुलिस पदाधिकारी और जदयू के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी सीएम के कार्यक्रम के बारे में आवश्यक जानकारी और सुझाव लिया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि सीएम के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे। आगमन को लेकर चौकसी बढ़ा दी गई है। आने जाने वाले लोगों की गहन जांच पड़ताल की जा रही है।

# दंगल प्रतियोगिता में यूपी-बिहार के पहलवानों ने दिखाया दम

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सुरौधा गांव में महावीर विराट दंगल महोत्सव के तत्वावधान में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व मुखिया नंदलाल सिंह एवं वार्ड सदस्य धनजी सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। वाराणसी, लखनऊ, आजमगढ़ तथा बिहार के कई नामी पहलवानों ने शिरकत कर अपनी पहलवानी का प्रदर्शन किया। इसमें बड़क पहलवान, छोटक पहलवान, कमल यादव एवं सतेंद्र यादव सहित कई पहलवानों ने अपनी दमखम का परिचय दिया। दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ददन पहलवान के पुत्र करतार सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। उन्होंने कहा कि कुश्ती दंगल हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ा हुआ धरोहर है, जो आदिकाल से चला आ रहा है, वर्तमान समय में युवाओं के कुश्ती प्रतियोगिता को लेकर रुझान बढ़ रहा है, पूरे पूर्वांचल में कुश्ती को बढ़ावा मिल रहा है जो अच्छी बात है। इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा और सौहार्द की भावना बढ़ती है।

**दूर-दूर से आए लोगों ने प्रतियोगिता का लिया आनंदः** दंगल प्रतियोगिता के दौरान पहलवानों ने अपने अपने दांव दिखाएं और एक दूसरे को पटखनी देने की प्रयास में लगे रहे। दंगल प्रतियोगिता के बाद सभी पहलवानों को पारितोषिक देकर सम्मानित भी किया गया। दंगल देखने के लिए काफी दूर दराज के गांवो से ग्रामीणों पहुंचे हुए थे। दंगल प्रतियोगिता में निर्णायक रेफरी का कार्य मिट्ठू पहलवान ने किया। जबकि उद्घोषक का कार्य छैबर पहलवान ने किया।

# छपरा में चुनावी हिंसा पर ददन पहलवान ने जताया दुख, कहा-ये हमारे समाज के लिए ठीक नहीं

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के बिहार सरकार में पूर्व वाणिज्य राज्य मंत्री रहे ददन पहलवान इस बार चुनाव में निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। छपरा में हुए चुनावी हिंसा को लेकर एक तरफ जहां दुःख प्रकट करते हुए रोहिणी आचार्य को अपने घर की बेटी बता एक जाति विशेष के लोगों पर अपमानित होने का आरोप लगाया है। बक्सर संसदीय सीट से राजद प्रत्याशी सुधाकर सिंह पर हमला भी बोला। कहा कि यह पहली घटना नहीं है। हमारे परिवार और समुदाय के लिए यह दूसरी घटना है जो ठीक नहीं है। चुनाव में हिंसा की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। छपरा में चुनावी हिंसा में अभी तक एक की मौत और तीन लोगो की घायल की खबर पूरे बिहार में आग की तरह फ़ैल गई है। चुनावी



समर में उतरे ददन पूर्व मंत्री ददन पहलवान बुधवार की शाम सरेंजा गांव में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। मीडिया से बात करते हुए कहा की हमारे परिवार पर सामंती लोग अत्याचार भारी कर रहे है।जिसको लेकर काफी दुखी हूं।उन्होंने कहा की हमारे यादव परिवार के सबसे बड़े नेता लालू प्रसाद यादव माने जाते है। उनकी बेटी के पीछे पीछे कई समांतवादी युवको का चलाना और युवकों को गोली से भून देना दुःख की बात है।यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले राजद के साथ नीतीश कुमार थे तो एक घटना मांझी में भी घटी थी। इसपर अपने लोगों

**◆ रोहिणी को लेकर भी कही बात**

को गंभीर होना पड़ेगा। आरजेडी से लोकसभा प्रत्याशी सुधाकर सिंह पर निशाना साधते हुए ददन पहलवान ने कहा की इनके पिता जी बक्सर से कई बार हारने के बाद अब बेटे को टिकट दिए है।ये तानाशाह खानदान से आते है। कहा की जगतानंद को हम 20 साल से देख रहे है।राबड़ी देवी हमारे पार्टी की मुख्यमंत्री थी। लालू प्रसाद देश के बड़े नेता थे। उनके सामने जगतानंद कभी हाथ नहीं जोड़ा कभी प्रणाम नहीं किया। वही हाल बेटे का भी है। बक्सर में तेजस्वी आए थे तो हमारे जात बिरादरी के लोगों ने कहा कि आगे बढ़कर अभिवादन भी नहीं किया।

# संक्षिप्त समाचार

### वीरेश मिश्रा अध्यक्ष, अंजनी कुमार महासचिव बने

**भागलपुर**। जिला विधिज्ञ संघ (डीबीए) को सत्र 2024-26 के लिए नया अध्यक्ष और महासचिव मिल गया। 18 मई को हुए चुनाव के तीसरे दिन इन दोनों पदों के लिए वोटों की गिनती पूरी कर ली गई। वीरेश प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष और अंजनी कुमार महासचिव चुने गए। वीरेश प्रसाद मिश्रा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मुक्ति प्रसाद सिंह को 276 मतों से शिकस्त दी। जबकि अंजनी कुमार ने अपने प्रतिद्वंद्वी मृत्युंजय प्रसाद सिंह को 236 वोट से हराया। दोनों पदों पर जीत-हार का फैसला मंगलवार की देर शाम में हुआ। इसकी घोषणा निर्वाची अधिकारी मो. शम्सुद्दीन ने की। वीरेश प्रसाद मिश्रा को 875 वोट मिले और मुक्ति प्रसाद सिंह को 599 मत प्राप्त हुए। 95 वोट रद्द हुए। महासचिव पद के लिए अंजनी कुमार को 689 मत तो मृत्युंजय प्रसाद सिंह को 453 मत मिले। 109 मत रद्द हुए। बाकी नौ पदों के लिए बुधवार को मतों की गिनती की जाएगी।

### हरियाणवी नृत्य कार्यशाला का हुआ समापन

**भागलपुर**। कंपनीबाग स्थित किलकारी बिहार बाल भवन में गर्मी की छुट्टी पर आयोजित दस दिवसीय हरियाणवी लोक नृत्य कार्यशाला का समापन बुधवार को किया गया। कार्यशाला में हरियाणा से आए विशेषज्ञ संजय वागड़ी व उनके सहयोगी द्वारा दस दिनों तक बच्चों को हरियाणवीं लोक नृत्य की बारीकीयों को सिखाया गया व तीन हरियाणवीं गीत पर बच्चों का नृत्य तैयार कराया गया, जिसकी प्रस्तुति समापन के दौरान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी साहिल राज ने कहा हम आभार प्रकट करते हैं संजय वागड़ी व उनके सहयोगी शुभम का जिन्होंने बच्चों को हरियाणवीं लोक नृत्य से परिचय कराया व प्रस्तुति तैयार कराई। बच्चों ने इस कार्यशाला में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।उन्होंने कहा इस कार्यशाला में 180 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर हरियाणवीं नृत्य की प्रस्तुति में सावन उत्सव के गीत, वर्षण लागी है चोगर्थे काली घटा सामान की पर बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जबकि उसके बच्चों ने दो अलग-अलग हरियाणवीं गीत पर बच्चों ने खूबसूरत प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सहायक लेखा अधिकारी सौरभ शिशिर, किलकारी के प्रशिक्षक कुंदन कुमार, विक्रम कुमार, सुमित मिश्रा, निभाष मोदी, कुमार संभव, नवीन मसीह (सोल्टी), अंशु रश्मि, संतोष कुमार, बजमी एकराम आदि मौजूद रहे।

### विवि कर्मियों का वेतन सीधे खाते में भेजा जाएगा

**मुंगेर**। शिक्षा विभाग अब विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों का वेतन अलग-अलग सीधे उनके खाते में भुगतान करेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सीधे वेतन भुगतान के लिए एक पोर्टल विकसित किया गया है। इस पोर्टल के संचालन को लेकर विभाग के द्वारा प्राचार्य, बर्सर, कुलसचिव, वित्त परामर्शी एवं वित्त पदाधिकारियों को 25 मई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि उस पोर्टल पर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर से सीधे वांछित सूचनाएं अपलोड की जा सके। विभाग की उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और अंगीभूत कॉलेजों के प्राचार्यों को इस संबंध में पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों का वेतन सीधे उनके खाते में भुगतान किये जाने पर विचार चल रहा है। इसके लिए हर विश्वविद्यालय और कॉलेज को लॉग-इन एवं पासवर्ड भी दिया जाना है।

### रेलकर्मी से 22 लाख की ठगी, साइबर थाना में प्राथमिकी

**मुंगेर**। ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के क्लब रोड निवासी रेलकर्मी उदयमान चौरसिया के साथ साइबर ठग ने लगभग 22 लाख रुपए की ठगी कर ली है। घटना को लेकर पीड़ित रेलकर्मी ने साइबर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के क्लब रोड निवासी रेलकर्मी उदयमान चौरसिया को दिल्ली से विक्रम राठौड़ नाम के एक युवक ने 1 अप्रैल को एक अज्ञात वीडियो कॉल के माध्यम से एक वीडियो अपलोड करने की धमकी दी। जिसे हटाने के लिए उसने नियमित रूप से 1, 4, 6, 8, 10, 15 और 20 अप्रैल को पैसे मांगे। जिसके बाद रेलकर्मी काफी डर गए और साइबर ठग के झांसे में आकर उन्होंने रुपए देना शुरू कर दिया। रेलकर्मी को यह लगा कि यह बात कोई नहीं जाने और समाज में सम्मान बना रहे, इसके लिए रेल कर्मी लगातार साइबर ठग को रुपये देता रहा। जिसके बाद साइबर ठग भी पैसे के लोभ में आकर लगातार रेलकर्मी पर दबाव बनाता रहा और हर बार अधिक पैसे मांगता रहा। ठग के द्वारा कभी स्वीकार नहीं किया कि उसने वीडियो हटा दिया है। जिस कारण रेल कर्मी पर दबाब बनाकर सायबर ठग ने लगभग 22 लाख रुपये रेलकर्मी से ठगी कर लिया। साइबर थाना में दर्ज एफआईआर के मुताबिक बीते 25 अप्रैल को सायबर ठग के द्वारा फिर एक नया नंबर 9166172288 से कॉल आया। कॉल करने वाले सायबर ठग ने अपने आप को जयपुर के एसएचओ संजय कुमार बताया। उसने एफआईआर से नाम हटाने के लिए मोटी रकम की मांग की। जिसके बाद रेलकर्मी उदयमान चौरसिया ने अपना बेटा गौरव चौरसिया को सारी कहानी बताई। जिसके बाद उसने साइबर क्राइम थाना मुंगेर में शिकायत की।

### मिरची तालाब के पास लगे प्याऊ से समरसेबुल की चोरी

**मुंगेर**। नगर निगम वार्ड-3 मिरची तालाब के दर्जनों स्थानीय लोगों ने बुधवार को नगर आयुक्त को आवेदन दिया है, जिसमें कहा गया है कि लाल दरवाजा मिरची तालाब के पास अमन और दामोदर यादव घर के सामने लगे प्याऊ से समरसेबुल की चोरी हो गई है। समरसेबुल की चोरी हो जाने के कारण आसपास के 100 घरों के लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। आवेदन में नगर आयुक्त से अनुरोध किया गया है कि उक्त प्याऊ में समरसेबुल की व्यवस्था की जाए और अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आवेदन में लिखा है कि 21 मई की रात समरसेबुल, कॉलम पाइप व पैनल बोर्ड आदि चुरा के ले गए, जिसकी जानकारी सुबह 4 बजे हुई। वार्ड सदस्य हीरो कुमार यादव समेत दीपक कुमार, सुधा कुमारी, सरिता देवी, गुड़िया कुमारी, सचिन पासवान, रामविलास यादव समेत दर्जनों लोगों ने मांग किया है कि समरसेबुल चोरी करने वाले गिरोह के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इसके अलावा प्याऊ के पास विरेन्द्र यादव घर के सामने सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है, उसकी जांच होने पर चोरी करने वालों की शिनाख्त हो जाएगी।

### आवेदन देकर मारपीट करने का पड़ोसी पर लगाया आरोप

**तारापुर**। तारापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनपुर निवासी मो. रूस्तम की पत्नी जुली खातून ने अपने पड़ोसी स्व. शमसुद्दीन के पुत्र मो. निराले, मो. निराले की पत्नी रेशमा खातून पर मारपीट करने व भद्दी-भद्दी गाली देने का आरोप लगाते हुए तारापुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर लिखित आवेदन दिया है। थाने को दिये आवेदन में जूली ने कहा है कि दोनों पति पत्नी मनबढ़ू हैं। इससे पहले भी चालू वर्ष के 03 फरवरी को दोनों नामित पति पत्नी ने बच्चे के बीच हुई मारपीट में मेरे बच्चे के साथ मारपीट किया था। बच्चे की रोने की आवाज सुन घर से बाहर निकली तो देखी कि दोनों पति पत्नी मिलकर मेरे बच्चे की पिटाई कर रहा है। मैं सामने जाकर पिटाई करने का कारण पूछी तो दोनों ने भद्दी-भद्दी गाली देना शुरू कर दिया। रेशमा ने मेरी चोटी पकड़ कर मुझे जमीन पर पटक दिया। मेरे जमीन पर गिरते ही दोनों लात घूसे से मुझे बेहरमी से मारने लगा।

### महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर छात्र राजद ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**तारापुर**। राष्ट्रीय जनता दल छात्र प्रकोष्ठ चुनाव आचार संहिता के समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय में तालाबंदी कर सकती है। छात्र राजद के अध्यक्ष अंकित कुमार झा ने अपने सहयोगियों संग महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर उदय शंकर दास को लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन के माध्यम से संघ के सदस्यों ने कहा है कि 19 मार्च को महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बुनियादी सुविधा बहाल करने के लिए मांग पत्र दिया गया था। प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से आश्वस्त किया गया था कि एक पखवाड़ा के अवधि में सुविधा बहाल कर दी जाएगी। दुखद स्थिति है कि दो महीने बीतने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। किसी प्रकार की पहल नहीं की जा रही है। पूर्व के ज्ञापन में सुझाए गए मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में आदर्श चुनाव आचार संहिता समापन के बाद छात्र राजद महाविद्यालय में अपने आंदोलन को तेज करते हुए तालाबंदी का निर्णय ले सकती है। आनंद कुमार झा, सूरज कुमार, जीत कुमार, चौधरी सहित कई अन्य साथ थे।

# सुल्तानगंज में तीसरे दिन सफाई कर्मी का हड़ताल खत्म

निज संवाददाता। भागलपुर



❒ PF की मांग को लेकर 2 दिन से हड़ताल पर थे, 30 मई को अकाउंट में आ जाएगा

नगर परिषद सुल्तानगंज के सफाई कर्मी बीते दो दिनों से कई मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। गुरुवार को आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल को खत्म कर दिया है। वापस काम पर लौट गए। पिछले दो दिनों से हड़ताल पर रहने के बाद इलाके में कूड़े का अंबार लग गया है। इसके बाद हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों से संबंधित अधिकारियों ने पहुंचकर समझाया बुझाया। इसके बाद सफाई कर्मी ने हड़ताल खत्म किया। बता दें कि एनजीओ के तरफ से सफाई कर्मियों को पिछले कई सालों से पीएफ नहीं दिया गया था। इसके बाद दर्जनों सफाई कर्मी ने इसको लेकर लिखित आवेदन भी दिया था उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं किया गया। सफाई कर्मियों का कहना है कि उनका वेतन में बड़ाकर 18 हजार प्रतिमाह रुपए दिया जाए जिससे कि घर परिवार सही से चल सके। हड़ताल की सूचना मिलने के बाद नगर परिषद के सफाई कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार मृत्युंजय कुमार, नगर परिषद सुल्तानगंज के स्वच्छता पदाधिकारी अमित कुमार भगत, सफाई निरीक्षक दिलीप दुबे मौके पर पहुंचे। नगर परिषद सुल्तानगंज के सफाई कर्मी को घंटों समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं, सफाई कर्मियों को आश्वासन दिया गया है कि 30 मई तक पीएफ अकाउंट में चला जाएगा। इसके बाद सफाई कर्मी में हड़ताल खत्म किया है।सफाई कर्मियों ने बताया कि पिछले कई सालों का पीएफ अभी तक हम लोगों को नहीं मिला है। जिस कंपनी के तहत हम लोग काम करते हैं उस कंपनी को कई बार हम लोगों ने लिखित रूप से आवेदन भी दिया। लेकिन किसी भी प्रकार का कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसीलिए हम पिछले दो दिनों से हड़ताल पर हैं। 30 मई तक पीएफ देने की बात कही है। अगर हम लोगों को पीएफ नहीं मिलेगा तो हम लोग निरंतरण हड़ताल जारी रखेंगे। सफाई कर्मी मुकेश ने बताया कि हम लोगों का वेतन बहुत कम है। कम से कम 18000 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलना चाहिए। जिससे हम अपने परिवार का भरण पोषण अच्छा से कर पाएंगे। काम के बदले जितने रुपए मिलते हैं उसे सही से परिवार का भरण पोषण नहीं हो पता है। ऊपर से टाइम पर सैलरी नहीं मिलती है। पीएफ को लेकर हम लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों को आवेदन दिया उसके बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं दिया गया। हम लोग पिछले दो दिनों से हड़ताल पर हैं। इधर, आश्वासन के बाद सफाई कर्मी अपने कामों पर वापस लौट गए हैं। पिछले दो दिन के हड़ताल में नगर परिषद इलाके में कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इस दौरान ठेकेदार मृत्युंजय कुमार,साक्षरता पदाधिकारी अमित कुमार भगत, सफाई निरीक्षक दिलीप दुबे एवं दो दर्जन से अधिक सफाई कर्मी मौजूद थे।।

# पटना की चोरी हुई बाइक मुंगेर में मिली



निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के हवेली खड़गपुर थाना की पुलिस ने रतैठा पंचायत भवन के पास से बाइक सवार दो युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। हवेली खड़गपुर थाना की पुलिस की गश्ती टीम मुजफ्फरगंज की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस की गाड़ी देखकर एक बाइक पर सवार दो युवक तेजी से भागने लगा। गश्ती कर रहे पुलिस पदाधिकारी की नजर बाइक सवार पर पड़ी और शक हुआ उसके बाद पुलिस गाड़ी से खदेड़कर दोनों युवक को पकड़ लिया। इसके बाद दोनों युवक की तलाशी ली गई। एक युवक के पास से देसी कट्टा और दूसरे युवक के पास से गोली बरामद की गई। बरामद की गई बाइक के बारे में पता किया गया तो चोरी की बाइक है। इस बाइक की प्राथमिकी पटना के एक थाना में दर्ज है। प्रशिक्षु डीएसपी विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग मुजफ्फरगंज से हथियार के साथ हवेली खड़गपुर की ओर आ रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए हवेली खड़गपुर थाना पुलिस मुजफ्फरगंज की ओर जा रही थी कि रतैठा पंचायत भवन के समीप पुलिस गाड़ी देखकर बाइक सवार दो युवक भागने लगे जिसे पकड़ लिया गया। मामले में मधुबन दरियापुर गांव निवासी खिरो बिंद पिता प्रकाश बिंद अमृत कुमार उर्फ बीरबल पिता भोला पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# पटना से आलमनगर जा रही बस में हाईवा ने मारी टक्कर, 3 गंभीर

निज संवाददाता। भागलपुर

बोल्डर लदे तेज रफ्तार हाईवा ने सामने से यात्रियों से भरी बस में टक्कर मार दी। इस हादसे में बस के चालक, खलासी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आईं। बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह दुर्घटना बुधवार अलसुबह करीब 3:45 बजे एनएच-31 पर नारायणपुर के भगवान पेट्रोल पंप और खंतर यादव लाइन होटल के बीच हुई। बस पटना से भाया नवगछिया, चौसा होते हुए आलमनगर जा रही थी। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पेट्रोल पंप और लाइन होटल के कर्मचारियों की सूचना पर भवानीपुर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर महेश कुमार, डायल 112 के अधिकारी सुरेश सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल वैशाली के शिक्षक विनोद कुमार, पिता घूरन रजक, बस के चालक लखीसराय के मनोज यादव, पिता विष्णुदेव यादव और खलासी पूर्णिया जिला के बनमनखी निवासी अमित कुमार, पिता सुधीर पोद्दार को इलाज के लिए सीएचसी नारायणपुर पहुंचाया। वहीं बस में सवार अन्य यात्रियों को दूसरी बस से गंतव्य स्थान के लिए भेजा। सीएचसी प्रभारी डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार डॉ. चंदन कुमार ने किया। इसके बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। डॉ. चंदन कुमार के अनुसार तीनों खतरे से बाहर हैं। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि टू बाय टू 52 सीटर एसी बस में करीब 40 यात्री सवार थे। बस में सवार अन्य यात्रियों को भी हल्की चोटें आईं। बस को टक्कर मारने के बाद हाईवा एनएच किनारे उतर गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस की मदद से बाकी यात्री दूसरी बस से गंतव्य स्थान की ओर चले गए।

# रंगदारी मांगने के आरोप में बदमाश गिरफ्तार, कई हथियार बरामद, दूसरे की तलाश जारी

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर जिला अंतर्गत गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहली मथुरा स्थित बागरा नदी पर पुल के निर्माण कार्य कर रहे संवेदक के कर्मचारियों से रंगदारी मांगने की सूचना पाकर गंगटा थाना पुलिस ने मौके एक अपराधी को गिरफ्तार किया। जिसके पास से दो देसी कट्टा, एक मोबाइल बरामद किया गया, साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि विगत 13 मई को कुछ बदमाश पुल निर्माण कर रहे कर्मचारी से रंगदारी की मांग की थी। जिस बाबत पुलिस अधीक्षक मुंगेर ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हवेली खड़गपुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जिसमें गंगटा थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस अवर निरीक्षक दीप शिखा सहायक अवर निरीक्षक संजीव कुमार एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

**ठेकेदार से रंगदारी मांगने पहुंचे थे:** गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा गांव के पास पुल निर्माण कार्य करा रहे संवेदक से रंगदारी की मांग मामले में गंगटा पुलिस ने दो कट्टा के साथ एक अपराधी को निर्माण कार्य के पास से किया गिरफ्तार। बुधवार शाम एक बार फिर अपराधी रंगदारी मांगने पहुंचे थे जिसकी सूचना पुलिस को मिली जिस पर कार्रवाई करते हुए गंगटा पुलिस घटनास्थल की ओर चल पड़ी। तभी सामने से बुलेट से आ रहे दो अपराधी पुलिस को देख बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किया। खदेड़ने बदमाश बाइक छोड़कर भागने प्रयास करने लगे, जिसमें से एक को पुलिस ने पकड़ लिया। वहीं दूसरा भागने में सफल रहा।

**दूसरे फरार बदमाश की तलाश जारी:** पकड़े गए अपराधी के पास से दो देसी कट्टा एक मोबाइल की बरामद हुई साथ ही बाइक को भी जब्त कर लिया गया। पूछताछ में दोनों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार की एवं अन्य के बाबत भी जानकारी दी। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान कुनौली गांव निवासी वरुण कुमार उर्फ बलराम पिता संतोष यादव के रूप में हुई है। जिन्हें पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। वहीं दूसरे फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसके पूर्व भी गंगटा थाना क्षेत्र रंगनाथ पहाड़ी के पास पुल निर्माण कार्य में रंगदारी मांगे जाने की सूचना मिली थी।

# बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## मुंगेर में गंगा घाटों पर उमड़ी भीड़, जिला प्रशासन ने किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

निज संवाददाता। मुंगेर



आज बुद्ध पूर्णिमा है। इसके साथ ही वैशाख पूर्णिमा भी है। मान्यता के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का विशेष फायदा मिलता है। इस लाभ की प्राप्ति के लिए मुंगेर जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। शहर के कष्टहरनी घाट, सोझी घाट, लाल दरवाजा घाट, शंकरपुर घाट, श्यामपुर घाट, महुली घाट, टीकारामपुर घाट, घोरघट घाट,बरियारपुर घाट, नौवागढ़ी घाट, मनियारचक घाट, तारापुर दियारा पंचायत घाट सहित अलग- अलग गंगा घाटों पर श्रद्धालु सुबह से ही गंगा स्नान के लिए पहुंच रहे है।

**सभी गंगा घाटों पर लोगों की भीड़:** इस कारण सभी गंगा घाटों पर लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। हालांकि, जिला प्रशासन ने गंगा स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो और किसी प्रकार की कोई घटना नहीं घटे, इसके लिए व्यापक इंतजार किए हैं। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने जानकारी दी है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सभी गंगा घाटों पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी गंगा घाटो पर दो-दो गोताखोर भी तैनात किए गए हैं। यह किसी भी दुर्घटना को रोकने में सक्षम है।

**ज्योतिषाचार्य ने बुद्ध पूर्णिमा को लेकर दी जानकारी:** बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए मुंगेर जिले के ज्योतिषाचार्य अविनाश कुमार शास्त्री ने बताया कि बुद्ध जन्मोत्सव वैशाख पूर्णिमा यानी बुद्ध पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान से विशेष लाभ मिलता है। आज स्नान से आत्म ज्ञान की भी प्राप्ति होती है। आज के दिन स्नान कर पूजा पाठ करने से पापों का नाश होता है। पारिवारिक झगड़ा खत्म होता है। साथ ही तन की शुद्धि, मन की शुद्धि एवं विचारों की शुद्धि होती है। इसलिए आज अवश्य गंगा स्नान कर पूजा पाठ एवं दान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि गंगा स्नान कर अपने पितरों के लिए तर्पण भी आज किया जा सकता है। इससे आपके पूर्वजों की आत्मा को शांति एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# तारापुर मनरेगा कार्यालय में तोड़फोड़, 2 दिन पहले मिली थी धमकी

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के तारापुर के मनरेगा कार्यालय में जमकर बवाल हुआ है। यहां कार्यालय के प्रिंटर, कमरे में रखे कुर्सी, दरवाजे तोड़ दिए गए हैं। इस घटना के बाद पहुंचे मीडिया कर्मियों को विभागीय कर्मियों ने तत्काल कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। इस संदर्भ में थाना में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। वहीं, दो दिन पहले भी यहां एक प्रतिनिधि ने एक कर्मी को कार्यालय के सभी सामान को तोड़ने की धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार रामपुर पंचायत की योजना में उप मुखिया पंकज कुमार ने डेटा एंट्री ऑपरेटर से 15 मजदूर की मांग करने की बात कही थी। इधर, कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश पर 10 मजदूर की मांग कर योजना शुरू करने के लिए कर्मियों को निर्देश दिया गया था। डेटा एंट्री ऑपरेटर राजेश कुमार ने कहा है कि कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देशानुसार 10 मजदूर की ही मांग की जाएगी।

# भारी बारिश से किसानों को मूंग की फसल को नुकसान की आशंका

निज संवाददाता। संग्रामपुर



प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने मूंग की खेती कर अच्छी कमाई करने वाले किसानों के सपने पर पानी फिरने की संभावना जतायी जा रही है। मंगलवार की देर रात्रि शुरू हुई मूसलाधार बारिश बुधवार के 9:00 बजे दिन तक लगातार होने से मूंग लगी हुई खेतों में पानी जमा हो गया है। खेतों में पानी जमा हो जाने से मूंग के छोटे-छोटे पौधों के गल जाने या मर जाने की संभावना बढ़ गई है। किसान किसी तरह से अपने खेतों से पानी निकालने की जुगत में लग चुके हैं। प्रखंड क्षेत्र के किसान अबोध शर्मा, छबील यादव, श्यामसुंदर यादव, राम बहादुर सिंह, संतोष सिंह इत्यादि ने बताया कि इस बार मूंग की फसल की अच्छी पैदावार होने की संभावना थी। लगभग 10 दिन पूर्व हल्की बारिश हुई थी, जिसे किसान मूंग की खेती के लिए वरदान मान रहे थे। उस समय किसी को कहां पता था कि कुछ दिन बाद होने वाली मूसलाधार बारिश उन लोगों के अच्छी फसल के उम्मीदों पर पानी फेर देगा। रात में हुई बारिश से मूंग लगे खेतों में पानी भर गया है, जो अगर नहीं निकाला गया तो सारी फसल ही चौपट हो जाएगी।

### भागलपुर में तीन बस स्टैंड, सुविधा किसी में भी नहीं

**भागलपुर**। भागलपुर स्मार्ट सिटी में तीन बस स्टैंड है, लेकिन तीनों बस स्टैंड में यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं है। न तो पानी न शौचालय और न ही यात्रियों को बैठने के लिए यात्री शेड है। तिलकामांझी बस स्टैंड के समीप क्षतिग्रस्त यात्री शेड पर मनचलों का दबदबा है। भास्कर के पड़ताल में तिलकामांझी बस स्टैंड में बनाए गए यात्री शेड पर कुछ लड़के बैठकर गांजा पीते कैमरे में कैद हुए। यात्री इधर-उधर भटकते नजर आए। स्टैंड में बनाए गए चापाकल और नल खराब है, जिसके कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय काफी गंदा है। शौचालय नहीं होने के कारण खासकर महिलाओं को काफी परेशानी होती है। सरकारी बस स्टैंड में शौचालय, यात्री शेड की व्यवस्था तो है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
ई-निविदा नोटिस सं.-05 ऑफ 2024-25/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू। मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।
1. कार्य का नाम एवं लोकेशन : निविदा सं.-06-डीडीयू-मं.इंजी.-मुख्यालय-24-25. पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन - सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डी.डी.यू. में टीटी रनिंग रूम का नवीनीकरण। 2. कार्य का अनुमानित लागत : ₹40,39,777.50, 3. धरोहर राशि : ₹80,800.00, 4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 14.06.2024 को 12:00 बजे तक। 5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in.
नोट :- विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबन्धक/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00332/डीडीयू/अभि./टी/24-25/32

पूर्व मध्य रेल
ई-नीलामी सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पे एंड यूज टॉयलेट के लिए ई-नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है :-
1. AA/1. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : गरहनी स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित पे एंड यूज शौचालय (CSR के तहत निर्मित) का ठेका संचालन और रखरखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-GQN-Toi-10-23-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 06.06.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:30 बजे बंद होगी।
2. AA/2. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : पिरो रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित पे एंड यूज शौचालय (CSR के तहत निर्मित) का ठेका संचालन और रख रखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-PIRO-Toi-8-23-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 06.06.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:40 बजे बंद होगी।
3. AA/3. कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग एरिया में स्थित पे एंड यूज शौचालय (CSR के तहत निर्मित) का ठेका संचालन और रख रखाव के आधार पर 03 वर्षों के लिए। ई-नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-XBKJ-Toi-9-23-1. ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 06.06.2024 को 14:00 बजे शुरू होगी और 14:50 बजे बंद होगी।
ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : Toi-DDU-10. वेबसाईट का पता जहॉ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)/
पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/00329/डीडीयू/वा./एन/24-25/52

# तेजस्वी ने लोकसभा चुनाव के बीच बनाया नया रिकॉर्ड, मोदी और नीतिश से थी टक्कर

निज संवाददाता



**पटना।** चुनावों की लंबी प्रक्रिया करीब-करीब पटाक्षेप की ओर बढ़ रही है। 25 मई को छठे और एक जून को सातवें चरण के मतदान के बाद करीब तीन महीने लंबा चला चुनाव समाप्त हो जाएगा। बिहार के मतदाताओं ने इस चुनाव में कई नई चीजें महसूस की। लोगों ने प्रधानमंत्री को करीब से देखा, सुना तो वहीं एक लंबे अंतराल के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद भी रू-ब-रू हुए। वहीं, बिहार के नेता प्रतिपक्ष ने भी अपनी तमाम शारीरिक परेशानियों के बीच दो सौ से अधिक चुनावी सभाएं करने का रिकॉर्ड भी बनाया। बिहार के नेता प्रतिपक्ष ने चार अप्रैल से अपना चुनावी अभियान शुरू किया था। एक हेलीकॉप्टर में सवार होकर तेजस्वी यादव और विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी लगातार बिहार के प्रत्येक जिले के एक-एक प्रखंड और पंचायत में पहुंचे और चुनावी रैलियां, सभाएं कर अपने मतदाताओं से संवाद बनाया और उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित किया। चुनाव मैदान पर उनके सामने एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शरमा जैसे राजनीति के दिग्गजों ने मोर्चा संभाला हुआ था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, जीतन राम मांझी जैसे दिग्गजों मैदान में डटे रहे। लेकिन, दूसरी ओर महागठबंधन की ओर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोर्चा संभाल रखा था। सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव का प्रचार शुरू होने के कुछ समय के बाद ही नेता प्रतिपक्ष को कमर और रीढ़ के दर्द ने परेशान करना शुरू कर दिया। लेकिन, वे रुके नहीं। खुद एक दिन अस्पताल पहुंचे, एमआरआइ कराने के बाद शारीरिक दिक्कतों को समझा और कमर में मेडिकल बेल्ट पहन प्रचार में जुटे रहे। सहयोगियों का सहारा लेकर हेलीकाप्टर से बाहर आते, मंच तक सहारा लेकर पहुंचते और कुर्सी पर बैठ सभा को संबोधित करते रहे। इसी अवस्था में प्रत्येक दिन वे चार से सात तक चुनावी सभाएं करते रहे। करीब 50 दिनों की अवधि में तेजस्वी यादव ने दो सौ पांच रिकार्ड सभाएं की। गुरुवार को तेजस्वी एक बार फिर मुकेश सहनी के साथ चुनावी सभाओं के लिए निकले। गुरुवार को उनकी छह सभाएं होनी है। इससे पहले हेलीकॉप्टर में बैठे तेजस्वी को सहनी ने दो सौ सभाएं पूरी होने की याद दिलाई और कहा कि इस मौके पर वे खुशी मनाना चाहते हैं। सहनी तेजस्वी के लिए केक लेकर आए थे। इस केक को दोनों नेताओं ने काटा और खुशियां मनाई। इस दौरान तेजस्वी ने कहा जनता ने उन्हें अपार प्यार और समर्थन दिया। कड़ी धूप में भी युवा, महिलाएं, बुजुर्ग घंटों उन्हें सुनने के लिए डटे रहे। उन्होंने कहा यह चुनाव जनता के अपार समर्थन और प्यार के लिए हमेशा याद रहेगा।

## केक काटने का आइडिया कहां से आया तेजस्वी ने पूछा तो सहनी ने दिया जवाब

निजसंवाददाता



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने 200 सभाएं पूरी होने पर हेलिकॉप्टर में पार्टी की। इस दौरान अन्य नेता भी मौजूद रहे। इस मौके पर तेजस्वी और मुकेश ने केक काटा। इस दौरान, तेजस्वी ने बताया कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान 250 से अधिक सभाएं की थी। इसपर मुकेश ने कहा कि इस बार भी यह आंकड़ा पार हो जाएगा। केक काटने के दौरान तेजस्वी ने मुकेश से पूछा कि आपको केक काटने का आइडिया कहां से आया तो इसका जवाब देते उन्होंने मुकेश ने कहा कि कुछ हमलोग नया करें, जिससे लोगों को मिर्ची लगे। इसके बाद, तेजस्वी ने पूछा कि आप लोगों को मिर्ची क्यों लगवाते हैं इसपर उन्होंने जवाब दिया कि हम दोनों के भाई चारे से लोगों को मिर्ची लगना तय है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार की जनता इस भीषण गर्मी में भी उनको सपोर्ट कर रही है, सुनने आ रही है। इस बार संविधान को बचाना है। उन्होंने कहा कि महंगाई को देश से भगाना है। वहीं मुकेश सहनी ने कहा कि हम लोग गरीब पिछड़ों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। बता दें कि तेजस्वी और मुकेश लगातार चुनावी सभा कर रहे हैं। वह अपनी हर सभा में सरकार बनने पर युवाओं को नौकरी देने की बात को दोहरा रहे हैं। इसके साथ गरीबों को हर महीने आठ हजार रुपये देने का भी वादा किया है।

## मीसा भारती पर लालू परिवार का फोकस, बेटी के लिए खुद मैदान में उतरेंगी राबड़ी



**पटना (नि.सं.)।** एक ओर लालू प्रसाद अपनी बेटी और सारण लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार के लिए छपरा में कैंप कर उनके पक्ष में प्रचार करते रहे। इसी कड़ी में अब पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी अपनी बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र सीट से प्रत्याशी डॉ. मीसा भारती की पक्ष में वोट मांगने के लिए चुनाव मैदान में उतरेंगी। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि राबड़ी देवी पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र की महागठबंधन उम्मीदवार मीसा भारती के पक्ष में प्रचार करने के लिए 23 मई को फुलवारी शरीफ प्रखंड के 70 फीट से बल्लमीचक तक जनसंपर्क अभियान और रोड शो करेंगी। यहां वे आम लोगों से मुलाकात भी करेंगी। बुधवार की सुबह दानापुर स्थित लालू खटाल में राजद कार्यकर्ताओं का जमावड़ा हुआ। हरा-कुर्ता पायजामा और माथे पर लालटेन बांधे फुलवारी शरीफ के ताज मोहल्ला निवासी चट्टान वहां आकर्षण का केंद्र बने रहे। यहां से पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र की राजद प्रत्याशी डॉ. मीसा भारती जनसंपर्क में निकलीं। 11 बजे मीसा भारती बाहर आईं। कार्यकर्ता उनके पास पहुंचे। गुलदस्ता देकर हैप्पी बर्थ डे दीदी कहने वालों की कतार लग गई। उनका जन्मदिन था। मीसा को यहां से दुल्हिन बाजार जाना था। सफेद कार में वे सवार हो गईं। लगातार जनसंपर्क के कारण वे कुछ अस्वस्थ लग रहीं थीं। गाड़ी से उतरकर चलते समय उन्हें सहयोग की जरूरत पड़ी। उनका काफिला प्रखंड कार्यालय से सटे ऐनखां पहुंचा। संबोधन की बारी आई तो उन्होंने कहा, हम थोड़े अस्वस्थ हैं, बैठकर बोल लें समर्थकों ने एक स्वर में हां कहा। फिर उन्होंने बैठकर वहां अपनी बातें रखीं। यहां से कादिरगंज, दुल्हिन बाजार, अमरपुरा, बड़की खडवा, भागा बिगहा, अलीपुर भरतपुरा और पंसारी में जनसंपर्क अभियान के दौरान तबीयत ठीक नहीं रहने से महिला कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर चल रहीं थीं। भरतपुरा में नुक्कड़ सभा में बोलीं, 2014 और 2019 के चुनाव में झूठे वादे और जुमलेबाजी को लोग समझ गए हैं।

# अधिक जगहों पर ईवी चार्जिंग सुविधा उपलब्ध, एक हजार का लक्ष्य

निज संवाददाता



**पटना।** इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए राज्य में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। राज्य में अगले एक साल में एक हजार चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। वर्तमान में करीब 300 चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध करने का दावा परिवहन विभाग ने किया है। ईवी चार्जिंग स्टेशनों को लेकर बुधवार को परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी, गैर सरकारी स्टेक होल्डर्स विभाग के प्रतिनिधि, तेल कंपनी, ईवी डीलर्स और दूसरे राज्यों से आए चार्जिंग इंफ्रा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विभिन्न स्टेक होल्डर्स और अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों ने राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का आश्वासन दिया। नीति आयोग के सलाहकार सुधेन्दु ज्योति सिन्हा ने कहा कि बिहार में एक साल में 1000 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर एक निश्चित दूरी पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे, ताकि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान ईवी उपयोगकर्ताओं को कोई असुविधा न हो। इसकी जानकारी गूगल मैप से भी ली जा सकेगी। इसके साथ ही शहर के विभिन्न मार्गों, पेट्रोल पंपों, बस टर्मिनल, बस डिपो, स्कूल-कॉलेज इत्यादि जगहों पर भी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में राज्य के विभिन्न पेट्रोल पंप और अन्य जगहों पर 300 से अधिक ईवी चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के सभी पुलों के नीचे की खाली जगह में चार्जिंग लगाने के लिए पटना नगर निगम को प्राधिकृत किया गया। पटना नगर आयुक्त को इस ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है कि नगर निगम द्वारा अपने स्तर से भी पटना के महत्वपूर्ण जगहों को पार्किंग के लिए चिह्नित करते हुए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की कार्रवाई करे। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार इलेक्ट्रिक वाहन नीति, 2023 को अधिसूचित किया गया है। इस नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को सुगमता से चार्जिंग सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए राज्य में अधिक से अधिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की जानी है। चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना पर अनुदान दिए जाने का प्रविधान किया गया है। मौके पर पटना नगर निगम आयुक्त अनिमेश पराशर, राज्य परिवहन आयुक्त विशाल राज आदि

## रोहिणी के खिलाफ दो केस दर्ज, छपरा हिंसा का क्या है सिंगापुर कनेक्शन

**छपरा (नि.सं.)।** सारण संसदीय क्षेत्र की राजद प्रत्याशी डॉ. रोहिणी आचार्य पर बुधवार को दो अलग-अलग प्राथमिकी नगर थाने में कराई गई। पहली प्राथमिकी भाजपा कार्यकर्ता मनोज कुमार सिंह ने कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि राजद प्रत्याशी के द्वारा शांतिपूर्ण मतदान में बाधा डाला गया। समर्थकों को उकसा कर मतदान केंद्र पर हंगामा कराया गया। वहीं दूसरी प्राथमिकी छपरा सदर के अंचलाधिकारी कुमारी आंचल ने कराई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि राजद प्रत्याशी डॉ रोहिणी आचार्य के द्वारा मतदान केंद्र पर आदर्श आचार संहिता का उलंघन कर सरकारी कार्य में बाधा डाला गया। इससे वहां शांति भंग हुई। नगर थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि दो प्राथमिकी कराई गई है। छपरा में चुनावी हिंसा मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने इशारों-इशारों में लालू परिवार पर निशाना साधते हुए कार्रवाई की मांग की है। मांझी ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया- पहले लोगों को भड़का कर गोलीबारी करवाओ, फिर घड़ियाली आंसू बहाओ और सरकार पर तोहमत लगाओ। ये दोहरा चरित्र नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि मैं नीतीश कुमार से मांग करता हूं कि छपरा गोलीकांड को भड़काने वाली सिंगापुर की एलपीवाई एंड कंपनी पर कड़ी करवाई करें।

# तेजस्वी ने अब आदिवासियों से कर दिया बड़ा वादा, विकास की मुख्य धारा से जोड़े जायेंगे

निज संवाददाता



**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में 17 व केंद्र में 10 सालों से एनडीए की सरकार है। बावजूद इसके क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है। आदिवासी व किसान आज भी विकास की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि संविदा व आउटसोर्सिंग के नाम पर बेरोजगारों को ठगा जा रहा है। अगर केंद्र में आईएनडीआई गठबंधन की सरकार बनी तो आदिवासियों को जंगल व बालू पर अधिकार मिलेगा। ममता, आशा, रसोइयों सहित अन्य संविदाकर्मियों को राजस्व कर्मी का दर्जा दिया जाएगा। वे बुधवार को बगहा-दो (पश्चिम चंपारण) के हरनाटांड़ में वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दीपक यादव, सिवान जिले में दरौली के दोन स्थित द्रोणाचार्य उच्च विद्यालय परिसर व सदर प्रखंड के टड़वा खेल मैदान में राजद प्रत्याशी अवध बिहारी चौधरी तथा गोपालगंज जिले के जादोपुर स्थित रामरतन शादी उच्च विद्यालय के मैदान में वीआइपी प्रत्याशी प्रेमनाथ चंचल उर्फ चंचल पासवान के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। बगहा को जिला बनाने पर उन्होंने कहा कि हमारे पिता ने पुलिस जिला बनाया था। हमारी सरकार बनी तो जिला भी बनाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि नोटबंदी कर लोगों को लाइन में खड़ा करा परेशान किया गया। प्रधानमंत्री को तो काम है नहीं, बस प्रचार करना है। उन्होंने कहा कि जनता अब उनकी चालबाजी अच्छी तरह समझ गई है। अब झांसे में नहीं आने वाली है। अब तक लोगों को विकास के नाम पर ठगा है। बिहार ने पिछले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को 40 में से 39 सीटें दीं। प्रधानमंत्री ने दस साल में बिहार के लोगों के लिए क्या किया, रिपोर्ट कार्ड देना चाहिए। तेजस्वी ने कहा कि पहले की चुनावी सभाओं में चीनी मिल व रोजगार की बात की थी। अब वे केवल नफरत की राजनीति करने बिहार आते हैं। हमको शाहजादा कहते हैं। अब हम भी उनको पीरजादा यानी बुजुर्ग कहेंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी युवाओं को अग्निवीर योजना के तहत चार साल की नौकरी दे रहे हैं। खुद 75 साल में पांच साल और सरकार चलाने के लिए वोट मांग रहे हैं। यह ठीक है क्या? उन्होंने कहा कि हमलोगों ने संकल्प लिया है कि भाजपा को भगाना है, संविधान व लोकतंत्र को बचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता खुलेआम बाबा साहब के संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। हम ऐसा नहीं होंने देंगे। पहले ही चरण में 400 का फिल्म फ्लाप हो गया है। मुझे बिहार में 17 माह कार्य करने का अवसर मिला। तेजस्वी ने कहा कि हमने शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में चार लाख नौकरियां दीं। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन की सरकार बनने पर एक करोड़ नौजवानों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। हर गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना यानी हर माह आठ हजार 333 रुपये खाते में खटाखट भेजे जाएंगे। अग्निवीर योजना समाप्त कर दी जाएगी। गैस सिलेंडर पांच सौ रुपये में मिलेगा तथा दो सौ यूनिट बिजली फ्री में देंगे। पुरानी पेंशन योजना लागू करेंगे।

# पूर्व मध्य रेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** ट्रेनों के कोचों में त्वरित रूप से पानी भरने हेतु पूर्व मध्य रेल के 12 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर त्वरित जल प्रणाली का प्रयोग किया जा रहा है। स्टेशन पर ट्रेनों के न्यूनतम दस मिनट तक ठहराव होने पर ट्रेनों में पानी की व्यवस्था सुनिशिचत करने हेतु त्वरित जल प्रणाली बहुत ही उपयोगी संयंत्र है। त्वरित जल प्रणाली की डिस्चार्ज दर अधिकतम 200 लीटर/मिनट है, जिसे आवश्यकतानुसार समायोजित किया जा सकता है। वर्तमान में पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल के पं0 दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, धनबाद मंडल के धनबाद, बरकाकाना, चोपन तथा नेसुबो गोमो स्टेशन, दानापुर मंडल के पटना जंक्शन, सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर तथा बरौनी रेलवे स्टेशन व समस्तीपुर मंडल के दरभंगा, सहरसा, जयनगर एवं नरकटियागंज रेलवे स्टेशनों पर यह सुविधा उपलब्ध है। उपरोक्त के अलावे पूर्व मध्य रेल के कुल 12 स्टेशनों पर त्वरित जल प्रणाली की स्वीकृति प्राप्त है और कार्य प्रगति पर है जिसे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। दानापुर मंडल के बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, इसलामपुर, बख्तियारपुर, किऊल एवं राजगीर, धनबाद मंडल के सिंगरौली, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल के गया तथा समस्तीपुर मंडल के सहरसा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3, 4 और 5 तथा समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर त्वरित जल प्रणाली की लगाए जाने की स्वीकृति प्राप्त है। इसके अतिरिक्त समस्तीपुर मंडल के सीतामढ़ी और सोनपुर मंडल के न्यू बरौनी रेलवे स्टेशनों के लिए त्वरित जल प्रणाली की सुविधा भी प्रस्तावित है। विदित हो कि त्वरित जल प्रणाली के उपयोग से न केवल पानी की बरबादी पर नियंत्रण हो पाया है बल्कि काफी कम समय में ट्रेन के कोचों में पानी भरा जा रहा है। पानी की बर्बादी पर रोक लगने से जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में यह प्रणाली काफी उपयोगी साबित हो रही है। त्वरित जल प्रणाली में तीन उच्च दबाव वाले पंप शामिल हैं जो प्लेटफॉर्म पर हाइड्रेंट को पानी की आपूर्ति करते हैं। इस संयंत्र के संचालन के लिए इसमें अग्रिम स्वचालन और नियंत्रण प्रणाली भी है जिसमें पंपों की क्रमिक शुरूआत के साथ-साथ प्रत्येक पंप के लिए परिवर्तनशील गति नियंत्रण शामिल है। इस सिस्टम का कंट्रोल रिमोट ऑपरेशन के लिए मोबाइल एप पर भी उपलब्ध है। इससे ट्रेन में पानी भरने में लगने वाला समय पहले की व्यवस्था की तुलना में काफी कम हो गया है। इस प्रणाली के उपयोग से 24 कोच वाली ट्रेन को पूरी तरह से पानी देने में लगभग 08 मिनट का समय लगता है। इससे मेल/एक्सप्रेस ट्रेनो के समय पालन में सुधार में भी सहायक है।

## पति को ढूंढने निकली महिला के साथ दोस्तों ने किया दुष्कर्म

**पटना (नि.सं.)।** पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र में पति को ढूंढने में मदद के नाम पर बचपन के दोस्त ने पीड़िता के साथ मारपीट और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता के बयान पर पुलिस दानिश और राजा नाम के दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। पीड़िता बेगूसराय की रहने वाली है। वह पति संग पटना सिटी स्थित अपने मामा के घर आई थी। इधर, गांधी मैदान थानेदार ने बताया कि पीड़िता द्वारा बस इतना बताया गया कि गांधी मैदान के आसपास घटना को अंजाम दिया गया। घटनास्थल का पता लगाया जा रहा है। दोनों आरोपितों की तलाश की जा रही है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 19 मई को पति संग पटना सिटी आई थी। 20 मई को पटना सिटी स्थित मामा के घर उसके पति ने कहा कि कुछ देर में बाहर से आता हूं। उसे लगा कि वह उसे छोड़कर चला गया है। फोन करने पर पता चला कि वह गांधी मैदान की तरफ है। वह उनकी खोज में गांधी मैदान की तरफ जाने के लिए सड़क किनारे ऑटो का इंतजार कर रही थी।

# बढ़ी सीएसआईआर यूजीसी नेट के आवेदन की आखिरी तारीख

निज संवाददाता



**पटना।** राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ा दिया है। इच्छुक अभ्यर्थी 27 मई (रात 11.50 बजे) बजे तक आवेदन कर सकते हैं। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई थी। इसी अवधि तक निर्धारित परीक्षा शुल्क भी भरना होगा। इसके बाद उम्मीदवार 29 से 31 मई तक अपने आवेदन में सुधार कर सकेंगे। अभ्यर्थी csirnet.nta.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा 25, 26 और 27 जून को आनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी। पेपर का माध्यम अंग्रेजी और हिंदी दोनों है। परीक्षा की अवधि 180 मिनट है। पेपर में बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे। परीक्षा में पांच पेपर रसायन विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागर और ग्रह विज्ञान, जीवन विज्ञान, गणितीय विज्ञान, भौतिक विज्ञान शामिल है। सीएसआइआर-यूजीसी नेट परीक्षा जून-2024 जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित करेगा। इसके साथ ही यूजीसी नेट जो 83 विषयों के लिए होगा उसके आवेदन में अभ्यर्थी 23 मई तक सुधार कर सकते हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने की कक्षा नौवीं के आप्शनल विषय में बदलाव किया है। कक्षा नौवीं में एआइ विषय में तीन नये चैप्टर्स को जोड़ा गया है। कक्षा नौवीं में पांच कोर विषय के अलावा विद्यार्थियों को एक इलेक्टिव विषय भी रखना होता है। किसी लैंग्वेज विषय में स्कोर कम हो और आप्शनल विषय में अंक अधिक हो तो आप्शनल विषय का अंक जोड़ दिया जाता है। स्किल विषय को भी आप्शनल विषय में रखा जा सकता है। नौवीं के विद्यार्थी अब कोर विषय गणित, विज्ञान, सोशल साइंस और दो लैंग्वेज विषय के अलावा तीसरा स्किल बेस्ड आप्शनल विषय चुन सकेंगे। यह व्यवस्था नए सत्र 2024-25 से लागू होगी। इससे विद्यार्थी के अगर कोर विषय में अंक कम आते हैं और स्किल विषय में अंक अधिक आते हैं तो फाइनल रिजल्ट स्किल विषय में मिले अंक आधार पर तैयार किया जाएगा।

# मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार चलाये जाएंगे और दो फेरे

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते चलायी जा रही मुजफ्फरपुर-यषवंतपुर-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है। इस स्पेशल के 02 फेरे और चलाएं जाएंगे। अब गाड़ी सं. 05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल 24.05.2024 एवं 31.05.2024 शुक्रवार को मुजफ्फरपुर से 15.30 बजे खुलकर 17.40 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए रविवार को 19.00 बजे यषवंतपुर पहुंचेगी। गाड़ी सं. 05272 यशवंतपुर-मुजफ्फरपुर समर स्पेशल 27.05.2024 एवं 03.06.2024 सोमवार को यशवंतपुर से 07.30 बजे खुलकर बुधवार को 09.30 बजे पाटलिपुत्र रूकते हुए 12.00 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 17 एवं साधारण श्रेणी के 02 कोच हैं।



# आखिरी चरण के 50 कैंडिडेट करोड़पति

निज संवाददाता

**पटना।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) एवं बिहार इलेक्शन वाच ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम (सातवें) चरण के 134 प्रत्याशियों के संबंध में एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सातवें चरण की आठ सीटों नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट एवं जहानाबाद में ताल ठोक रहे प्रत्याशियों की संपत्ति, उन पर दर्ज आपराधिक मुकदमे एवं अन्य जानकारी का विश्लेषण किया गया है। बिहार इलेक्शन वाच के स्टेट कोर्डिनेटर राजीव कुमार ने बताया कि सातवें चरण में चुनाव लड़ रहे कुल 134 प्रत्याशियों में 50 करोड़पति हैं। वहीं, उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.50 करोड़ रुपये हैं। 30 प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले हैं। 26 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 10 प्रत्याशियों ने अपने ऊपर हत्या के प्रयास से संबंधित मामले को घोषित किया है। यानी शपथ पत्र में उन्होंने इस आशय की जानकारी दी है। इस चरण में कुल 42 निर्दलीय उम्मीदवारों में 16 करोड़पति हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) के आठ में सात प्रत्याशी करोड़पति हैं। भाजपा के पांच, राजद के तीन, कांग्रेस के दो, एआइएमआइएम के दो व जदयू के दो प्रत्याशी करोड़पति हैं। रिपोर्ट के अनुसार सातवें चरण के प्रत्याशियों में सबसे धनवान पटना साहिब के भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद हैं। रविशंकर के पास 40 करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति है। दूसरे व तीसरे नंबर पर दो निर्दलीय हैं। इनमें पटना साहिब से ही नीरज कुमार के पास 23 करोड़ रुपये से अधिक एवं काराकाट से चुनाव लड़ रहे भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह के पास करीब 17 करोड़ रुपये की संपत्ति है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## विस्थापन की समस्या दूर करने के लिए दीर्घकालिक समाधान करने की जरूरत

दुनिया भर में हर वर्ष लाखों लोग विस्थापित होते हैं और उन्हें अकथनीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मगर इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते विश्व में भी ऐसी ठोस पहलकदमी नहीं दिखाई देती जिसमें अपनी जड़ों से उखाड़ दिए गए लोगों के दुख पर गौर किया जा सके और एक दीर्घकालिक समाधान का रास्ता तैयार हो। यह बेवजह नहीं है कि आज भी अलग-अलग देशों से बड़ी संख्या में लोग अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगहों पर जाने पर मजबूर कर दिए जाते हैं। अक्सर आने वाली रिपोर्टों में इस समस्या की जटिलताओं की ओर ध्यान दिलाया जाता रहा है, लेकिन अब तक विस्थापन का सिलसिला बदस्तूर कायम है। अब जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र यानी आइडीएमसी की ताजा रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि सन 2023 में दक्षिण एशिया में कुल उनहत्तर हजार लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। इसमें अकेले मणिपुर से सड़सठ हजार लोग विस्थापित हुए। यानी दक्षिण एशिया के सभी देशों में जितने लोगों को अपने ठौर से उजड़ना पड़ा, उसमें सत्तानबे फीसद लोग मणिपुर के हैं। गौरतलब है कि सन 2018 के बाद यानी पिछले पांच वर्षों में भारत में हुआ यह सबसे बड़ा विस्थापन है। देश के अन्य इलाकों में जहां बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा और रोजी-रोटी जैसी वजहों से लोगों को दूसरी जगहों की ओर अपने जीने के रास्ते की खोज में निकलना पड़ा, वहीं मणिपुर में हुई व्यापक हिंसा ने वहां हजारों लोगों को विस्थापित होने पर मजबूर कर दिया। आइडीएमसी ने अपनी रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि मार्च 2023 में मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के संदर्भ में जो रुख जाहिर किया था, उसके बाद राज्य के बड़े हिस्से में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इसमें करीब दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और इसकी वजह से हजारों लोगों को अपना घर छोड़ कर राहत शिविर या दूसरी जगहों पर शरण लेना पड़ा। आज भी वहां स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। जाहिर है, एक साधारण विवाद से जो हालात पैदा हुए, उसके एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उसे संभालने में सरकार अब तक नाकाम है और इसका खमियाजा हिंसक संघर्ष की वजह से बेठौर हुए लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विश्व भर में ऐसे लोगों की एक बड़ी संख्या है, जो बहुत मुश्किल से किसी जगह पर अपना ठिकाना और उनमें से कुछ लोग घर बनाते हैं। मगर इससे ज्यादा तकलीफदेह और क्या हो सकता है कि उन्हें वैसी वजहों के लिए उस जगह को छोड़ कर कहीं और जाना पड़ जाता है, जिसके लिए वे जिम्मेदार नहीं होते हैं। यही नहीं, अपने ठौर से वंचित लोग जब कहीं और जीने की जगह ढूंढ़ने निकलते हैं तो सभ्य कही जाने वाली व्यवस्थाओं वाले लोकतांत्रिक देशों में भी उनके लिए टिकना आसान नहीं होता। इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि विश्व के आधुनिक होने के दावों के बीच पिछले दो वर्षों में संघर्ष और हिंसा की वजह से अपना घर छोड़ने पर मजबूर लोगों की संख्या में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के जिन हिस्सों में हालात में सुधार हो रहे थे, अब वहां भी यह समस्या अपने पांव पसार रही है। हिंसा या संघर्षों को रोकने और शांति की स्थापना करने में नाकामी दरअसल विश्व भर में अशांत इलाकों में सक्षम देशों की कूटनीतिक और रणनीतिक कवायदों के महज दिखावा होने को ही दर्शाती है।

## सुप्रीम कोर्ट से केंद्र को लगा जोर का झटका धीरे से

**(योगेंद्र योगी)**

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। देश की शीर्ष अदालत ने दो मामलों में केंद्र सरकार को जोर का झटका धीरे से देते हुए यह जाहिर कर दिया कि कानूनों की मनमानी व्याख्या अपनी सुविधा के हिसाब से नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के ईडी की गिरफ्तार करने की शक्तियों को सीमित करने के साथ ही दूसरे मामले में एक वरिष्ठ पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देने से केंद्र को यह झटका लगा है। इन दोनों मामलों में दिए गए फैसलों से बेशक केंद्र की भाजपा सरकार को व्यापक राजनीतिक नुकसान नहीं हो किन्तु इसके दूरगामी परिणाम अवश्यंभावी होंगे। परिणाम यह होगा कि ईडी अब आसानी से किसी के खिलाफ गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं कर सकेगी। इसी तरह पुलिस खिलाफ खबर पर किसी पत्रकार को भी आसानी से गिरफ्तार नहीं कर सकेगी। ईडी की कार्रवाई में कितने कानूनी तथ्य हैं, यह देखने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अधिनस्थ अदालतों को रैफ्री की भूमिका दी है। गौरतलब है कि लंबे अर्से से विपक्षी दल केंद्रीय एजेंसियों पर भेदभाव के आरोप लगाती रहीं हैं। विपक्षी दलों का आरोप है केंद्र सरकार राजनीतिक रंजिशवश इन एजेंसियों को दुरुपयोग कर रही है। एक याचिकाकर्ता ने दिसंबर 2023 में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के एक आदेश को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता का सवाल था कि अगर विशेष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में व्यक्ति विशेष के आरोपों को संज्ञान में ले लिया है, तो क्या तब भी उसे बेल के लिए सेक्शन 45 की दोहरी शर्तों को पूरा करना होगा। इस मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) प्रावधानों के तहत जमानत की कड़ी शर्तों को संतुष्ट करने की जरूरत नहीं है। अगर आरोपी समन द्वारा विशेष अदालत के समक्ष पेश होता है, तो यह नहीं माना जा सकता कि वह हिरासत में है। अगर अदालती समन के चलते पेश होने के बाद ईडी आरोपी की हिरासत चाहती है, तो उसे विशेष अदालत में आवेदन देना होगा। अदालत केवल उन कारणों के साथ हिरासत देगी, जो संतोषजनक हो और जिनमें हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत हो। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया है। बेंच ने कहा है कि अगर किसी मामले में ईडी ने किसी आरोपी को गिरफ्तार किए बिना चार्जशीट दाखिल की और अदालत ने इस पर संज्ञान लेकर उसे समन किया तो ऐसे व्यक्ति को पीएमएलए के तहत जमानत के लिए दोहरी शर्तों को पूरा करने की आवश्यकता नहीं है। पीएमएलए को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान 2002-03 में लाया गया था। बाद में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान 1 जुलाई, 2005 को इसे लागू किया गया। उस वक्त इस कानून को ब्लैक मनी के फ्लो को रोकने के उद्देश्य से बनाया गया था। पीएमएलए कानून के तहत सबसे पहले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सीएम मधु कोडा के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। इसके बाद साल 2010 में 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला समेत कई बड़े घोटालों में इस कानून के तहत कार्रवाई हुई। फिर साल 2012 में तत्कालीन वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने इसमें संशोधन भी किया था। बीते कुछ सालों में इस एक्ट में और भी कई बदलाव किए गए हैं। ईडी की शक्तियां सीमित करने के साथ केंद्र सरकार को दूसरा झटका लगा न्यूज क्लिक के फाउंडर संपादक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को लेकर। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद न्यूज क्लिक के फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ को रिहा कर दिया गया। न्यूजक्लिक फाउंडर पुरकायस्थ को पोर्टल के माध्यम से राष्ट्र-विरोधी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए कथित चीनी फंडिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप लगाया गया कि न्यूजक्लिक को चीन के पक्ष में प्रचार के लिए कथित तौर पर धन मिला था। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यूएपीए मामले में उनकी गिरफ्तारी और रिमांड को गलत माना। कोर्ट का यह फैसला अपने आप में एक नजीर है। इसका असर आने वाले दिनों में दूसरे फैसलों पर भी दिख सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए किसी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के सामने एक साफ-साफ लकीर खींच दी है। कोर्ट ने साफ कहा कि गिरफ्तारी के वक्त पुलिस को इसका आधार लिखित तौर पर देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 के तहत सबसे अटूट मौलिक अधिकार है। इसे भी किसी तरह नजरअंदाज या अनदेखा नहीं किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट की कही इस बात का स्पष्ट संदेश है कि हर नागरिक के लिए जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार की अपनी विशेष अहमियत है। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यूएपीए या अन्य कानून के तहत किसी भी शख्स की गिरफ्तारी से पहले अब पुलिस को पहले लिखित में ये बताना जरूरी होगा कि उसकी गिरफ्तारी किस आधार पर की जा रही है। इसके लिए लिखित में भी सूचित करना होगा। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ये भी साफ कर दिया है कि किसी भी इंसान के लिए कानूनी कार्रवाई एक जैसी होनी चाहिए और उसे किसी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि गिरफ्तारी के ऐसे लिखित आधारों की एक कॉपी गिरफ्तार किए गए शख्स को बिना किसी अपवाद के जल्द से जल्द दी जानी चाहिए। कोर्ट की इस टिप्पणी से ये साफ हो गया कि गिरफ्तार शख्स को हर हाल में जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिखित आधारों की एक कॉपी मिलनी चाहिए, ताकि उसे अपने खिलाफ हो रही कार्रवाई की पूरी जानकारी हो। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई झिझक नहीं है कि लिखित रूप में गिरफ्तारी के लिए रिमांड कॉपी नहीं दी गई, जिसके चलते गिरफ्तारी अवैध है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने जो कहा उससे इस बात की रिमांड की कॉपी ना मिलने पर गिरफ्तारी को भी अवैध साबित किया जा सकता है।

> *कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार, संविधान के अनुच्छेद 20, 21 और 22 द्वारा ऐसे मौलिक अधिकार का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास से सख्ती से निपटना होगा। कोर्ट की इस टिप्पणी से भी साफ हो रहा है कि अगर ऐसा होता है तो उसे इंसान के मौलिक अधिकार का हनन माना जाएगा। फैसला लिखते हुए, न्यायमूर्ति मेहता ने कहा कि पुरकायस्थ की गिरफ्तारी, उसके बाद पिछले साल 4 अक्टूबर का रिमांड आदेश और दिल्ली उच्च न्यायालय का 15 अक्टूबर का रिमांड को वैध करने का आदेश, कानून के विपरीत था और इसलिए इसे रद्द कर दिया गया।*

## धर्म-जाति पर सियासत गलत, लोकतंत्र की सबसे बड़ी कमजोरी है वोट बैंक की राजनीति

**(सुधांशु रंजन)**

ए. डी. लिंडसे ने अपनी मशहूर किताब 'मॉडर्न डेमोक्रेटिक स्टेट' में एक घटना का जिक्र किया है। 14वीं सदी में हॉलैंड (नीदरलैंड) में सिटी काउंसिल में निर्णय एकमत से लेने की परंपरा थी। एक सदस्य ऐसा था जो हर प्रस्ताव, हर निर्णय से असहमति जताता था। इस कारण कोई निर्णय हो ही नहीं पाता था। हालत यह थी उस वजह से बजट तय नहीं हो पा रहा था। आखिर बाकी सभी सदस्यों ने फैसला किया कि अगली बैठक में उसे बाहर रखा जाएगा। इसके लिए योजना बनाई गई कि उसे सूचना बैठक से कुछ देर पहले दी जाएगी। यह समय इतना कम होगा कि वह वक्त से पहुंच नहीं पाएगा। ऐसा ही हुआ। उसे बैठक शुरू होने के ठीक पहले सूचना दी गई। सूचना पाते ही वह बैठक स्थल की ओर भागा। उसने कपड़े भी नहीं बदले। भागता हुआ वहां पहुंचा। फिर भी थोड़ी देर हो गई। उसने देखा कि दरवाजा बंद है। जोर-जोर से दस्तक दी, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। वह इतना बैचैन हो गया कि दीवार पर किसी तरह चढ़कर छत पर चला गया और फायर प्लेस के ऊपर धुआं निकलने के लिए जो एक छोटा छेद होता है, उससे घुसकर नीचे कूद गया। जैसे ही वह कूदा, उसे सुनाई पड़ा, 'यह प्रस्ताव निर्विरोध पारित किया जाता है।' वह चिल्लाया, 'नहीं, नहीं, मैं सहमत नहीं हूं। मैं इसका विरोध करता हूं।' उसे कुछ भी पता नहीं था कि वह प्रस्ताव किस बारे में है, लेकिन उसने असहमति दर्ज कर दी। इस पर एक अन्य सदस्य को इतना गुस्सा आया कि उसने तलवार निकाली और उसकी गर्दन पर ऐसा प्रहार किया कि उसका सिर धड़ से अलग हो गया। इस घटना से एक सिद्धांत का प्रतिपादन हुआ कि मतैक्य पर जोर देने से रक्तपात होता है। यानी इसकी परिणति समरसता में नहीं बल्कि हिंसा में होती है। तो विकल्प क्या है दूसरा सर्वोत्तम विकल्प बहुमत है। यानी सर्वसम्मति न बन पाए तो फैसला बहुमत से हो। लोकतंत्र इसी बहुमत के सिद्धांत पर आधारित है। भारत में दुर्भाग्य से लोकतंत्र का मतलब केवल चुनाव रह गया है। जन-प्रतिनिधित्व कानून और चुनाव आचार संहिता में धर्म, जाति, भाषा आदि के नाम पर वोट मांगना अवैध है और यह प्रमाणित होने पर किसी का भी चुनाव रद्द किया जा सकता है। लेकिन आजकल चुनाव का आधार केवल धर्म और जाति हो गया है। क्ष्क्ष्क पर विपक्ष का आरोप है कि उसने वोट के लिए हिंदुत्व का सहारा लिया। बहुसंख्यकवाद की राजनीति का विरोध करने वाले खुद संख्या की राजनीति में उलझकर जातिवाद को हवा दे रहे हैं। राहुल गांधी का नारा है ङ्क जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। अधिकतर विपक्षी दलों ने अपने घोषणापत्रों में जाति जनगणना कराने और आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से ऊपर ले जाने का वादा किया है। यह बहुसंख्यकवाद नहीं तो और क्या है दरअसल, लोकतंत्र का यही संकट है। जब संख्या किसी के पक्ष में होती है तो वह संख्या की बात करता है। लेकिन जब संख्या में कमजोर पड़ने लगता है तो संख्या की राजनीति को नैतिक आधार पर चुनौती देता है। मोहम्मद इकबाल ने इसी आधार पर जम्हूरियत को चुनौती दी, 'इस राज का इक मर्द-ए- फिरंगी ने किया फाश, हरचंद कि दाना इसे खोला नहीं करते/जम्हूरियत इक तर्ज़-ए-हुकूमत है जिसमें बंदों को गिना करते हैं, तोला नहीं करते।' संविधान के अनुच्छेद 81 के अनुसार लोकसभा में बढ़ती हुई आबादी का अक्स दिखना चाहिए। इस कारण, हर बार जनगणना के बाद इसकी सीटें आबादी के हिसाब से बढ़ाई जा रही थीं। 1973 में 31वें संविधान संशोधन के जरिए सीटें 525 से बढ़ाकर 545 की गई। लेकिन उसके बाद मुरासोली मारन ने एक प्राइवेट मेंबर्स बिल पेश किया कि लोकसभा में सीटों की संख्या बढ़ाने पर रोक लगाई जाए। उनका तर्क था कि दक्षिण के राज्यों ने परिवार नियोजन को प्रभावी ढंग से लागू किया जबकि उत्तर के राज्य इसमें नाकाम रहे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5379

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 9 | | | 6 |
| | | | | | 3 | 8 | 5 | 1 |
| | 6 | 2 | | 1 | 5 | | | |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 3 | 8 | |
| | 3 | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | 5 | | 9 | 7 | |
| 2 | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| 4 | | | 3 | | | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5378

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 4 | 3 | 9 | 6 | 2 | 7 | 1 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 9 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 | 7 |

## वर्ग पहेली 5379

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | 6 | ■ | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | | |
| ■ | 13 | | | | ■ | | ■ |
| 14 | | | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | ■ |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 2 जुलाई 2012 को इस देश ने इटली को 4-0 से हराकर यूरो कप फुटबाल 2012 जीत लिया और लगातार तीन बड़े खिताब जीतने वाला पहला देश बना (3)
3. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
5. शमन करने वाला (3)
7. तरंगित होना, कंप युक्ति गति होना (4)
11. ऐसा रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है (3)
12. फौजी भाइयों के लिए विविध भारती से प्रसारित एक दैनिक कार्यक्रम (4)
13. अस्तबल, घुड़साल (4)
14. लोहा, इस्पात (3)
15. मामला, कोई गूढ़ बात (3)
17. पंच तत्वों में से एक, आब, नीर (2)
18. सुख, चैन, आराम, शांति (3)
19. साज, बजाने का यंत्र (2)
20. हस्त, कर, दस्ता, मूठ (2)
22. संतान उत्पन्न करना, जन्म देने का भाव (4)
23. लुप्त हो जाना, रहने की जगह, वास स्थान (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. विशेष व्यक्ति अथवा अवसर के लिए निश्चित, खास (3)
2. उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. भूकंप, भुडोल, पृथ्वी का कांपना (4)
6. परेड, ड्रिल, नियमावली, कार्य विधि (4)
8. घोड़ा, अश्व (2)
9. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
10. गंदे पानी बहने के लिए बनाया गया कृत्रिम जल मार्ग (2)
14. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
15. स्वत्व हानि, मान-अपमान (4)
16. संख्या, समूह, पुंज (2)
18. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर-जोर से पुकारे जाते है (3)
19. वेष, सजधज (3)
21. सूखी धरती (2)

### वर्ग पहेली 5378 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | अ | म | र | ना | थ |
| त | त | ■ | मा | ल | वा | ■ | प |
| ता | ■ | भा | व | ना | ■ | व | क |
| क | ला | ■ | स्या | ■ | सा | र | ना |
| ना | न | क | ■ | र | म | क | ■ |
| ■ | त | ह | ल | का | ■ | न्या | य |
| आ | ■ | र | ■ | बी | ना | ■ | हू |
| प | त | वा | र | ■ | का | लि | दी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको लाभ होगा। किसी अधिकारी या फिर व्यापारी से आपका विवाद हो सकता है। इसलिए सावधान रहें। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। आज आप घर के जरूरत के सामान की शॉपिंग करने जा सकते हैं। शुभ व्यय होगा। बेहतर होगा कि दाम्पत्य जीवन में सरसता बनाए रखें, समाज में सम्मान बढ़ेगा।

### वृष
आज का दिन शुभ है और आज आपको लाभ होगा। आज आपकी कोई पुरानी महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी और ऑफिस में सहयोगियों के साथ आपके संबंध पहले से और मधुर होंगे। दोपहर बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने की आशंका है। किसी विवाद में पड़ने से बचें और खुद पर नियंत्रण रखें। शाम के वक्त किसी योजनापूर्ति से आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज राजनीतिक मामलों में भी आपको भाग्य का साथ मिलेगा। दोपहर के बाद किसी कार्य में कुछ नया करने की रूपरेखा बनेगी। पुण्य कार्य से आपको लाभ होगा और अभिष्ट सिद्धि मिलेगी। रात में परिवार के लोगों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में जा सकते हैं।

### तुला
आज का दिन मिलाजुला होगा। कुछ मामलों में आपको लाभ होगा तो कुछ मामलों में हानि हो सकती है। जरूरी कार्यों में सजगता बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। आपको आज कुछ नए काम पर फोकस करना पड़ेगा। आपको भाग्य का साथ मिल रहा है और कारोबार में आपको अच्छा मुनाफा होगा। संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे।

### वृश्चिक
आज आपको कारोबार में लाभ के साथ उत्तम संपत्ति मिलने के संकेत हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज काम का बोझ आपके ऊपर अधिक रहेगा और दूसरों के हिस्से के कार्य भी आपको करने पड़ सकते हैं। शाम तक आपको पुराने मित्रों के मिलन से प्रसन्ता होगी। मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। मन प्रसन्न होगा।

### धनु
आज आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। भाग्य में वृद्धि होगी और बिजनस में पार्टनर्स का सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी और व्यापार में साझेदारों का सहयोग मिलेगा। सद्कार्यों में रुचि बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की तरक्की होगी और आपको कुछ नए अवसर आज मिल सकते हैं। मन को शांति मिलेगी। अत्यधिक श्रम से थकान हो सकती है, सावधान रहें।

### कर्क
आज किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में संतान की अचानक तबीयत खराब होने से तनाव बढ़ सकता है और आपको दौड़भाग करनी पड़ सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन से दूर रहें, किसी स्पेशल स्कीम का हिस्सा न बनें, जोखिम के काम से दूर रहें।

### सिंह
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपको किसी महान सफलता के मिलने से हर्ष होगा। अचानक से बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले चार दिनों से चले आ रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लें। रात का समय सैर सपाटे में व्यतीत करें।

### कन्या
आज आपको संतान की ओर से सुख और हर्ष मिलेगा। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शाम का वक्त दोस्तों के साथ मौज में बीतेगा।

### मकर
आज आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा और ऐसा करने से आपको आत्मसंतुष्टि मिलेगी। इस सुख की तुलना किसी दूसरे सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। शाम का वक्त देव दर्शन में बीतेगा और परिवार के साथ यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

### कुंभ
आज का दिन विपरीत प्रभाव वाला हो सकता है और आप हर मामले में सावधान रहें तो आपके लिए अच्छा होगा। अपने धैर्य और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। आपको प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी हो सकती है और आपका काम करने में मन नहीं लगेगा। रात का समय आनंद में बीतेगा।

### मीन
आज आपके लिए सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य आपको मिलेगा और आपके धन में वृद्धि के योग हैं। आपके व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी और कोई मनपसंद कार्य आपको करने को मिलेगा। किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है। इसलिए इस मामले में सतर्क रहें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट ने दी चेतावनी:ड्रग्स का कारोबार नहीं रुका, तो सख्त आदेश पारित करेंगे

**रांची, एजेंसी।** खूंटी में अफीम की खेती व राज्य में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर स्वत : संज्ञान मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि झारखंड में ड्रग्स के कारोबार पर रोकथाम नहीं करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त आदेश पारित करेंगे। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि अगर राज्य में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर पुलिस अधिकारी लापरवाह रहेंगे, तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी इलाके में ड्रग्स के कारोबार में रोकथाम नहीं हो रही है और संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो उस जिले के एसपी/एसएसपी के खिलाफ कोर्ट सख्त आदेश पारित कर सकता है। मामले में सीआईडी डीजी की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया था कि राज्य सरकार एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के बीच बैठक हुई है। इसमें ड्रग्स के कारोबार पर रोकथाम को लेकर एसओपी बनाई गई है। हालांकि, एसओपी पर खंडपीठ ने यह कहते हुए असंतुष्टि जताई कि इसमें इस बात का उल्लेख नहीं है कि आरोपित पुलिसकर्मियों पर क्या कदम उठाएंगे। ड्रग्स के कारोबार पर रोकथाम में असफल रहने वाले पुलिसकर्मियों की जवाबदेही तय करने के बारे में भी कुछ स्पष्ट नहीं कहा गया है।

### प्रियंका ने कहा:राशन देना मोदी की मजबूरी, कांग्रेस ने लागू किया था यह कानून

**गोड्डा/ रांची, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को रांची और गोड्डा में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा- पीएम मोदी कहते हैं कि देशवासियों को पांच किलो अनाज मुफ्त दे रहे हैं। मोदी सरकार को गरीबों को राशन देना मजबूरी है, क्योंकि कांग्रेस सरकार ने भोजन का अधिकार कानून लागू किया था। गरीबों का यह कानूनी अधिकार है। अब कोई भी सरकार रहे, उसे गरीबों को अनाज देना ही होगा। उन्होंने कहा कि आज देश की सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेराजगारी है। बेरोजगारी चरम पर है। सभी शिक्षित बेरोजगार हैं। अगर इन सबको रोजगार मिल जाए तो हम चीन से मुकाबला कर सकते है। पिछले 45 साल में इतनी बेरोजगारी कभी नहीं रही। पूरे विश्व में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हमारे देश में है। गांव- देहातों में गरीब जनता किसी तरह से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाती है लेकिन उन्हे नौकरी नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने खरबपति दोस्तों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। लेकिन उन्हें किसानों के कर्ज से कोई लेना-देना नहीं है। खेती पर जीएसटी लगा दिया। किसानों को फसलों का न्यूनतम मूल्य भी नहीं मिल रहा है। प्रियंका ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी और महंगाई पर पीएम मोदी कुछ भी नहीं बोलते हैं। 10 साल से शासन चला रहे हैं लेकिन युवाओं और जनता के संतोष के लिए भी चुनावी भाषणों में नौकरी देने और महंगाई को कम करने का एक शब्द नहीं बोलते कि मैं कोशिश करुंगा। जीएसटी से सभी परेशान हैं। महंगाई ने महिलाओं की कमर तोड़ दी है। उन्हें हर चीज के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रियंका गांधी ने कहा- पीएम मोदी कहते हैं कि वे हिंदू-मुस्लिम की बात नहीं करते हैं। अगर वे ऐसा करते हैं तो वे देश के प्रधानमंत्री बनने लायक नहीं है। जबकि उन्होंने अब तक धर्म की ही राजनीति की है। जीवन भर जिसकी राजनीति की, जिसकी बदौलत जीतकर आए अब उसी का खंडन कर रहे हैं। लेकिन दूसरी ओर राहुल गांधी अपने आधार पर ही खड़े हैं। वे जनता से झूठ नहीं बोलेंगे। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए कुछ भी करेंगे। प्रियंका ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो किसान कर्ज माफी के लिए स्थाई आयोग बनाएगी। 30 दिन में फसल नुकसान का मुआवजा दिलाएगी। खेती से जीएसटी खत्म किया जाएगा। किसानों को फसलों का समर्थन मूल्य मिलेगा। श्रमिकों को 400 रुपए से कम मजदूरी नहीं मिलेगी। 25 लाख का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। महिलाओं के खाते में हर माह आठ हजार रुपए दिए जाएंगे। साथ ही नौकरी में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय दोगुना किया जाएगा। सरकार बनते ही 30 लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

# हेमंत सोरेन पर शिकंजा, अवैध खनन, मनरेगा और टेंडर घोटाले की भी हो रही जांच



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची जमीन केस में गिरफ्तार हुए हैं, लेकिन ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) मनरेगा घोटाले, साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन, ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाले के साथ-साथ अन्य विभागों में टेंडर में कमीशनखोरी के मामले में भी हेमंत सोरेन की भूमिका की जांच कर रही है। इसका जिक्र प्रवर्तन निदेशालय ने उच्चतम न्यायालय में दिए गए हलफनामे में किया है। साथ ही यह भी बताया है कि मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पीएमएलए के तहत दी गई सूचनाओं पर भी कोई कार्रवाई नहीं होने दी गई।

बता दें कि मंगलवार को करीब डेढ़ घंटे तक दोनों पक्ष की ओर से कोर्ट में दलीलें दी गईं। इस दौरान ईडी की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मामला कई आधारों पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले से अलग है।

**अवैध खनन केस :** ईडी ने बताया है कि साहिबगंज के 1000 करोड़ के अवैध खनन केस में हेमंत के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, उनके करीबी अमित अग्रवाल, प्रेम प्रकाश जेल में हैं। जांच में रवि केजरीवाल ने बताया था कि खनन में उगाही का पैसा हेमंत सोरेन के कहने पर अमित तक प्रेम प्रकाश के जरिए जाता था। जांच में यह भी पता चला है कि अमित की 40 कंपनियों में 100 करोड़ से अधिक की अवैध कमायी का निवेश किया गया। हेमंत सोरेन के दो बॉडीगार्ड के एके-47 भी जब्त किए गए थे।

**मनरेगा घोटाला :** ईडी ने बताया है कि मनरेगा घोटाले की जांच के दौरान डिजिटल डिवाइस की जांच व अलग-अलग लोगों के बयान में यह बात सामने आयी थी कि पूजा सिंघल की नजदीकी तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन से थी। हेमंत सोरेन खान विभाग के भी मंत्री थे। पूजा सिंघल ने एक माइन का एलाटमेंट हेमंत सोरेन के नाम पर कराया था। ईडी ने बताया है कि पूजा सिंघल के करीबी सीए के यहां मिले 19.76 करोड़ का बड़ा हिस्सा हेमंत सोरेन से जुड़ा था।

**ग्रामीण विकास घोटाला :** ईडी ने बताया है कि ग्रामीण विकास विभाग व ग्रामीण कार्य विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े केस में वरिष्ठ नौकरशाहों व नेताओं की भूमिका की जांच हो रही है। इस मामले में मंत्री आलमगीर आलम की गिरफ्तारी व 37.54 करोड़ जब्त किए जाने की जानकारी ईडी ने दी।

**झारखंड में टेंडर घोटाला :** ईडी ने बताया है कि टेंडर घोटाले की जांच के दौरान सीएम के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का की संलिप्तता सामने आयी। ईडी ने बताया है कि राजीव अरुण एक्का, विशाल चौधरी के साथ मिलकर टेंडर घोटाले में शामिल थे। विशाल चौधरी को ईडी ने राजीव अरुण एक्का का कलेक्शन एजेंट बताया है। साथ ही बताया गया है कि गृह विभाग के भारी पैमाने पर ठेका विशाल चौधरी को दिलवाया जाता था।

इसके बाद इसके लाभांश को दोनों शेयर करते थे। विशाल चौधरी गृह विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग कराता था। जिसके बदले में वह पैसे की वसूली करता था। अधिकांश ट्रांसफर-पोस्टिंग पर तत्कालीन सीएम का फाइल पर अप्रूवल होता था।

## आलमगीर आलम के मामले में चुप क्यों है कांग्रेस बीजेपी ने पूछ लिया सवाल, कहा- इंडी गठबंधन ने झारखंड को बेच दिया




**रांची, एजेंसी।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डा. अरुण उरांव ने हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में बुधवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर आइएनडीआइए गठबंधन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गठबंधन में कोड वर्ड के हिसाब से पैसे लिए जाते थे। रेट के हिसाब से फाइल, फोल्डर और बॉस के नाम दिए गए थे। इसका उपयोग पैसे की उगाही के लिए हुआ।

अरुण उरांव ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन ने कोड वर्ड के माध्यम से झारखंड को बेच दिया। राज्य के एक पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के करीबी के यहां से 37 करोड़ रुपए बरामद किए गए। लेकिन कांग्रेस इस पूरे मामले पर चुप है। कांग्रेस और जेएमएम के लिए कोड वर्ड के माध्यम से भ्रष्टाचार करना नया नहीं है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का के घर से जो फाइल मिली थी, उसमें भी कोड वर्ड का जिक्र था।

मंत्री के पीए ने भी मेंशन किया है कि किस काम के लिए किसे कितना कमीशन दिया गया। भ्रष्टाचार का मामला उजागर होने और नोट बरामद होने के बाद भी आलमगीर आलम में शर्म और नैतिकता नहीं बची है। वे पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को इसका संज्ञान लेकर उन्हें मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए।

# झारखंड में 25 मई को आंधी-पानी का अलर्ट, चुनाव पर नहीं पड़ेगा हीटवेव का साया



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के अगले दो चरणों के शेष चुनाव पर हीट वेव का साया पड़ने की संभावना नहीं है। राज्य में अब रांची समेत जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह का चुनाव ठंडे और कूल कूल मौसम में हो सकता है। राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान आंधी और गरज के साथ बारिश होने का आरेंज और उसके बाद तीन दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**वोटिंग के दिन हो सकती है बारिश**

इन जिलों में 25 मई को मतदान के दिन तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। दिन में गर्मी के बाद इन जगहों पर तेजी से मौसम बदलेगा और बारिश और तेज हवा चलने के बाद दोपहर बाद का मौसम ठंडा और सुहाना होने की संभावना है।

**अब गांगेय क्षेत्र से सटे इलाको में होना है मतदान :** मौसम विभाग के अनुसार अब गांगेय क्षेत्र से सटे इलाको में मतदान होना है। राज्य के पलामू और उत्तर, पश्चिमी और मध्य के अधिकांश भाग में चुनाव पूरे हो चुके हैं। अब मतदान के लिए बचे सीट पूर्वी हिस्से में आते हैं। आनेवाले दिनों में इन संसदीय सीटों के मौसम में बदलाव जारी रहेगा।

**कुछ जगहों पर हुई बारिश**

राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान भी पश्चिमी सिंहभूम, हजारीबाग, गिरिडीह, रामगढ़, गुमला, खूंटी आदि जिलों में तेज हवा चलने के साथ हल्की बारिश हुई। सबसे तेज हवा खूंटी में 50 से 55 किमी की रफ्तार से चली। जबकि रांची और आसपास के जिलों समेत राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है।

पाकुड़ में एक घंटा तक हुई झमाझम बारिश से मंगलवार को मौसम सुहाना हो गया। वहीं सड़कों पर बारिश का पानी जमा होने से सड़क पूरी तरह से कीचड़मय हो गया। जिससे लोगों को आवागमन करने में काफी परेशानी हुई।

अहले सुबह से ही आसमान में बादल छाया हुआ था। नौ बजते ही बारिश शुरू हो गयी। बारिश एक घंटा तक झमाझम हुई। बारिश होने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिल गया है। बारिश रूकने के बाद सड़कों पर जल जमाव हो गया। सड़क किनारे नाली नहीं रहने के कारण सड़क पर पड़ी मिट्टी से कीचड़मय हो गया। जिससे लोगों को आवागमन करने में दिक्कतें हुई। सदर प्रखंड के संग्रामपुर मध्य विद्यालय के पास सड़क पर पानी जमा होने से आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतें हो रही थी। नाली जाम रहने से नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता रहा।

## स्नातक में नामांकन की अंतिम तिथि 25 मई, अब तक 23,992 विद्यार्थियों ने किया आवेदन, यहां एडमिशन के लिए मची होड़



**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय धनबाद के अधीन कालेजों में स्नातक में नामांकन को लेकर तेजी देखने को मिल रही है।

नामांकन के लिए आवेदन करने को 25 मई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। ऐसे में काफी तेजी से चांसलर पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय को आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अब तक 23,992 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। जबकि इनमें से 20,493 का आवेदन पेड है।

चांसलर पोर्टल के माध्यम से राज्य भर के कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत सबसे अधिक आवेदन बीबीएमकेयू और सिदो-कान्हो मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका को प्राप्त हुए हैं।

सिदो-कान्हो के लिए 23,237, रांची विश्वविद्यालय रांची के लिए 13,138, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के लिए 2294 और जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के लिए 1249 आवेदन मिल चुके हैं। जबकि सबसे बुरी स्थिति निलांबर पितांबर विश्वविद्यालय पलामू की है। यहां अब तक केवल एक आवेदन मिला है।

धनबाद और बोकारो जिले के कॉलेजों की बात करें तो सबसे अधिक आवेदन शहर के पीके राय मेमोरियल कॉलेज धनबाद और आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर के लिए हुआ है।

पीके राय के लिए 2558 और आरस मोर के लिए 2152 आवेदन मिले हैं। जबकि सबसे कम आवेदन शमसुल हक मेमोरियल संध्याकालीन डिग्री कॉलेज व बोकारो थर्मल संध्याकालीन डिग्री कॉलेज के लिए प्राप्त हुए हैं। यहां महज 14-14 आवेदन मिले हैं।

# छठे चरण में 91 उम्मीदवार, झामुमो-भाजपा उम्मीदवारों पर केस भी है दर्ज



**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के छठे चरण में धनबाद, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची में चुनाव होना है। इन चारों सीटों पर 25 मई को मतदान है। कुल 91 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 24 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनमें सात निर्दलीय भी हैं। वहीं, 28 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। सबसे अधिक जमशेदपुर से चुनाव लड़ रहे नौ उम्मीदवार करोड़पति हैं। इस सीट से चुनाव लड़ रहे निर्दलीय उम्मीदवार सौरभ विष्णु के पास सबसे अधिक 19 करोड़ 91 लाख 09 हजार 50 रुपये की संपत्ति है।

जमशेदपुर सीट से करोड़पति प्रत्याशी नर्दलीय प्रत्याशी बबलू प्रसाद दांगी के पास 2 करोड़ 26 लाख 96 हजार की संपत्ति है। भाजपा प्रत्याशी विद्युतवरण महतो के पास 3 करोड़ 83 लाख 45 हजार 63 रुपये की संपत्ति है। डोमन चंद्र भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी हैं, जिनके पास 2 करोड़ 25 लाख 6 हजार 3 सौ रुपये, निर्दलीय इंद्रदेव प्रसाद के पास 1 करोड़ 50 लाख 14 हजार 677 रुपये, निर्दलीय जीतेंद्र सिंह के पास 2 करोड़ 15 लाख 34 हजार 859 रुपये, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी मनोज गुप्ता के पास 1 करोड़ 16 लाख 4 हजार रुपये, निर्दलीय साधु चरण के पास 1 करोड़ 94 लाख 3 हजार 880 रुपये, भारत आदिवासी पार्टी के सुकुमार सोरेन के पास 1 करोड़ 1 लाख 34 हजार रुपये की संपत्ति है।

**कई पर दर्ज हैं मुकदमे :** जमशेदपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे भारतीय आजाद सेना के अरुण कुमार, भाजपा के विद्युतवरण महतो, निर्दलीय प्रत्याशी जूझा सोरेन और बसपा के प्रणव महतो के खिलाफ एक-एक मुकदमा दर्ज है। वहीं, लोकहित अधिकारी पार्टी के मनोज गुप्ता के खिलाफ 3 और झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के खिलाफ 2 मुदकमे दर्ज हैं।

**राज्य की चार संसदीय सीटों पर 25 करोड़पति :** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश के चार संसदीय सीटों पर होने जा रहे चुनाव में कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने कुल 91 उम्मीदवारों के शपथ पत्र का विश्लेषण कर बुधवार को रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक 48 (53) उम्मीदवार पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

कांग्रेस पार्टी के दोनों उम्मीदवारों पर किसी तरह का कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। भाजपा के तीनों ही उम्मीदवार पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। कुल 91 उम्मीदवारों में से 25 (27) करोड़पति हैं। सभी उम्मीदवारों की औसत संपत्ति करीब 1.28 करोड़ रुपए है।

## अब 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा में फेल हुए बच्चों की होगी कक्षा में उपस्थिति की जांच, इस वजह से लिया गया फैसला



**रांची, एजेंसी।** दसवीं और 12वीं की परीक्षा में अनुतीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं की कक्षा में उपस्थिति की अब जांच होगी। इसे लेकर राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र जारी किया है।

जारी किए गए पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति पूरे शैक्षणिक सत्र में 75 प्रतिशत होना अनिवार्य है। साथ ही किसी भी विद्यार्थी के विद्यालय में लगातार 30 दिनों की अनुपस्थिति पर नामांकन रद किए जाने का भी उल्लेख किया गया है। इसे लेकर शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। बताया गया कि सीएम आदर्श विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए दसवीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षा में अनुतीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की विद्यालय में उपस्थिति क्या रही है, इसकी भी जांच की जाएगी। गत शैक्षणिक सत्र में ऐसे अनुतीर्ण होने वाले विद्यार्थी कितने दिनों तक विद्यालय से अनुपस्थित रहे हैं, इसकी जांच शिक्षा विभाग के उच्च पदस्थ स्वयं करेंगे, या फिर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी से सीएम आदर्श व उत्कृष्ट विद्यालयों में अनिवार्य रूप से एवं अन्य सभी वैसे विद्यालयों में जहां 10 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए हैं। ये सारी जांच कराने के बाद इससे संबंधित प्रतिवेदन राज्य परियोजना कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा। बता दें कि इस वर्ष जैक बोर्ड द्वारा जारी परीक्षाफल में राजधानी रांची के विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा है। इस कारण शिक्षा विभाग के उच्च पदस्थों ने मूल कारणों को खंगालने की दिशा में यह कदम उठाया है।

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय से पत्र जारी होने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक एक्टिव मोड पर हैं। उन्होंने जिले के सभी विद्यालय प्रधानों को इससे संबंधित जानकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। जिसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि जिले के सभी 2100 सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सकेगा।

# सीएम चंपाई सोरेन ने कहा : बंद खदानों पर कुछ नहीं बोले पीएम, यह मजदूरों-आदिवासियों का अपमान



**जमशेदपुर, एजेंसी।** झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाटशिला के मऊभंडार में आयोजित चुनावी सभा में एचसीएल की बंद खदानों पर कुछ नहीं बोले। यह मजदूरों और आदिवासियों का अपमान है। वहां सुरदा, राखा, चापड़ी, केंदाडीह सहित कई माइंस बंद है, पर पीएम एक शब्द भी नहीं बोले। न ही किसान, छात्रों व मजदूरों के हक की बात की।

झारखंड में जब रघुवर दास सरकार थी, तब भी माइंस खोलने का कोई प्रयास नहीं हुआ। चंपाई बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। चंपाई ने कहा कि 10 सालों से केंद्र सरकार जुमलेबाजी कर रही है।एक भी काम नहीं किया जो जनता के बीच बता सके। झारखंड को केंद्रीय एजेंसियों का प्रयोगशाला बना दिया। ईडी, सीबीआई व आयकर विभाग केंद्र सरकार के इशारे पर काम रहे हैं। देश के कई राज्यों में भ्रष्टाचारी पकड़े गए। जो भाजपा में शामिल हो गए, वे वाशिंग मशीन में साफ हो गए। हेमंत सोरेन को जिस जमीन के मामले में जेल भेजा गया है, उस जमीन को कोई खरीद नहीं सकता है और न ही नेचर बदल सकता है। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा-मोदी सार्वजनिक उपक्रमों को पूंजीपतियों को देकर देश को गिरवी रख रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण होने से नौकरियां नहीं मिलेंगी। एक संस्था ऐसे उपक्रमों को चलाएंगी। भाजपा ने ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया है। इसे बंद करना होगा। निजीकरण होने से युवाओं को नौकरी नहीं मिलेगी।

आज देश खतरे में है। संविधान व आरक्षण खत्म करने की साजिश रची जा रही है। देश में लोकतंत्र का राज नहीं हैं, बल्कि तानाशाही चल रही है। लोकतंत्र व संविधान बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़नी होगी। रघुवर दास सरकार ने 5000 प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया, ताकि आदिवासी समाज के बच्चे शिक्षित न हों। हेमंत सरकार ने आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए तीन गुना छात्रवृत्ति योजना लागू की। बच्चों को बेहतर व उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने का खर्च उठाने का काम किया है, जिसे उनकी सरकार ने भी जारी रखा है।

कल्पना सोरेन ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट डाला है। लिखा है कि राजनीति, दल, सरकार सब आप की (हेमंत सोरेन) की जिम्मेदारी रही। मैं घर, बच्चे, बाबा, मां और परिवार की देखभाल में खुश थी। ना मुझे कभी राजनीति में आने का शौक था, ना ही कभी सोचा था कि मुझे यह करना है। पर, तानाशाहों ने 31 जनवरी को हमारी जिंदगी बदल दी।

## गिरिडीह में आज शाम पांच बजे के बाद से नहीं बिकेगी शराब, इन जिलों में भी बंद रहेगा ठेका

**गिरिडीह, एजेंसी।** छठें चरण के मतदान को लेकर गुरुवार को शाम पांच बजे से गिरिडीह में ड्राई डे लागू हो जाएगा। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, 25 मई को मतदान की समाप्ति तक यह आदेश लागू रहेगा।

जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि मतदान को लेकर गिरिडीह में 23 में की शाम 5:00 बजे के बाद से अगले 48 घंटे के लिए पूर्ण रूप से शराबबंदी रहेगी। इस दौरान किसी भी दुकान, होटल, रेस्टोरेंट या क्लब में शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री नहीं की जा सकेगी।

गिरिडीह के सीमावर्ती जिले हजारीबाग, धनबाद, बोकारो और जामताड़ा में भी शराब दुकानें बंद रहेंगी। वहीं छठे चरण में देवघर में शराब बंदी का आदेश लागू नहीं है।

इधर, सातवें चरण में गिरिडीह के पड़ोसी जिले देवघर में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर भी गिरिडीह में 31 मई और 1 जून को शराब की बिक्री पर रोक रहेगी। वहीं इसके बाद 4 जून को मतगणना के दिन भी जिले में ड्राई डे घोषित है।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार, सजा 27 को

**रांची, एजेंसी।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में अभियुक्त प. बंगाल के पुरूलिया निवासी मिथुन महतो को दोषी करार दिया है। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई के लिए 27 मई की तारीख निर्धारित की है। घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने नगड़ी थाना में चार अगस्त 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

अभियुक्त को पुलिस ने 19 फरवरी 2022 को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में ही है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, अभियुक्त मिठाई दुकान में काम करता था। उसी में नाबालिग भी काम करती थी। दोनों में दोस्ती हुई और अभियुक्त ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसकी जानकारी परिजन को तब हुई, जब वह गर्भवती हो गई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सात गवाहों को प्रस्तुत किया गया था।

**घटना के तीन साल बाद अभियुक्त ने जुवेनाइल होने का ठोका था दावा :** अभियुक्त जेल में रहते हुए अपने वकील के माध्यम से पिछले महीने जुवेनाइल होने की याचिका दाखिल की थी। अभियुक्त की ओर से किसी प्रकार का कोई जन्म प्रमाणपत्र दाखिल नहीं किया गया। अदालत ने उसकी उम्र की जानकारी लेने के लिए मेडिकल बोर्ड को लिखा। मेडिकल बोर्ड ने 4 अप्रैल 2024 को उसकी उम्र 26 से 28 साल के बीच बताया। इसके आधार पर अदालत ने उसकी जुवेनाइल याचिका खारिज कर दी। अभियुक्त ने अपनी याचिका में कहा था कि घटना के समय उसकी उम्र 18 साल से कम थी।

## संक्षिप्त समाचार

### छठे चरण की वोटिंग से पहले बंगाल में हिंसा, नंदीग्राम में भाजपा की महिला कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में 25 मई को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए वोटिंग होगी। इससे ठीक पहले नंदीग्राम से हिंसा की खबरें सामने आई हैं। भारतीय जनता पार्टी की एक महिला कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। भाजपा ने दावा किया है कि उनके कई कार्यकर्ताओं पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के द्वारा हमला किया गया। भगवा पार्टी ने गुरुवार को नंदीग्राम में विरोध-प्रदर्शन किया। टीएमसी ने हिंसा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। ममता बनर्जी की पार्टी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी कार्यकर्ताओं की आपसी कलह के कारण यह हत्या हुई है। हिंसा की खबरें टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी द्वारा विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के विधानसभा क्षेत्र नंदीग्राम का दौरा करने के बाद सामने आई हैं। वह अपनी पार्टी के तमलुक सीट से उम्मीदवार देबांग्शु भट्टाचार्य के लिए वोट मांगने के लिए पहुंचे थे।

### नेटफ्लिक्स का ग्रेट इंडियन कपिल शो: फराह खान द्वारा अनिल कपूर को दिया गया निकनेम

**मुंबई, एजेंसी।** अगर अभी तक आपका नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर पिछले हफ़्ते सुपर स्टार सिंगर एड शीरन के एपिसोड का ख़ुमार नहीं उतरा है, तो तैयार हो जाईये ओजी बॉलीवुड ट्रेंडसेटर्स फ़राह ख़ान और अनिल कपूर से मिलने के लिए, जिनकी दोस्ती एक ज़माने से चली आ रही है।13-एपिसोड की सीरीज़ के इस 9वें एपिसोड में आप फ़राह का साफ दिल और अनिल कपूर के आकर्षक व्यक्तित्व को जान पायेंगे। लेकिन ज़रा रुकिए...क्या हमने फ़राह को अनिल को पापा जी कहते हुए सुना हैं? कपिल के पूछने पर फ़राह ख़ान ने ख़ुलासा किया कि अनिल का यह निकनेम कैसे शुरू हुआ था। फ़राह बताती हैं, इसका मतलब कोई पिता वाले पापा जी नहीं है। जब हम 1942 ए लव स्टोरी फ़िल्म पर काम कर रहे थे, (विधु) विनोद चोपड़ा जी हमारे साथ में थे। जब भी वो कुछ करते, हम (फराह और अनिल) उनकी तारीफ़ करते थे, पापाजी यू आर ग्रेट ! या पाप्पा जी यू आर पोप्पो ! फिर पाप्पा जी हमारा कोडवर्ड बन गया। तब से हम जब भी मिलते हैं, एक-दूसरे को पाप्पा जी कहते हैं।

### जयंत सिन्हा ने शो-कॉज नोटिस पर जताई हैरानी

**रांची, एजेंसी।** मोदी 1.0 सरकार में मंत्री रहे हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी की ओर से जारी शो-कॉज नोटिस पर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। पार्टी ने 20 मई की शाम उन्हें नोटिस जारी किया था, जिसमें मताधिकार का इस्तेमाल न करने और चुनाव प्रचार में रुचि न लेने पर उनसे जवाब देने को कहा गया था। उन पर वोट न देने का आरोप लगाना गलत है। सिन्हा ने शो-कॉज नोटिस का पत्र मीडिया में जारी करने पर हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा के साथ वार्तालाप के बाद 2 मार्च को ही इसकी सार्वजनिक घोषणा कर दी थी कि लोकसभा चुनाव में उनकी सहभागिता नहीं होगी।

# प्रधानमंत्री पद के लिए 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार का चयन नतीजों के बाद किया जाएगा: केजरीवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन जीतता है वह प्रधानमंत्री बनने की रेस में शामिल नहीं हैं। दरअसल केजरीवाल से उन अटकलों के बारे में पूछा गया था जिनमें कहा जा रहा है कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गुट लोकसभा चुनाव जीतता है तो वह अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। हालांकि उन्होंने इसे खारिज कर दिया।

उन्होंने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में राहुल गांधी के बारे में सवालों को भी टाल दिया और कहा कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है और इंडिया गुट चुनाव नतीजों के बाद इस पर फैसला करेगा। राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किए जाने संबंधी सवाल पर केजरीवाल ने कहा, प्रधानमंत्री पद के लिए 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार का चयन लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद किया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के बारे में फैसला चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है




कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) धीरे-धीरे 300 के आंकड़े की ओर बढ़ रहा है। केजरीवाल ने कहा, वह अपने दम पर सरकार बनाएगा। गठबंधन एक अच्छी, स्थिर सरकार देगा। यह पूछे जाने पर कि क्या वह खुद को 'इंडिया' गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का चेहरा मानते हैं, केजरीवाल ने कहा, ''मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं है। हम (आप) एक बहुत छोटी पार्टी हैं जो केवल 22 सीट पर चुनाव लड़ रही है।'' इस सवाल पर कि क्या वह राहुल गांधी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार करेंगे, केजरीवाल ने कहा, ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है। यह एक सैद्धांतिक सवाल है। जब हम साथ बैठेंगे तो इस पर चर्चा करेंगे। भाजपा का नाम लिए बिना दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा, यह लोकसभा चुनाव देश और लोकतंत्र को मौजूदा तानाशाही से बचाने के लिए है। उन्होंने आशंका जतायी कि अगर भाजपा सत्ता में वापस आई तो लोकतंत्र खत्म कर देगी। केजरीवाल ने कहा, चुनाव नहीं होंगे और अगर होंगे भी तो रूस की तरह ही होंगे। पुतिन ने या तो पूरे विपक्ष को जेल भेज दिया या उन्हें ख़त्म कर दिया और फिर चुनाव कराए तथा 87 फीसदी वोट हासिल किए। उन्होंने अपनी बात समझाने के लिए पाकिस्तान का उदाहरण भी दिया। केजरीवाल ने कहा, पाकिस्तान में इमरान खान को जेल भेज दिया गया और उनकी पार्टी तथा चुनाव चिह्न छीन लिया गया। आप संयोजक ने कहा, वे (भाजपा) भी ऐसा करेंगे... आप (नेताओं) को जेल भेजेंगे, ममता बनर्जी को जेल भेजेंगे। किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। सभी जेल में होंगे और फिर वे चुनाव जीतते रहेंगे। 'इंडिया' गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए कोई चेहरा न होने के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा, ''फिलहाल सबकी चिंता यही है कि वे (भाजपा) किसी को नहीं छोड़ेंगे।'' उन्हें उम्मीद है कि विपक्षी गठबंधन दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, आप और इंडिया गठबंधन की ऐसी लहर है कि मुझे आश्चर्य नहीं होगा कि विधानसभा चुनाव के पिछले रिकॉर्ड, जिसमें हमने (आप) 67 सीट (2015 में) और 62 सीट (2020 में) जीती थीं, टूट जाएं। केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय ने चुनाव प्रचार के लिए 10 मई को धनशोधन मामले में एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी और जेल दिल्ली के मतदाताओं के लिए एक भावनात्मक मुद्दा है जिससे भाजपा को नुकसान होगा।

## पानी, उम्मीद और सशक्तिकरण: सुनीता की दृढ़ता की कहानी

**छतरपुर।** हर माँ अपने बच्चों के लिए एक सुरक्षित घर और शिक्षा के लिए एक बेहतर माहौल उपलब्ध कराने का सपना देखती है, लेकिन सुनीता के लिए सच्चाई बिल्कुल ही विपरीत थी। सुनीता जीवनभर मध्यप्रदेश में छतरपुर ज़िले के दूरवर्ती आदिवासी गांव में रही, जहाँ उसे मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिलती थी जिसके कारण उसका जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। अब उसकी 11 वर्षीय बेटी सपना भी एक ऐसे ही भविष्य का सामना कर रही है। सुनीता आर्थिक रूप से वंचित परिवार से है। अपनी मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद शादी के बाद उसे एक बेहतर जीवन की महत्वाकांक्षा थी। हालांकि, उसके सपने चकनाचूर हो गए जब कम उम्र में ही उसके पति की मृत्यु हो गई और उसके बच्चों के पालन-पोषण की पूरी ज़िम्मेदारी उस पर आ गई। उसके जीवन की त्रासदी जारी रही और एक भयंकर दुर्घटना में उसके बड़े बेटे की मौत हो गई। बिना किसी सहारे के अब इस परिवार को अपनी बुनियादी ज़रूरतें पूरा करने के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा था। घर चलाने का पूरा बोझ अब सुनीता के कंधों पर था। उसके पास अपनी छोटी बेटी को अकेले घर छोड़ने के अलावा और कोई विकल्प नहीं था और उसे पानी लाने के लिए हर दिन छह किलोमीटर चलना पड़ता था। छोटी उम्र में ही सपना को खाना बनाना, कपड़े धोना, घर साफ करना और घर के अन्य काम करने पड़ते थे जिस वजह से एक होनहार छात्रा होने के बावजूद वह पढ़ाई नहीं कर पाती थी। सुनीता जानती थी कि उसकी बेटी सपना स्कूल जाना चाहती है, लेकिन घर की कठिन परिस्थितियों के कारण उसे कई ज़िम्मेदारियाँ निभानी पड़ रही थी। आखिरकार, सुनीता और सपना जैसे सैकड़ों परिवारों को तब बड़ी राहत मिली जब आनंदना कोका कोला इंडिया फाउंडेशन ने हरीतिका के साथ मिलकर गांव में पानी उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण काम अपने हाथों में लिया। पानी की उपलब्धता ने पानी की कमी के कभी खत्म न होने वाले चक्र से गांववासियों को मुक्त कर दिया, जिसके कारण शिक्षा और कमाई के अन्य अवसरों सहित अन्य रूचियों को पूरा करना और रोज़गार करना उनके लिए संभव हो पाया। पानी लाने के लिए सुनीता को फिर कभी घर के बाहर नहीं जाना पड़ा।

## रोड़ा बन रहा था देवर, भाभी ने प्रेमी से कराया कत्ल, दिल्ली पुलिस ने सुलझाई मिस्ट्री?

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
द्वारका जिले की एएटीएस व बाबा हरिदास नगर थाना पुलिस ने हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में महिला ने अपने प्रेमी नीरज सहरावत व तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर अपने देवर की हत्या कर डाली थी। आरोपियों ने युवक को अगवा कर मोदी नगर स्थित गंगनहर के पास उनकी गोली मारकर हत्या को अंजाम दिया था। जांच में पता चला है कि इसकी वजह केवल इतनी थी कि वह देवर से उधार लिए रुपए वापस करने से बचना और अपने अवैध संबंधों को छिपाना चाहती थी। युवक की बहन की ओर से गुमशुदगी की शिकायत करने के बाद पुलिस ने हत्या के मामले का खुलासा किया।

पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह के अनुसार, आरोपियों की पहचान शिव एंक्लेव निवासी सीमा, गांव जोंडी, झज्जर, हरियाणा निवासी नीरज सहरावत, शिव एंक्लेव निवासी नीरज दहिया और गांव युसुफपुर, ईसापुर, गाजियाबाद निवासी अनुभव मलिक के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में इस्तेमाल कार, पिस्टल, कारतूस, दो मोबाइल फोन इत्यादि बरामद कर लिया है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार, रवि की बहन ज्योति ने 24 मार्च को बाबा हरिदास नगर में रवि की गुमशुदगी की शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उसका भाई पांच मार्च से गायब है। रवि अपने भाई दीपक और भाभी सीमा के साथ शिव एंक्लेव में रहते थे और खेती करते थे। मामले की जांच के लिए इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखेरख में टीम गठित की गई। पुलिस ने मृतक के मोबाइल नंबर की डिटेल खंगाली। साथ ही तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज की मदद ली। जांच में पता चला कि रवि ने 5 मार्च की रात नीरज सहरावत नाम के सख्स को कॉल किया था। रवि की बहन के अनुसार, उसका भाई 5 मार्च की रात से लापता हो गया था। लेकिन पुलिस को तकनीकि जांच से पता चला कि 8 मार्च को उसका लोकेशन उसके घर के आसपास ही था। उसके बाद उसके मोबाइल का लोकेशन जनकपुरी इलाके में दिखने लगा। ज्योति ने पुलिस को बताया कि जब होली पर अपने भाई के यहां पहुंची थी तो रवि नहीं मिला। उसने भाभी से पूछा तो उसने बताया कि बाहर गया था, लेकिन उसका फोन चल रहा है, वह बात नहीं कर रहा है। पुलिस जांच में पता चला कि वह ज्योति को गुमराह कर रही थी। आगे की जांच में पता चला कि पांच मार्च को सीमा का मोबाइल फोन नीरज दहिया इस्तेमाल कर रहा था और उसका लोकेशन गंग नहर, मोदीनगर के आसपास था। उसके बाद वह सुबह होने से पहले ही वापस आया, तीसरा आरोपी नीरज सहरावत भी नीरज दहिया के साथ उसे रूट पर देखा गया।

## मालीवाल केस में निर्भया की मां ने केजरीवाल को दी सलाह, समर्थन से भावुक स्वाति

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने उनके समर्थन में वीडियो बनाने के लिए निर्भया की मां का धन्यवाद किया। कहा कि निर्भया की माता जी ने देश में इंसाफ की लंबी लड़ाई लड़ी है। उन्होंने मेरे समर्थन में वीडियो बनाई तो दिल भावुक हो गया।

निर्भया की माता को याद करते हुए स्वाति ने कहा कि जब मैं बच्चियों के रेपिस्ट को सजा दिलाने के लिए अनशन कर रही थी, तब भी उन्होंने मेरा साथ दिया था। आज उन्होंने मेरे समर्थन में ये वीडियो बनाई तो दिल बड़ा भावुक हुआ। साथ ही उन्होंने कहा कि इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि अभी कुछ नेता मेरा समर्थन करने के लिए इन्हें भी बीजेपी का एजेंट बता देंगे। निर्भया की मां आशा देवी ने एक वीडियो में कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ बहुत गलत हुआ है। वह स्वाति मालीवाल को बहुत अच्छे से जानती हैं। उनसे कई बार मुलाकात हुई है और साथ में बहुत काम भी किया है। उन्होंने हमारी बेटी के मामले में भी बहुत मदद की। मैंने कई महिलाओं के केस के बारे में उनसे बात की थी। उन्होंने जितना हो सके मदद की है। आशा देवी ने कहा कि अगर इतनी पावरफुल महिला सुरक्षित नहीं हैं तो आम महिलाएं कैसे सुरक्षित




रह सकती हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर आज की तारीख में किसी बच्ची के साथ कुछ होता है तो दस जगह धक्के खाओ, इंसाफ तो बहुत दूर की बात है। वादा करना अलग चीज है उस पर काम करना अलग चीज है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।

इससे पहले उनके साथ घटी घटना को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए स्वाति ने कहा था कि मैंने जब केस दर्ज कराई तो मेरे खिलाफ नेताओं और वालंटियर की पूरी फौज लगा दी गई। मुझे बीजेपी का एजेंट बुलाया गया। मेरा चरित्र हरण कराया गया। काट पीट के वीडियो लीक की गई। सबूत से छेड़छाड़ करी गई। आरोपी के लिए खुद सड़क पर उतर गए और अब मुख्यमंत्री साहब जिनके ड्राइंग रूम में मुझे पीटा गया, वो कह रहे हैं कि उन्हें इस मामले में निष्पक्ष जांच चाहिए। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी। मैं इसे नहीं मानती। कथनी और करनी एक समान होनी चाहिए।

## दिल्ली-एनसीआर में आग उगल रहा सूरज

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई राज्य भीषण लू की चपेट में हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में अभी कम से कम छह तक राहत के आसार नहीं हैं। बुधवार को भारी तपिश के चलते दिल्ली में बिजली की मांग के सभी रिकॉर्ड टूट गए। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली का अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

दिल्ली के लोग बीते शनिवार से भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जूझ रहे हैं। बुधवार को भी तेज धूप और लू के चलते लोगों का घर से बाहर निकलना मुहाल हो गया। मानक वेधशाला सफदरजंग में बुधवार का अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 30.9 डिग्री रहा, जो सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है।

रात के समय तापमान में थोड़ी गिरावट से लोगों को कुछ राहत मिलती है, मगर अभी अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान भी अधिक है। इससे लोगों को गर्मी ज्यादा परेशान कर रही है। दिल्ली के तीन मौसम केंद्रों में बुधवार को न्यूनतम तापमान 33 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए गर्मी और लू का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। उसके बाद तीन दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार एवं मंगलवार के लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी



में बुधवार दोपहर 3.42 बजे बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर आठ हजार मेगावाट तक पहुंच गई। बीते पांच दिनों से लगातार बिजली की मांग सात हजार मेगावाट से अधिक है। मई में ऐसा पहली बार हुआ है जब लगातार बिजली की मांग सात हजार मेगावाट तक पहुंच रही है। ऐसा 15 साल बाद हुआ है। इससे पहले, मंगलवार को दोपहर में बिजली की अधिकतम मांग 7,717 मेगावाट पहुंची थी। वहीं रात 11.01 बजे यह 7,726 मेगावाट पहुंच गयी थी। बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता ने कहा कि लगातार पांचवें दिन दिल्ली में बिजली की अधिकतम मांग 7,000 मेगावाट से ऊपर रही।

## हाई कोर्ट ने इकबाल की नियुक्ति को गलत बताया, मो. शकील बने जामिया मिलिया के कार्यकारी वीसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को प्रोफेसर इकबाल हुसैन की जामिया मिलिया इस्लामिया के प्रो-वाइस चांसलर और कार्यकारी कुलपति के रूप में नियुक्ति को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि नियुक्तियां संबंधित कानून के अनुरूप नहीं की गई थीं। अदालत के इस फैसले के कुछ घंटे बाद जामिया मिलिया इस्लामिया ने मोहम्मद शकील को अपना कार्यकारी कुलपति नियुक्त किया।




अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यकारी कुलपति के पद पर नई नियुक्ति करने का निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक मशीनरी प्रभावित न हो या पूरी तरह से ठप न हो जाए। कोर्ट ने राष्ट्रपति से इस बीच एक नियमित कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का आदेश देने का भी आग्रह भी किया। शकील जामिया में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सबसे वरिष्ठ प्रोफेसर हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय के नियमित कुलपति के पदभार ग्रहण करने तक कार्यकारी कुलपति का कार्यभार संभाला है। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) से बीटेक और एमटेक की डिग्री प्राप्त की और उसके बाद रुड़की विश्वविद्यालय से पीएचडी की डिग्री हासिल की। शकील ने विभिन्न प्रशासनिक पदों पर भी काम किया है, जिनमें इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के डीन, परीक्षा नियंत्रक, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख आदि पद शामिल हैं। वह विश्वविद्यालय की कई महत्वपूर्ण समितियों का भी हिस्सा रहे हैं।

## लोस चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में बागी नेताओं की घर वापसी के संकेत

**रायपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में बागी नेताओं की घर वापसी के संकेत मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी के वह नेता जिन्होंने प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान या तो निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ा या फिर पार्टी और पार्टी के नेताओं पर टिप्पणी करने के आरोप में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से बाहर कर दिए गए थे। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद बहुत जल्द वापस कांग्रेस पार्टी में उन्हें बिना विरोध के शामिल किया जा सकता है। जिन नेताओं के पार्टी में वापसी की चर्चा चल रही है उनमें पूर्व विधायक बृहस्पति सिंह, पार्षद अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा समेत कई चर्चित नाम जिन पर कांग्रेस पार्टी ने अनुशासनहीनता की बात कहते हुए 6 साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान कई कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर अंतर्कलह के साथ बागी होने की बजह से निष्कासन, निलंबन और जवाब दो नोटिस की कार्रवाई की गई थी। कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव से लेकर अब तक कुल 35 पार्टी के नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसके अलावा 15 ऐसे नेता है जिन्हें पार्टी ने कारण बताओं नोटिस दिया था।

## आप सरकार के दावों को दिल्ली जल बोर्ड ने ही नकारा, कहा- संकट की वजह हरियाणा नहीं

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली जल बोर्ड ने उन खबरों का खंडन किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि यमुना नदी में हरियाणा से प्राप्त कच्चे पानी की कमी के कारण दिल्ली में जल संकट पैदा हो गया है। जल बोर्ड ने कहा है कि नदी का जल स्तर कई कारकों पर निर्भर है। जल बोर्ड की ओर से बुधवार की शाम जारी बयान में कहा गया है कि वजीराबाद में यमुना नदी का जल स्तर मौसम की स्थिति, तापमान, जलग्रहण क्षेत्र में वर्षा की स्थिति आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जल बोर्ड ने कहा कि गर्मी के सीजन में जलस्तर के लिए कई कारक महत्वपूर्ण बन जाते हैं। पिछले सालों के आंकड़ों का हवाला देते हुए जल बोर्ड ने कहा कि मई 2021 और मई 2022 की तुलना में वजीराबाद में दैनिक आधार पर यमुना नदी का जल स्तर मई 2024 में ज्यादा है। जल बोर्ड द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्ययोजना भी लागू की जाती है और पाइप लाइनों के माध्यम से पानी की आपूर्ति के अलावा जरूरतमंद क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से भी पानी की आपूर्ति की जाती है।

जल बोर्ड ने यह भी कहा है कि वह मांग को पूरा करने और मौजूदा गर्मी के मौसम में किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल, दिल्ली सरकार में जल मंत्री और आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया है कि भाजपा चुनाव से ठीक पहले दिल्ली में पानी की किल्लत पैदा कर रही है। भाजपा की हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी यमुना में छोड़ना बंद कर दिया है, जिससे दिल्ली में जल संयंत्रों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।

पार्टी कार्यालय में बुधवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में आतिशी ने कहा कि जल संयंत्रों में उत्पादन घटने से उन इलाकों से पानी को लेकर शिकायतें आ रही है, जहां से कभी नहीं थी। उन्होंने कहा कि हमने यह मामला हरियाणा सरकार के सामने उठाया है, जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट का भी रुख करेंगे। आतिशी ने कहा कि मैं दिल्ली के लोगों को सतर्क करना चाहती हूं कि 25 मई तक दिल्ली के मतदाताओं को बरगलाने के लिए ऐसी साजिश रची जाएंगी। आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की





घोषणा के बाद से भाजपा आप के खिलाफ रोज नई-नई साजिश रच रही है। पहले केजरीवाल को बिना किसी सबूत के ईडी से गिरफ्तार करा दिया। मगर ऊपर वाले आर्शीवाद से सीएम को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। दूसरी साजिश स्वाति मालीवाल का प्रयोग करके मुख्यमंत्री को बदनाम करने की कोशिश की। उससे बात नहीं बनी तो पुराना चंदा मामले को सामने ले आए। उससे भी बात नहीं बनी तो अब हरियाणा सरकार के माध्यम से दिल्ली का पानी रोक दिया है।आप नेता ने बताया कि जांच कराने पर पता चला कि पानी हरियाणा सरकार की ओर से रोका जा रहा है। सामान्य दिनों में यमुना का जलस्तर वजीराबाद में 674 फीट तक होता है, अगर कम भी हुआ तो 672 फीट तक ही जाता है। मगर वहां 11 से 21 मई के बीच लगातार पानी घट रहा है। 21 मई को वजीराबाद में जलस्तर घटकर 670.9 फीट तक पहुंच गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैग्नस कार्लसन से उनके घर पर खेलना चुनौतीपूर्ण नहीं: प्रग्गनानंदा



**स्टावंगर, एजेंसी।** नॉर्वे शतरंज के 12वें संस्करण के शुरू होने में एक हफ्ते से भी कम समय शेष रहते भारत के शतरंज खिलाड़ी प्रग्गनानंदा रमेशबाबू इस टूर्नामेंट में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। 27 मई से 7 जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामूरा सहित कई सितारे शामिल हैं। 18 वर्षीय रमेशबाबू ने कहा कि मैं नार्वे शतरंज में खेलने को लेकर रोमांचित और उत्साहित हूं। यह अब तक की सबसे मजबूत फील्ड है जिसमें मैं खेला हूं। मैं इस टूर्नामेंट को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए एक मौके और चुनौती के रूप में देख रहा हूँ। मैं इस टाइम कंट्रोल टूर्नामेंट की तरफ देख रहा हूं जो मैं अभी तक कहीं नहीं खेला हूं। पिछले वर्ष फिडे शतरंज विश्व कप में कार्लसन के साथ अपने मुकाबले को याद करते हुए रमेशबाबू ने कहा कि मैं हमेशा अच्छी चुनौती पसंद करता हूं। पिछले वर्ष विश्व कप के बाद यह मेरा कार्लसन के साथ पहला क्लासिकल मुकाबला होगा। मैं उनके और अन्य के साथ खेलने को लेकर खासा रोमांचित हूं। यहां मिले अनुभव का मुझे भविष्य के टूर्नामेंटों में फायदा होगा।

रमेशबाबू ने कहा कि कार्लसन के साथ उनके घर पर खेलना बड़ा चैलेंज नहीं है। आम तौर पर यह उस खिलाड़ी के लिए मायने रखता है जो अपने घर में खेल रहा होता है। लेकिन इसका मुझ पर कोई असर नहीं होगा। टूर्नामेंट डबल राउंड रोबिन फॉर्मेट में खेला जाएगा। क्लासिकल टाइम कंट्रोल फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 40 चालों के लिए 120 मिनट मिलेंगे। हर चाल के साथ 10 सेकंड का इंक्रीमेंट होगा।

किसी बाजी के ड्रा रहने पर आर्मगेडन गेम खेला जाएगा जिसमें सफेद मोहरों के पास 10 मिनट होंगे जबकि काले के पास सात मिनट होंगे। क्लासिकल गेम जीतने पर तीन अंक मिलेंगे जबकि आर्मगेडन में जीत पर डेढ़ अंक मिलेंगे और आर्मगेडन हारने वाले को एक अंक मिलेगा।



ओलंपिक गेम्स

### विदेश में ट्रेनिंग करेंगे लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु, खेल मंत्रालय ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु अपनी ओलंपिक तैयारियों के तहत क्रमशः फ्रांस और जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगे। इसकी खेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु अपनी ओलंपिक तैयारियों के तहत क्रमशः फ्रांस और जर्मनी में प्रशिक्षण लेंगे। इसकी खेल मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। दरअसल, सेन ने फ्रांस के मार्सिले में 12 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के लिए वित्तीय सहायता मांगी थी। वह आठ-21 जुलाई तक अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ द हाले डेस स्पोर्ट्स पार्सेमेन में प्रशिक्षण लेंगे। वहीं, सिंधु जर्मनी के सारब्रुकन में हरमन-न्यूबर्गर स्पोर्ट्सक्यूल में प्रशिक्षण लेंगी। पेरिस जाने से पहले वह अपने कोच और सहयोगी स्टाफ के साथ एक महीने से अधिक समय तक वहां अभ्यास करेंगी।

थम गया दिनेश कार्तिक का सफर

# आईपीएल से लिया संन्यास?



## कोहली ने गले लगाया, धोनी से इस मामले में थे सीनियर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिनेश कार्तिक यानी डीके ने इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने का फैसला किया है. हालांकि दिनेश कार्तिक की ओर से इस बात का ऐलान नहीं हुआ. पर लाइव टीवी प्रसारण के दौरान इस बात की जानकारी दी गई कि दिनेश कार्तिक ने आईपीएल के सफर को विराम दे दिया है. अपने 16 साल के आईपीएल सफर में कार्तिक ने 6 आईपीएल टीमों की ओर से खेला.

कार्तिक ने एलिमिनेटर मुकाबले के बाद जिस तरह से टीम के साथियों से मिले और दर्शकों का अभिवादन किया, उससे यह तय हो गया है कि अब कार्तिक के आईपीएल सफर को विराम लग गया है. बुधवार (22 मई) को आरसीबी के आईपीएल 2024 एलिमिनेटर में राजस्थान से हारने के बाद अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने संकेत दिया कि यह उनका आखिरी आईपीएल मैच है.

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में प्लेऑफ (एलिमिनेटर) मैच में राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद दिनेश कार्तिक के बारे में लाइव टीवी पर इस बात की घोषणा हुई कि वह आईपीएल सफर का विराम दे रहे हैं. दिनेश कार्तिक ने इस दौरान अपने कीपिंग ग्लव्स उतार दिए, फैन्स ने उनका तालियों से स्वागत किया. स्टेडियम में डीके, डीके के नारे भी लगे.

एलिमिनेटर मुकाबले में जैसे ही रोवमैन पॉवेल ने राजस्थान के लिए विजयी रन बनाया, उसके बाद 38 साल के दिनेश कार्तिक ने विराट कोहली को गले लगाया.

हालांकि कार्तिक ने अभी तक आधिकारिक तौर पर आईपीएल से अपने संन्यास की पुष्टि नहीं की है, जो फोटो और आईपीएल की ओर से जो वीडियो जारी किया गया है, उससे यह माना जा रहा है कि कार्तिक ने आईपीएल से संन्यास लिया है. वहीं धोनी ने अपना टेस्ट डेब्यू चेन्नई में श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2005 में किया. धोनी का वनडे डेब्यू दिसंबर 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ चट्टोग्राम में था. हालांकि टी20 डेब्यू धोनी और डीके का एक ही मैच में था, जो साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था.

### कार्तिक का आईपीएल करियर

दिनेश कार्तिक आईपीएल के शुरुआती सीजन से अब तक खेलने वाले खिलाड़ियों में शुमार रहे. उन्होंने 257 मैचों में 22 अर्धशतक लगाकर 4842 रन बनाए. कार्तिक आईपीएल के इतिहास टॉप 10 रन बनाने वाले खि?लाड़ि?यों में शामिल हैं. इस दौरान कार्तिक ने 147 कैच और 37 स्टम्प भी किए.

### दिनेश कार्तिक का आईपीएल 2024 का सफर

कार्तिक ने एक बार फिर फिनिशर की भूमिका निभाते हुए आईपीएल 2024 के 15 मैचों में 326 रन बनाए. कार्तिक ने अपने प्रदर्शन से खुद को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की दौड़ में वापस ला दिया था. भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने अनुभवी विकेटकीपर के साथ मैदान पर मजाक में कार्तिक से यह भी कहा था कि डीके अभी वर्ल्ड कप खेलना है, यह वीडियों खूब वायरल हुआ था.

### धोनी से पहले किया था इंटरनेशनल डेब्यू

यहां ध्यान रहे कि कार्तिक का इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू एमएस धोनी से पहले हुआ था. दिनेश कार्तिक ने नवंबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था. वहीं वनडे डेब्यू 5 सितंबर 2004 को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में किया. वहीं टी20 डेब्यू 1 दिसंबर 2006 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में किया था.

प्रो हॉकी लीग

## भारतीय पुरुष टीम ने अर्जेंटीना को हराया, महिला टीम को 5-0 से मिली करारी हार



**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो हॉकी लीग में अर्जेंटीना के हाथों 0-5 से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में गोल खाए। भारतीय पुरुष टीम बुधवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग मैच में निर्धारित समय में 2-2 से बराबरी पर रहने के बाद शूटआउट में अर्जेंटीना को 5-4 से हराने में सफल रही। भारत के लिए मनदीप सिंह (11वें मिनट) और ललित कुमार उपाध्याय ने मैदानी गोल दागे जबकि अर्जेंटीना की ओर से लुकास मार्टिनेज (20वें) और टॉमस डोमेने (60वें) ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल किए।

शूटआउट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह ने दो-दो गोल जबकि अभिषेक ने एक गोल किया। पहले हाफ में भारत और अर्जेंटीना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दुनिया की छठे नंबर की भारतीय टीम ने पहले क्वार्टर में दबदबा बनाया, लेकिन उससे एक पायदान निचली रैंकिंग वाली अर्जेंटीना ने अगले 15 मिनट में बेहतर खेल दिखाया।

**महिला टीम को अर्जेंटीना के हाथों मिली 0-5 से हार:** महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो हॉकी लीग में अर्जेंटीना के हाथों 0-5 से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में गोल खाए। अर्जेंटीना के लिए जूलिएटा यानकुनास (53, 59), ऑगस्टीना गोरजेलानी (13), वेलेंटीना रापोसो (24), विक्टोरिया मिरांडा (41) ने गोल किए। भारतीय टीम पहली बार नए कोच हरेंदर सिंह की कोचिंग में यहां खेल रही है। इस मैच में पूर्व कप्तान और गोलकीपर सविता को बाहर रखते हुए बिच्छू देवी को गोलकीपिंग का मौका दिया गया। भारत का अगला मुकाबला कल मेजबान बेल्जियम से होगा।



## एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली के आलोचकों को सुनाई खरी खोटी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुनील गावस्कर ने आईपीएल 2024 सीजन के शुरुआती चरण के दौरान कम स्ट्राइक-रेट के लिए आरसीबी स्टार विराट कोहली की कड़ी आलोचना की। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अपने पहले 8 मैचों में से 7 मैच गंवाए और कोहली उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें टीम के खराब प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया, क्योंकि उनके स्ट्राइक-रेट पर लगातार चर्चा हुई। इस आलोचना के बाद आरसीबी के स्टार विराट ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी थी। अब एबी डिविलियर्स भी इस चर्चा में शामिल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विराट की आलोचना होते देखना उनके लिए सुखद नहीं था।

डिविलियर्स ने बातचीत में कोहली के खिलाफ खेलने के अपने अनुभव को याद करते हुए कहा कि टीम के साथियों के लिए उनका संदेश होगा कि विराट को कुछ मत कहो क्योंकि आलोचना से उनका बेस्ट प्रदर्शन निकलता है।

### आलोचना पर खतरनाक हो जाते हैं विराट

डिविलियर्स ने जियो सिनेमा के कार्यक्रम में कहा, मुझे लगा कि यह बहुत बुरा है कि देश के हीरो और रोल मॉडल जैसे किसी व्यक्ति की इतनी आलोचना हो रही है। लेकिन उनके बारे में मैं निश्चित था और यही बात मैंने अपने शो में भी कही। आपको नहीं पता कि आलोचना होने पर इस व्यक्ति का क्या होता है। मैंने जितने साल उनके खिलाफ खेला है, मैं टीम रूम में खिलाड़ियों से कहता था कि आप मैदान पर विराट से एक शब्द भी न कहें क्योंकि वह मैदान पर आएंगे और अगर आप उन्हें परेशान करने की कोशिश करेंगे तो वह शतक बना देंगे। शायद यह एक वरदान था कि उन्हें थोड़ी-बहुत आलोचना मिली, क्योंकि इस तरह की चीजें उन्हें बहुत प्रेरित करती हैं।

### वर्ल्ड कप में नंबर तीन पर खेलें

डिविलियर्स ने टी20 विश्व कप में विराट की भूमिका पर चर्चा की। उनका मानना है कि विराट को नंबर 3 स्थान पर ही खेलना चाहिए। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि वह तीसरे नंबर के बल्लेबाज हैं और यहीं पर उनका प्रभाव सबसे अधिक है। वह जहां भी खेलते हैं, बल्लेबाजी टीम में नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हैं। वह बल्लेबाजी इकाई में धैर्य और धैर्य बनाए रखते हैं।

विंबलडन

### नागल की खास उपलब्धि, विंबलडन के मुख्य दौर में सीधे प्रवेश पाने वाले पांच साल बाद पहले भारतीय



**लंदन , एजेंसी।** इससे पहले प्रजनेश गुनेश्वरन 2019 में विंबलडन के मुख्य दौर में सीधे खेलने वाले अंतिम भारतीय थे। हालांकि उन्हें पहले दौर में ही हार मिली थी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल विंबलडन के मुख्य दौर में सीधे प्रवेश पाने वाले पांच साल बाद पहले भारतीय बनने जा रहे हैं। विश्व नंबर 94 नागल को उनकी रैंकिंग के आधार पर सीधे प्रवेश मिला है। नागल 26 मई से शुरु होने जा रहे फ्रेंच ओपन में भी सीधे मुख्य दौर में खेलने जा रहे हैं। इससे पहले प्रजनेश गुनेश्वरन 2019 में विंबलडन के मुख्य दौर में सीधे खेलने वाले अंतिम भारतीय थे। हालांकि उन्हें पहले दौर में ही हार मिली थी। नागल हाल ही में विश्व रैंकिंग में 80वें स्थान पर पहुंचे थे, जिसके चलते उन्हें फ्रेंच ओपन में सीधे प्रवेश मिला।

## तेजस शिरसे ने फिनलैंड में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

एथलेटिक्स

**जिवास्किला (फिनलैंड), एजेंसी।** शिरसे ने कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है, लेकिन पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष भारतीय हैं। उन्होंने पिछले साल फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन में स्वर्ण पदक जीता था। तेजस शिरसे ने बुधवार को यहां 13.41 सेकंड के समय से विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता मोटोनेट जीपी सीरीज में स्वर्ण पदक जीतकर पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया।

21 वर्षीय शिरसे ने 2017 में सिद्धांत थिंगाल्या द्वारा बनाये 13.48



सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 13.56 सेकंड है जो उन्होंने नौ मई को नीदरलैंड में बनाया था।

शिरसे ने कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है, लेकिन पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष भारतीय हैं। उन्होंने पिछले साल फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इस साल के फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह विदेश में ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। बुधवार को यह जीत उन्हें विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में उनके 61वें स्थान से ऊपर ले जायेगी। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के लिए स्वतः क्वालीफाइंग मार्क 13.27 सेकंड है। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 40 एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। इनमें से आधे विश्व रैंकिंग से जगह बनाएंगे।

## पोंटिंग ने भारत के मुख्य कोच का प्रस्ताव ठुकराया, कहा- मेरी जीवनशैली में फिट नहीं बैठता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने खुलासा किया है कि जल्द ही खाली होने वाले भारत के मुख्य कोच के पद के लिए उनसे संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने इस पेशकश को अस्वीकार कर दिया क्योंकि यह अभी उनकी 'जीवनशैली में फिट नहीं बैठता। हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में सात सत्र पूरे करने वाले पोंटिंग इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम टी20 कोच रह चुके हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि भारतीय कोच के पद के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से कोई सुझाव आया था या नहीं। पोंटिंग ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, 'आईपीएल के दौरान कुछ आमने-सामने की बातचीत हुई थी, ताकि पता चल सके कि इस पद में मेरी दिलचस्पी है या नहीं। उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रीय टीम का सीनियर कोच बनना पसंद करूंगा लेकिन मेरे जीवन में अन्य चीजें हैं और मैं घर पर कुछ समय बिताना चाहता हूं...हर कोई जानता है कि अगर आप भारतीय टीम के साथ काम करोगे तो आप आईपीएल टीम में शामिल नहीं हो सकते। पोंटिंग ने कहा,



'इसके अलावा राष्ट्रीय मुख्य कोच साल में 10 या 11 महीने की नौकरी है, और मैं इसे करना चाहता हूं, यह अभी मेरी जीवनशैली और उन चीजों में फिट नहीं बैठता है जिन्हें मैं वास्तव में करना पसंद करता हूं। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने अपने बेटे के साथ इस प्रस्ताव पर चर्चा की और वह भारत आने के लिए तैयार लग रहा था। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार और मेरे बच्चों ने पिछले पांच सप्ताह आईपीएल में मेरे साथ बिताए हैं और वे हर साल यहां आते हैं और मैंने अपने बेटे को इसके बारे में बताया। पोटिंग ने कहा, 'मैंने कहा, 'पापा को भारतीय कोच की नौकरी की पेशकश की गई है और उसने कहा, 'बस इसे स्वीकार कर लीजिए पापा, हम अगले कुछ वर्षों के लिए वहां जाना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा, 'वे वहां रहना और भारत में क्रिकेट की संस्कृति को कितना पसंद करते हैं लेकिन अभी यह शायद मेरी जीवनशैली में पूरी तरह से फिट नहीं बैठता। कुछ अन्य हाई प्रोफाइल नाम जैसे कि चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग, लखनऊ सुपर जाइंट्स के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर (मार्गदर्शक) गौतम गंभीर को भी संभावित उम्मीदवारों के रूप में देखा जा रहा है। अगले महीने भारत के टी20 विश्व कप अभियान के बाद राहुल द्रविड़ मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे। बीसीसीआई ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 मई तय की है। पोंटिंग ने कहा, 'मैंने कुछ अन्य नामों को भी चर्चा में देखा है। जस्टिन लैंगर का नाम कल चर्चा में आया, स्टीफन फ्लेमिंग का नाम भी थोड़ा चर्चा में आया। उन्होंने कहा, 'पिछले कुछ दिनों में गौतम गंभीर का नाम भी चर्चा में आया है। लेकिन मुझे लगता है कि मैंने जो कारण बताएं हैं उनके कारण मेरे लिए यह संभव नहीं है।

### भारत के कोच पद के लिए आवेदन नहीं किया, करूंगा भी नहीं: एंडी फ्लावर

**अहमदाबाद, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर की भारतीय कोच पद के लिए दावेदारी पेश करने की कोई योजना नहीं है। जिम्बाब्वे के इस पूर्व कप्तान ने आईपीएल प्लेऑफ से अपनी टीम के बाहर होने के बाद इसकी पुष्टि की। राहुल द्रविड़ टी20 विश्व कप के बाद भारत के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 27 मई तक नए कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।



## एक नजर

### खलिहान में लगी आग, पुआल जला

**अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के परसा टोले रामपुर निवासी रामचंद्र सिंह के खलिहान में गुरुवार की दोपहर आग लग गई। इस घटना में खलिहान में रखा पुआल जल गया। खलिहान से आगे की लपट उठते देख लोगों ने शोर मचाया। आनन-फानन में विद्युत मोटर की सहायता से आग को बढ़ाने से रोका जा सका।

### 38.2 लीटर अवैध शराब बरामद, बाइक जब्त, धंधेबाज गिरफ्तार

**कुटुम्बा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** कुटुम्बा के रिसियप थाना की पुलिस ने चांदखाप पोखर से 375 एमएल का 70 बोतल में 26.250 लीटर अंग्रेजी शराब एवं 500 एमएल का 24 कैन में 12 लीटर कुल-38.250 लीटर शराब एवं 01 मोटरसाइकिल जब्त किया है। साथ ही धंधेबाज बारूण के वार्ड-5 निवासी शशि प्रजापति को गिरफ्तार किया है। मामले में कांड दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### वारंटी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने वारंटी शहर के बस स्टैंड निवासी विलास मिस्त्री के पुत्र संजीत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि एसीजेएम कोर्ट द्वारा संजीत कुमार के विरुद्ध वारंट निर्गत था। इसी के आलोक में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### शराब मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने कर्मा मसूद गांव से शराब के मामले में फरार चल रहे शैलेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि थाना कांड संख्या 176/ 24 शराब के मामले में शैलेश यादव को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। इसी मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नबीनगर के माली थाना की पुलिस ने हरिहरपुर गांव से गुप्त सूचना पर एक देसी कट्टा, 01 मोटरसाइकिल एवं मोबाईल फोन के साथ औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना के ओरा- शेखपुरा के पवन कुमार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हैं।

### मोबाइल चोरी करते रंगेहाथ चोर गिरफ्तार

**औरंगाबाद (का.सं.)।** औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने शहर के भास्कर नगर से मोबाईल चोरी करते हुए स्थानीय निवासी शुभम कुमार रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मामले में कांड दर्ज पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### परिवार व आस-पड़ोस के साथ खुद करें मतदान

**पटना (का.सं.)।** ऑल इंडिया एडवोकेट प्रेस एसोसिएशन की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल कोर्ट में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसलय कुमार ने की। मुख्य अतिथि अधिवक्ता राज कुमार प्रसाद ने कहा कि खुद मतदान करें व परिवार, आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। अधिवक्ता शैलेंद्र प्रसाद ने कहा कि मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की गड़बड़ी व त्रुटि दिखे तो निर्वाचन आयोग को इसकी सूचना दें। मौके पर अधिवक्ता विनोद सिंह, अनुराधा प्रसाद, सुनील कुमार मिश्रा, पवन कुमार, पंकज कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# दो बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत

निज संवाददाता




**बारूण (औरंगाबाद)।** जिले के बारुण प्रखंड के नारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के इंदुपुरी बराज के पास रात्रि में बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दोनों बाइक पर सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने डायल 112 को दी। सूचना पर डायल 112 पर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों मृतकों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण ले गये, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस दोनों मृतकों की पहचान कर घटना की सूचना परिजनों को दी।मृतकों की पहचान नवीनगर प्रखंड के बड़ेम गांव निवासी वीरेंद्र लाल के 45 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार श्रीवास्तव के रूप में की गई है। मृतक कला खुर्द थाना क्षेत्र के मेंह भुइयां टोला निवासी अशोक भुइयां के 24 वर्षीय पुत्र अर्जुन भुइयां के रूप में की गई है। मृतक संतोष के पिता वीरेंद्र लाल ने बताया कि सुबह संतोष अपने घर से बाइक से इलाज के लिए रोहतास के डेहरी ऑन सोन स्थित एक निजी अस्पताल में गया था। घर लौटने के दौरान इंदुपुरी बराज के पास यह हादसे का शिकार हो गये। इधर अर्जुन के परिजनों ने बताया कि अर्जुन किसी काम से इंदुपुरी बराज की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे और शव से लिपटकर चीखने-चिल्लाने लगे। परिजनों की चीख-पुकार से अस्पताल का कोना-कोना दहल गया। घटना के बाद नारी कला खुर्द थाने की पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से बयान लिया और औरंगाबाद सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## आपसी विवाद में मारपीट, तीन घायल

निज संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के नेउरा गांव आपसी विवाद को लेकर एक ही परिवार के सदस्यों के बीच मारपीट की घटना घटी, जिसमें केदारू पाल (65 वर्ष), रीना देवी (35 वर्ष) व गौतम कुमार (16 वर्ष) घायल हो गए हैं। इनका इलाज रेफरल अस्पताल कुटुंबा में कराया गया। बेहतर इलाज के लिए के केदारु को रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह बताया कि इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

# 82 बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए विभाग ने निकाली निविदा, 27 जून को लगेगी बोली

- अबतक आठ बार निकाली गई निविदा, नहीं हो सकी नीलामी
- घाटों की नीलामी कराना खनन विभाग के लिए चुनौती

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले में 82 बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए खनन विभाग ने फिर निविदा निकाली है। सोन, पुनपुन, बटाने, मदार और अदरी नदी बालू घाट की निलामी के लिए निविदा निकाली गई है। निविदा में सोन के 61, पुनपुन के आठ, बटाने के 10, मदार के दो और अदरी के एक घाट शामिल हैं। बालू घाटों की बंदोबस्ती के लिए विभाग से अबतक आठ बार निविदा निकाली गई है पर कोई भी ठेकेदार या बालू के ठेकेदार नीलामी नहीं ले सके हैं। विभाग के द्वारा निकाली गई निविदा के अनुसार, तीन जून तक ठेकेदार बंदोबस्ती के लिए दस्तावेज ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। 18 जून तक ठेकेदार शुल्क जमा कर दस्तावेज ले सकते हैं। 18 जून को ठेकेदारों के लिए निविदा खोली जाएगी। 27 जून को बंदोबस्ती के लिए घाटों की बोली लगेगी। 27 जून तक सभी प्रक्रिया समाप्त कर ली जाएगी। जिला खनिज विकास पदाधिकारी के अनुसार, सभी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। घाटों की नीलामी पांच वर्षों के लिए की जाएगी। बताया गया कि बालू घाटों की नीलामी कराना विभाग के लिए चुनौती है। विभाग का मानना है कि सोन के घाटों की बंदोबस्ती के लिए ठेकेदारों का मेला लगता था आज कोई नीलामी नहीं ले रहे हैं। विभाग के वरीय अधिकारी जिलास्तर के अधिकारी पर नीलामी के लिए दबाव बनाए हैं कि किसी भी तरह घाटों की नीलामी कराना है। अबतक जिले में 31 घाटों की नीलामी हुई है। सात बालू घाटों से खनन शुरू हो गया है। सभी घाट सोन के हैं। जिले में बंदोबस्ती के लिए कुल 113 बालू घाट को चिह्नित किया गया है। सोन को छोड़कर जिले के अन्य किसी भी नदियों के बालू घाट की बंदोबस्ती नहीं हो सकी है।

बालू घाट चलाने वाले ठेकेदार कहते हैं कि अब विभाग ने जिन घाटों की बंदोबस्ती के लिए निविदा निकाली है उन घाटों पर बालू पर्याप्त नहीं है। सरकार ने जितना राजस्व तय किया है उतना राजस्व देकर आमदनी प्राप्त नहीं हो सकती है। अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि बालू घाटों की बंदोबस्ती लेना घाटे का सौदा है। पुनपुन, बटाने, मदार, अदरी में बालू नहीं है। अब केवल मिट्टी बचा है। 82 बालू घाटों की नीलामी के लिए निविदा निकाली गई है।

## लोजपा (आर) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

**एनडीए प्रत्याशी उपेन्द्र कुशवाहा के पक्ष में वोट करने की अपील की**



निज संवाददाता

**नवीनगर (औरंगाबाद)।** शुक्रवार को लोजपा के प्रदेश महासचिव सह काराकाट लोक सभा प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने नबीनगर विधानसभा का बारुण प्रखंड कार्यालय एवं इंग्लिश धुरिया मथुरा पिपरा चूड़ा बरौली परासिया एवं विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगो से एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के पक्ष में वोट देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी को हाथों को मजबूत कीजिए क्योंकि राष्ट्र है तब आप हैं अगर देश नहीं बचेगा तो हम आप सुरक्षित नहीं रहेंगे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष विजय पासवान लोजपा दलित दलित सेवा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय पासवान, लोजपा नेता सुधीर शर्मा, लालबाबू पासवान, महामंत्री राम प्रसाद पासवान, संजीत पासवान, गणेश पासवान, सियाराम पासवान, सुनील सिंह अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुराना मोबाइल बेचने में बरते सावधानी, लेने के पड़ जाएंगे देने, ऑनलाइन ठगी का भी शिकार होने की संभावना

निज संवाददाता



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड क्षेत्र व आसपास के इलाकों में इन दिनों बाईक पर कुछ बर्तन लेकर पुराने मोबाइल व बाल से बर्तन देने वाले खूब घूम रहें हैं। अगर आपके पास भी पुराना व टूटा घर में मोबाइल पड़ा है, जिसे आप बेकार समझकर बेंच रहें हैं तो यह आपकी सबसे बड़ी भूल हो सकती है। मोबाइल बेंचने से पहले यह सुनिश्चित कर ले कि इसे मरम्मत कर फिर से चालू नही किया जा सकता और कबाड़ के अलावा इसका और कुछ भी इस्तेमाल नही हो सकता है। तभी मोबाइल को बेंचने अन्यथा रिपेयर की गुंजाइश रहने के बावजूद आपने मोबाइल बेंच दिया तो आपके साथ धोखा हो सकता है। आप कानूनी पचड़े में फंस सकते है और ठगी के भी शिकार हो सकते है क्योंकि इन दिनों साइबर अपराधियों का गैंग पुराने पड़े मोबाइल फोन इकट्ठा करने में लगा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में फेरीवाले बाइक पर कुछ बर्तन लेकर घूम रहे है। ये पुराने मोबाइल लेकर बर्तन दे रहा है। आप इन्हे पुराना मोबाइल देकर बर्तन लीजिए लेकिन पहले तस्दीक कर लीजिए कि आपका मोबाइल कतई रिपेयर होने लायक नही है, तभी बेंचिए।

दाऊदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने बताया कि आए दिन साइबर अपराध की घटनाएं हो रही है। इसे रोकने का प्रयास पुलिस कर रही है। साइबर अपराधियों से सतर्क रहना जरूरी है क्योंकि साइबर अपराधी पुराने मोबाइल फोन को ठीक कर इसका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी आदि में कर रहें हैं। इस तरह से ऑनलाइन ठगी के बाद जब मामला पुलिस तक पहुंचता है तो मोबाइल के आईएमईआई नंबर के सहारे पुलिस ठग तक पहुंचने का प्रयास करती है। पुलिस की जांच में वह मोबाइल जिसके नाम से रजिस्टर्ड होता है, वह आरोपित बन जाता हैं। इस तरह के मामले पर रोक लगे, इसके लिए सावधानी और सतर्कता बरतनी जरूरी है। खासकर महिलाओं को और ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि साईबर ठग गैंग के लोग घरेलू महिलाओं और वहां टारगेट करते है, जहां शिक्षा की कमी है। इसलिए सावधान रहे और सुरक्षित रहे।

## शिक्षिका की वेतन कटौती पर जताया आक्रोश

**पटना(नि.सं.)।** बांकीपुर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की नगर माध्यमिक शिक्षिका सीमा कुमारी के सोशल मीडिया पर बयान देने के बाद शिक्षा विभाग के निर्देश पर डीईओ पटना ने सात दिनों की वेतन कटौती की है। स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। इसको लेकर अब शिक्षक संघ में काफी आक्रोश है। शिक्षिका पर किये गये कार्रवाई के विरोध में शिक्षक संघ शुक्रवार को काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। शिक्षक संघ के नेता मनोज कुमार ने बताया कि शिक्षिका पर कार्रवाई गलत है। शिक्षिका ने ऐसा कुछ नहीं कहा है जिसके कारण उनके उपर कार्रवाई की गई है। बता दें कि बीतें दिनों स्कूल के समय को सुबह छह बजे से करने पर शिक्षिका ने कहा था कि स्कूल आने-जाने में दिक्कतें हो रही है। सभी शिक्षक मानसिक तनाव में है। सुबह काफी पहले बुलाया जा रहा है।

# निजी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की होगी जांच

निज संवाददाता




**पटना।** शिक्षा विभाग राज्य के सभी निजी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की जांच करेगा। विभाग के पदाधिकारी यह देखेंगे कि निजी स्कूलों में पेयजल, शौचालय, पर्याप्त वर्गकक्ष, खेल मैदान, पुस्तकालय, चहारदीवारी है या नहीं? स्कूलों में शिक्षक कितने हैं? किसी बोर्ड से स्कूल को संबद्धता है या नहीं? सभी शिक्षक प्रशिक्षित हैं या नहीं? प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्र ने गुरुवार को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निजी स्कूलों की जांच कराने का निर्देश दिया है। निदेशक ने इस संबंध में सभी डीईओ को पत्र भेजा है। जिलों को निर्देश है कि स्कूलों की जांच कर उसकी रिपोर्ट विभाग को उपलब्ध कराएं। स्कूलों की जांच में यह भी देखा जाएगा कि राज्य सरकार से प्रस्वीकृति प्राप्त है या नहीं। कक्षा एक से आठ तक में गरीब बच्चों का 25 प्रतिशत सीटों पर स्कूलों को नामांकन लेना है, उसकी क्या स्थिति है? जिलों को भेजे गये पत्र में यह भी कहा गया है कि राज्य के 10,702 स्कूलों के द्वारा अब-तक प्रस्वीकृति ली गयी है। इनमें मात्र 5851 ने ही ज्ञानदीप पोर्टल पर स्कूल का निबंधन कराया है। जिलों को यह भी निर्देश है कि सभी स्कूलों का ज्ञानदीप पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित कराएं। विभाग ने इस बात पर नाराजगी जतायी है कि पूर्व में भी यह निर्देश दिया गया था कि सभी स्कूलों का ज्ञानदीप पोर्टल पर निबंधन करायें, पर नतीजे बेहतर नहीं हैं। शिक्षा विभाग इन दिनों में विद्यालयों में लगातार निरीक्षण अभियान चला रहा है। स्कूलों से नदारद पाए जाने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है।

# राज्य के सभी डीईओ-डीपीओ का बंद वेतन हुआ चालू

निज संवाददाता

**पटना।** राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (डीपीओ स्थापना) का बंद वेतन अब चालू कर दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने गुरुवार को आदेश जारी कर दिया है। बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से बहाल शिक्षकों के वेतन भुगतान में देरी के कारण विभाग ने उक्त पदाधिकारियों का वेतन बंद किया था। विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर वेतन चालू कर दिया गया है। विभाग के निदेशक प्रशासन सुबोध द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षकों के वेतन भुगतान में बरती गयी लापरवही के कारण सभी डीईओ-डीपीओ के अप्रैल माह के वेतन भुगतान पर पाबंदी लगा दी गयी थी। इस संबंध में डीईओ और डीपीओ से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। पदाधिकारियों के स्पष्टीकरण की समीक्षा और शिक्षकों का वेतन भुगतान होने के बाद विभाग ने इन पदाधिकरियों को भी राहत दी है।

# डीएम-एसपी ने किया कंट्रोल रूम व डिस्पैच सेंटर का औचक निरीक्षण



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम ने गुरुवार को काराकाट संसदीय सीट के चुनाव के लिए यहां बनाए गए कंट्रोल रूम एवं डिस्पैच सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारीद्वय ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# 14 जून को नीट का रिजल्ट

निज संवाददाता | पटना

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) 14 जून को नीट का रिजल्ट जारी करेगी। मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा पांच मई को हुई थी। इसमें देशभर के करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया है। बिहार से एक लाख 39 हजार छात्र इसमें शामिल हुए थे। अब अभ्यर्थियों को नीट आंसर-की का इंतजार है। एनटीए जल्द ही नीट यूजी आंसर-की जारी करेगी। वेबसाइट exams.nta.ac.in/NEET या neet.ntaonline.in पर आंसर-की डाउनलोड कर सकेंगे। 28 मई को आंसर-की से उम्मीदवार अपने नीट स्कोर का भी अंदाजा लगा सकते हैं। जून के अंतिम सप्ताह से दाखिले की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। नीट यूजी स्कोर 2024 का उपयोग देशभर के मेडिकल और डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस, बीडीएस कोर्सों में प्रवेश के लिए किया जा सकता है। नीट 2024 का प्रश्न पत्र कुल 720 अंकों का था, जिसमें भौतिकी, रसायन शास्त्र, बॉटनी, जन्तु विज्ञान से प्रश्न थे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए उम्मीदवारों को चार अंक दिये जायेंगे। वहीं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा लिया जाएगा। जो उम्मीदवार नीट यूजी आंसर-की से संतुष्ट नहीं होंगे वे इसके खिलाफ अपनी आपत्ति भी दर्ज करा सकेंगे। हालांकि नीट यूजी आंसर-की पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए उम्मीदवारों को अपेक्षित राशि का भी भुगतान करना होगा। इसके बाद विषय के विशेषज्ञों की ओर से उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों की जांच करेंगे और सही पाये जाने पर उत्तर में बदलाव करेंगे। इसके बाद नीट यूजी का फाइनल आंसर-की जारी की जायेगी।

# नेपाल और यूपी की सीमा पर अलर्ट, एसएसबी के जवानों को किया गया तैनात

निज संवाददाता

**पटना।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में बिहार में आठ सीटों पर शनिवार को एक साथ वोट डाले जाएंगे। इनमें आधा दर्जन सीटें नेपाल और उत्तरप्रदेश की सीमा से सटी हैं। इसको लेकर नेपाल और उत्तरप्रदेश की सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। इस चरण में 60 हजार से अधिक सुरक्षा बलों को लगाया गया है। इसके अलावा 18 हजार से अधिक गृहरक्षकों को भी चुनावी ड्यूटी में लगाया गया है। छपरा में हुई चुनावी हिंसा के बाद महाराजगंज में विशेष चौकसी बरती जा रही है। पुलिस मुख्यालय के स्तर से संबंधित जिलों में इंटरनेट मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग यूनिट इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित खबरों, फेसबुक-एक्स पोस्ट और यूट्यूब के वीडियो आदि पर नजर रख रहा है। किसी भी तरह के आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक खबर को अविलंब हटाते हुए संबंधित पर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, छठे चरण के चुनाव में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सभी बूथों पर सशस्त्र सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। अभी तक पहले चरण में चार जबकि अन्य चार चरणों में पांच-पांच सीटों पर एक साथ मतदान हुआ है। इस बार पुलिस-प्रशासन के लिए चुनौती इसलिए भी अधिक है क्योंकि लगभग दोगुने क्षेत्र में एक साथ मतदान हो रहा है। वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण और शिवहर लोकसभा सीट की सीमा जहां नेपाल से सटी है, वहीं वाल्मीकिनगर, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सिवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश से सीमा साझा करते हैं। इसके अलावा वैशाली और पूर्वी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में भी मतदान होना है। नेपाल की सीमा पर एसएसबी के जवानों को लगाया गया है। सीमा पर अतिरिक्त चेकपोस्ट भी बनाए गए हैं। नेपाली सुरक्षा बलों के साथ भी संयुक्त गश्ती की जा रही है।

# पिछले 10 महीने में 27 हजार शिक्षकों का कटा वेतन

निज संवाददाता

पटना। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक की सख्ती का असर साफ दिख रहा है। बिना बताए स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षकों के वेतन कटौती का ग्राफ हाई है। बिहार में पिछले 10 महीने में 32 हजार 828 शिक्षकों के वेतन काटने की अनुशंसा की गई है। ये शिक्षक औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल में नहीं पाए गए हैं। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार के के पाठक राज्यभर के सरकारी स्कूलों में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों का वेतन काटकर अनुशासनात्मक कार्रवाई कर रहे हैं। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान अब तक बिना सूचना के गायब रहने वाले 32 हजार 828 शिक्षकों के वेतन कटौती की अनुशंसा की गई है। वहीं बीते 10 महीनों के अंदर राज्य के लगभग 27 हजार शिक्षकों का वेतन काटा जा चुका है। आईएएस के के पाठक की सख्ती का असर पूरे राज्य में देखने को मिला है, लेकिन वेतन कटौती में सर्वाधिक संख्या दरभंगा जिले की है। यहां 3 हजार 884 शिक्षक पर गाज गिरी है। बिना सूचना के गायब रहने वाले ज्यादा शिक्षकों की संख्या में दूसरा जिला सीएम नीतीश का गृह जिला नालंदा है। नालंदा ऐसा जिला है, जहां तीन हजार शिक्षकों के वेतन की कटौती हुई है। शिक्षा विभाग के आंकड़ा बताता है कि वेतन कटौती की अनुशंसा सबसे अधिक नालंदा से आई है। बिहार का शिवहर जिला वेतन कटौती में सबसे नीचे है। शिवहर जिले में सिर्फ 57 शिक्षकों के वेतन काटे गए हैं। दरभंगा और नालंदा के बाद सबसे अधिक 1 हजार 677 शिक्षकों का वेतन सारण जिले में कटा है। औरंगाबाद में 1 हजार 332, भागलपुर में 1 हजार 132, नवादा में 1 हजार 48, सुपौल में 994, पूर्वी चंपारण में 921, अररिया में 918, मधुबनी में 888, समस्तीपुर में 775, बेगूसराय में 756 और सीतामढ़ी में 715 शिक्षकों का वेतन काटा गया है। दरअसल, शिक्षा विभाग में आईएएस के के पाठक एसीएस की कुर्सी संभालते हीं स्कूलों पर सख्ती शुरू हो गई थी। अपर मुख्य सचिव के के पाठक के आदेश के बाद पिछले साल से सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण शुरू किया गया। के के पाठक ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि निरीक्षण में गायब मिलने वाले शिक्षकों का एक दिन का वेतन काटा जाए।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है।
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433